रांची, गुरुवार
11.12.2025
वर्ष : 11, अंक : 11 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | @bihanbharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम हेमंत सोरेन

बिभा संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को झारखंड विधानसभा में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) के निदेशक मंडल की चतुर्थ बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, किसानों की आय वृद्धि, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने और प्रशिक्षण एवं विपणन तंत्र को सशक्त बनाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और कई प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र में अत्यधिक संभावनाएं हैं। किसानों को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को खेती के प्रत्येक चरण–उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण से लेकर विपणन तक–पूर्ण सहयोग देना है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई की बेहतर सुविधा और बाजार तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों के उचित मूल्य का भुगतान समय पर हो, ताकि उनका मनोबल बढ़े और वे आर्थिक रूप से सशक्त हों। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए किसानों की समृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जलस्त्रोतों के संरक्षण और चेक डैमों की मरम्मत और देखरेख की जरूरत पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि इन जल संरचनाओं की देखरेख की जिम्मेदारी किसानों के समूहों या जलसहिया समितियों को सौंपी जानी चाहिए, ताकि स्थानीय स्तर पर स्वामित्व और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित हो सके। इस पहल से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण आजीविका को भी स्थायी आधार प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के हित में एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन विकसित की जाए। इस एप के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों के किसान अपनी फसलों, आवश्यक कृषि सामग्रियों, मार्केटिंग की स्थिति और बाजार संबंधी जानकारी को सीधे डिजिटल माध्यम से साझा कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डिजिटल पहल से किसानों को न केवल अपने उत्पादों के बेहतर मूल्य निर्धारण में सहायता मिलेगी, बल्कि उन्हें बाजार की वास्तविक स्थिति की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कृषि विभाग का एक स्थानीय पोर्टल विकसित किया जाए, जिसके माध्यम से उपभोक्ता सीधे किसानों से जुड़कर कृषि उत्पादों की खरीद कर सकें। इस व्यवस्था से किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक पारदर्शी एवं लाभकारी संपर्क स्थापित होगा। इससे बिचौलियों की भूमिका घटेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में लाह, इमली, कोदो, कुटकी, चिरौंजी, महुआ, करंज, रेशम और तसर जैसे झारखंड के विशिष्ट वनोपजों के उत्पादन, प्रसंस्करण और मार्केटिंग को सुदृढ़ करने की जरूरत पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में कार्ययोजना तैयार कर समय पर क्रियान्वयन करें, ताकि राज्य के किसानों और वनोपज संग्राहकों को इसका सीधा आर्थिक लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि कृषि एवं वनोपज आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करे।

बैठक में सिद्धो-कान्हू कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (सिद्धकोफेड) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिए विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, बजट और कार्ययोजनाओं पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इस दौरान लाह, बीज, तसर सहित राज्य के प्रमुख कृषि-वनोपज उत्पादों के उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देने से संबंधित नीतिगत निर्णय लिया गया।

बैठक में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव अबु बकर सिद्दीक, प्रशांत कुमार, कृपानंद झा, अरवा राजकमल सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी और आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्पाइसजेट ने की 100 अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा

**नई दिल्ली:** इंडिगो संकट के बीच किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने विंटर शिड्यूल के दौरान रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने बुधवार को एक बयान में कहा कि ऽमहत्वपूर्ण मार्गों पर बढ़ती मांगऽ के मद्देनजर उसकी योजना रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की है। नियामकीय मंजूरियां मिलने के बाद ये उड़ानें शुरू की जा सकेंगी। उल्लेखनीय है कि इंडिगो संकट के बीच नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो को विंडर शिड्यूल की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद उसे रोजाना 210 से अधिक उड़ानें कम करनी होंगी। उनकी जगह दूसरी एयरलाइंस को मौका दिया जायेगा। स्पाइसजेट की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि पिछले दो महीने में उसके बेड़े में विमानों की संख्या में 17 की वृद्धि हुई है। इसके कारण उसके पास इस अवसर का लाभ उठाने की क्षमता है। साथ ही, विंटर शिड्यूल के दौरान कई और विमानों को बेड़े में शामिल करने की उसकी योजाना है।

### पीएम मोदी से मिले माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला



**नई दिल्ली।** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने बुधवार को कहा कि वह भारत में उनकी कंपनी की ओर से स्थापित की जा रही डेटा सेंटर क्षमता को लेकर उत्साहित हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कंपनी की निवेश योजना पर चर्चा की है। नडेला ने देश के कृत्रिम मेधा (एआई)-प्रधान भविष्य के लिए बुनियादी ढांचे और संप्रभु क्षमताओं के निर्माण में मदद करने के लिए 2030 तक 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की है जो पिछले दो महीनों में देश में तीसरा बड़ा एआई-संचालित निवेश है।

## विधानसभा में झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक पास

### निजी विश्वविद्यालयों के चार पुराने विधेयक वापस

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को दोपहर की कार्यवाही महत्वपूर्ण रही। सदन ने चार निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित पुराने विधेयक वापस लिए और बहुचर्चित झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 को बहस के बाद पास कर दिया। सदन को बताया गया कि निजी विश्वविद्यालय स्थापना मापदंडों और प्रक्रियाओं में हुए व्यापक बदलाव की पृष्ठभूमि में यह फैसला लिया गया है।

राज्य सरकार की ओर से वापस लिए गए विधेयकों में दो अगस्त 2023 को विधानसभा की ओर से पारित सी. वी. रमण ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और आरोग्यम इंटरनेशनल



विश्वविद्यालय विधेयक-2023 हैं। इसके अलावे 21 मार्च 2023 को पारित जैन विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और 20 दिसंबर 2023 को पारित शाईन नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 के नाम शामिल हैं।

वापस लिए गए इन सभी विधेयकों को सरकार अब नई प्रक्रिया के अनुरूप फिर से तैयार करना चाहती है। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने बताया कि पांच दिसंबर से अबतक बारह निवेदन स्वीकृत हुए हैं, जिन्हें संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। इससे पहले आज विधानसभा की कार्यवाही दूसरी पाली में दोपहर 2:09 बजे जैसे शुरू हुई, पर्यटन संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों के विधायकों ने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के भटिंडा फॉल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले वहां शूटिंग होती थी। बड़ी संख्या लोगों की आवाजाही थी। सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के लिए लोग यहां जमा होते थे। यहां पर्यटन की परंपरा संभावनाएं हैं, लेकिन आज उसकी बदहाली से लोग रोज डूब रहे हैं। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों को सहयोग और बंद खदानों के सौंदर्यीकरण की मांग की और कहा कि संशोधन विधेयक को प्रवर समिति में भेजना चाहिए।

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि जिस क्षेत्र में पर्यटन स्थल है, उस विधानसभा क्षेत्र के विधायक को समिति में नामित किया जाए, ताकि प्रबंधन और विकास योजनाओं को जमीन पर बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। इसी बीच विधायक जयराम महतो ने भी सदन में संशोधन मंत०?य रखा। उन?होंने कहा कि संबं?धित पर्यटन क्षेत्र यदि दो जिला क्षेत्रों में आता है, तो ऐसी बातों को देखते हुए संशोधन आवश?यक है।

विधायकों के सभी सुझावों को सुनने के बाद विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रभारी मंत्री सुदीप्या कुमार ने स्पष्ट किया कि सरकार का मानना ??है कि एक छोटी और सक्षम समिति के साथ पर्यटन प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा और झारखंड के पर्यटन उद्योग को एक नई दिशा मिलेगी। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, यह विधेयक लाया गया है, जिसमें एक पर्यटन प्राधिकरण का गठन किया गया है, जो मुख्य रूप से प्रबंधन के लिए बनाए गए पर्यटन क्षेत्र के रखरखाव और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाएगा।

उन्होंने कहा कि जिले के उप आयुक्त अध्यक्ष होंगे और जिला आयुक्त आयुक्त होंगे। प्रस्तावित संशोधन के तहत, पर्यटन स्थलों में एक विशेष प्रशासनिक इकाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले वाहनों से कर वसूलेगी, जिससे राजस्व बढ़ाने में मदद मिलेगी। वे पर्यटन क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने और पार्किंग सुविधाओं का विकास करने सहित अन्य जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। नियमों के उल्लंघन पर आर्थिक दंड का भी प्रावधान है। इसलिए, इस मामले को चयन समिति के पास भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है।

इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने सदन पटल से विधेयक पास किया और सदन की कार्यवाही 2:40 बजे दोपहर को अगले दिन 11 दिसंबर 2025 सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## प्रत्येक नागरिक की गरिमा और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं हो सकता : राष्ट्रपति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रत्येक नागरिक की गरिमा और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। भारत की सांस्कृतिक परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर आधारित है, जो सार्वभौमिक मानवाधिकारों की भावना को मजबूत करती है।

राजधानी दिल्ली में हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन, आयोग के सदस्य न्यायमूर्ति बिद्युत रंजन सारंगी, विजया भारती सयानी, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पीके मिश्रा तथा संयुक्त राष्ट्र महासचिव की समन्वयक अरेती सिएनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रपति मूमू ने आयोग के हिंदी जर्नल नई दिशाएं और अंग्रेजी जर्नल जर्नल आफ द एनएचआरसी का वर्ष 2024- 25 का संस्करण जारी किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत ने सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा पत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उसकी मूल भावना मानव गरिमा, समानता और स्वतंत्रता भारत की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने मानवाधिकार, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय को एक दूसरे से अविभाज्य बताया था। राष्ट्रपति ने कहा कि एनएचआरसी ने हाल के वर्षों में अनुसूचित जातियों, जनजातियों, महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान दिया है। आयोग 3000 से अधिक मामलों में स्वप्रेरणा से कार्यवाही कर चुका है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार और विकास परस्पर जुड़े हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छ पानी, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं सभी नागरिकों तक पहुंचाना मानवाधिकारों की पूर्ति का आधार है।

## इंडिगो संकट पर नजर रखेगा डीजीसीए, आठ सदस्यीय निगरानी दल गठित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के हालिया संकट के बीच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन इंडिगो पर निगरानी कड़ी कर दी है। डीजीसीए ने बुधवार को आठ सदस्यों वाली निगरानी टीम गठित की है, जिसमें दो सदस्यों को इंडिगो के कॉरपोरेट कार्यालय में तैनात किया जाएगा।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जारी आदेश में कहा कि राहुल भाटिया के नियंत्रण वाली एयरलाइन कंपनी इंडिगों में चालक दल की कमी के कारण बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने के बाद 8 सदस्यीय निगरानी दल गठित किया गया है। इस निगरानी दल में एक उपमुख्य उड़ान संचालन निरीक्षक, वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक और दो अन्य उड़ान संचालन निरीक्षक शामिल होंगे। इनमें से दो सदस्य रोजाना इंडिगो के मुख्य कार्यालय में तैनात रहेंगे। उन्हें एयरलाइन के पूरे बेड़े, औसत उड़ान दूरी, कुल पायलटों की संख्या, नेटवर्क विवरण, चालक दल के सेवा के घंटे, प्रशिक्षण में लगे चालक दल और अन्य संबंधित मामलों की निगरानी करनी होगी।

## चुनाव आयोग पर आरोप लगाकर लोकतंत्र को धूमिल कर रहा विपक्ष : शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली:** गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद करार देते हुए कहा है कि जनता को गुमराह करने की उनकी रणनीति के कारण भारतीय लोकतंत्र की छवि प्रभावित हो रही है।

श्री शाह ने बुधवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर दो दिनों तक हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि इस मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को भी



कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया है और कहा है कि उसके इशारे पर चुनाव आयोग काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग अपना काम अपने हिसाब से करता है और उसे कोई रोक भी नहीं सकता है क्योंकि संविधान ने उसे देश में अपने हिसाब से निष्पक्ष चुनाव कराने का अधिकार दिया है। आयोग की लोकसभा, राज्य सभा, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, विधानसभाओं के चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। आयोग कब और कैसे चुनाव कराता है इससे सरकार का कोई मतलब नहीं होता है और एसआईआर का काम भी आयोग ने ही शुरू किया है। इस पर विपक्ष का सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप निराधार है। उनका कहना था कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उस पर सरकार का दखल नहीं चलता है।

विपक्ष ने चुनाव सुधारों को लेकर श्री शाह की बातों पर असहमति जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

गृहमंत्री ने कहा कि एसआईआर चुनाव आयोग का फैसला है और उन्हें लगता है कि देश में निष्पक्ष और स्वच्छ चुनाव के लिए यह फैसला उचित है। उन्होंने एसआईआर को मतदाता सूची शुद्धि की प्रक्रिया बताया और कहा कि एक साफ सुथरी मतदाता सूची के तहत लोगों से मतदान कराना चुनाव आयोग का दायित्व है और एसआईआर की उसकी प्रक्रिया इसी दायित्व के निर्वहन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची तैयार करना और उसमें नाम जोड़ने तथा हटाने की प्रक्रिया चलाने का अधिकार संविधान ने उसे दिया है और 1995 में हुए उच्चतम न्यायालय ने भी कहा है कि नाम जोड़ने और हटाने का अधिकार सिर्फ रिटर्निंग आफिसर को है। मतदाता सूची में शामिल होने के लिए पहली शर्त आयोग की यही है कि जिसका नाम मतदाता सूची में रखा जा रहा है वह भारत का नागरिक हो और दूसरी शर्त है कि उसकी उम्र 18 साल हो।

## दीपावली, यूनेस्को की विरासत की सूची में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के प्रमुख पर्व दीपावली को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है।

दीपावली महापर्व के शिलालेख को संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, मंत्रालय में सचिव विवेक अग्रवाल, वरिष्ठ अधिकारियों और 194 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और यूनेस्को के वैश्विक नेटवर्क के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बुधवार को यहां लाल किला में आयोजित यूनेस्को अंतर-सरकारी समिति के 20वें सत्र के दौरान मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में अंकित किया गया।

श्री शेखावत ने इस दौरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिलालेख भारत और विश्वभर के उन समुदायों के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है जो दीपावली की शाश्वत भावना को जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' के सार्वभौमिक संदेश का प्रतीक है, जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने की भावना को दशार्ता है और आशा, नवजीवन तथा सद्भाव का प्रतिनिधित्व करता है।

इस महापर्व की जीवंतता और जन-केंद्रित प्रकृति का उल्लेख करते हुए उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दीपावली उत्सव के पीछे लाखों लोगों का योगदान होता है, जिनमें दीये बनाने वाले कुम्हार, उत्सव की सजावट करने वाले कारीगर, किसान, मिठाई बनाने वाले, पुजारी और सदियों पुरानी परंपराओं को निभाने वाले परिवार शामिल हैं।

इस पर्व की महत्ता में प्रवासी भारतीयों की जीवंत भूमिका को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका, खाड़ी देशों, यूरोप और कैरेबियन में मनाए जाने वाले दीपावली समारोहों ने दीपावली के संदेश को महाद्वीपों में फैलाया और सांस्कृतिक सेतुओं को मजबूत किया है। यह शिलालेख विरासत की रक्षा करने और इसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने की नयी जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से दीपावली की एकता की भावना को अपनाने और भारत की समृद्ध अमूर्त सांस्कृतिक परंपराओं का समर्थन जारी रखने का आग्रह किया।

संस्कृति मंत्रालय ने कहा कि दीपावली का शिलालेख भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के बारे में वैश्विक जागरूकता को बढ़ावा देगा तथा भावी पीढ़ियों के लिए समुदाय-आधारित परंपराओं की रक्षा के प्रयासों को सुदृढ़ करेगा। दीपावली विभिन्न क्षेत्रों, समुदायों तथा वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय में मनाए जाने वाले जन त्योहार के रूप में मान्यता प्राप्त एकता, नवीनीकरण और सामाजिक सामंजस्य के सिद्धांतों के प्रतीक का त्योहार है। दीये जलाना, रंगोली बनाना, पारंपरिक शिल्पकला, अनुष्ठान, सामुदायिक समारोह और पीढ़ी दर पीढ़ी ज्ञान का हस्तांतरण इसकी जीवंतता और भौगोलिकता की सीमाओं के अनुकूलन की क्षमता को दशार्ता हैं।

## अब रेलवे स्टेशन बनेंगे लग्जरी हब, 1300 स्टेशनों का होगा कायाकल्प

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने लोकसभा में बुधवार को कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1300 से अधिक स्टेशनों का पुनर्निर्माण चल रहा है जिसमें 160 स्टेशन का काम पूरा हो चुका है। वैष्णव ने प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के गोडम नागेश के सवाल पर कहा कि देश भर में करीब सात हजार स्टेशन है।

स्टेशन का ग्रेड तय करने के लिए वहां सवारियों की आवाजाही पर निर्भर करता है। सरकार ने पुनर्निर्माण करने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना चलायी है। उन्होंने कहा कि1300 से अधिक स्टेशनों का पुनर्निर्माण चल रहा है। एक सौ साठ स्टेशन का काम हो चुका है। पहले स्टेशन की सिर्फ रंगाई पुताई होता था अब आगामी पचास साल जरूरतों के हिसाब से स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। यह एक नयी पहल की गयी है। स्टेशन की पार्किंग को भी विकसित करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि देश भर में हाइजीन पर 11 वर्षों में काफी परिवर्तन आया है। इससे पहले वहां किस तरह का वातावरण था उससे सभी अवगत है। सफाई का अब नया मानक तय किया गया है।

# आपसी बंटवारा नामा एवं उत्तराधिकारी दाखिल खारिज संबंधित मामलों में लंबित मामलों निपटाएं : उपायुक्त

बिभा संवाददाता

**रामगढ़ः** बुधवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में राजस्व संबंधीत कार्यों, राजस्व संग्रहण एवं नीलाम पत्र वादों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक के दौरान सर्वप्रथम मैनेजर आईटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को क्रमवार रूप से विभागों द्वारा निर्धारित राजस्व के लक्ष्यों के अनुरूप अब तक हुए राजस्व की प्राप्ति को लेकर जानकारी दी गई। साथ ही राजस्व न्यायालय के पोर्टल एवं पोर्टल पर आए मामलों आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई।



बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी विभागों से क्रमवार वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अब तक कि गयी प्राप्ति के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने राजस्व प्राप्ति के तहत संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने वाले विभागों के अधिकारियों को तत्काल रूप से इस पर गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं ससमय लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।
नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अंचलवार लंबित मामलों को लेकर संबंधित अंचल अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में सभी अंचल अधिकारियों को मामलों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार नोटिस जारी करने तथा संबंधित बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। ई रिवेन्यू कोर्ट संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को तीव्र गति से मामलों को निष्पादित करने को लेकर नियमित रूप मामलों की सुनवाई करने तथा कॉज लिस्ट अपडेट करने सहित अन्य निर्देश दिए गए। दाखिल खारिज संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत ससमय मामलों को निष्पादित करने, बिना किसी वैध कारण के किसी भी हाल में कोई भी दाखिल खारिज से संबंधित मामला रिजेक्ट नहीं करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए।
बैठक के दौरान उपायुक्त ने आपसी बटवारा नामा एवं उत्तराधिकारी दाखिल खारिज संबंधित मामलों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने एवं तीव्र गति से मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। पोसेजन म्यूटेशन संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में लंबित मामलों में एजेंसियों के साथ समन्वय करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने भूमि संबंधित विभिन्न दस्तावेजों में सुधार हेतु परिशोधन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को ससमय निष्पादित करने, जमीन मापी संबंधित मामलों में तीव्र गति से कार्य पूर्ण करने, अवैध जमाबंदी संबंधित मामलों में प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, जीएम लैंड सर्वे का कार्य तीव्र गति से पूर्ण करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता जिला स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की बैठकें न होने से बस मालिक आर्थिक संकट में : संजीव सरदार

बिभा संवाददाता

**जमशेदपुरः** झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में पोटका के विधायक संजीव सरदार ने राज्य के बस मालिकों और परिवहन व्यवस्था से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे को जोरदार तरीके से सदन में उठाया। उन्होंने सदन में बताया कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 68 के अंतर्गत गठित झारखंड क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार (आरटीए) की बैठकें वर्षों से आयोजित नहीं हो पा रही हैं। राज्य के पाँचों प्रमंडलों में लगातार लंबित बैठकों के कारण परिवहन सेवाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है।
विधायक संजीव सरदार ने कहा कि आरटीए बैठकों के आयोजित न होने से बस मालिक गहरी आर्थिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। बीमा दावों का निपटारा, वैध



परमिट का नवीनीकरण, रूट आवंटन, टैक्स से जुड़े मुद्दे–सब प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल बस मालिक, बल्कि पूरा ग्रामीण परिवहन तंत्र बाधित हो रहा है और इससे आम जनता भी प्रभावित होती है। सरकार से आग्रह किया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 68 के अनुरूप झारखंड आरटीए की नियमित बैठकें तुरंत बहाल की जाएं तथा लंबित कार्यों का निपटारा समयबद्ध रूप से किया जाए।

## स्तरीय खनिज टास्क फोर्स को क्रियाशील करने एवं अवैध कारोबारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई का निर्देश

बिभा संवाददाता

**जमशेदपुर :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय, पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार शिवाशीष, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर भगीरथ प्रसाद, एसडीएम धालभूम चंद्रजीत सिंह, एसडीपीओ घाटशिला अजीत कुजूर, डीएमओ सतीश नायक समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे वहीं अंचलाधिकारी तथा थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।
बैठक में पिछले तीन माह में जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु गठित टास्क फोर्स, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई को संतोषजनक नहीं पाये जाने पर बहरागोड़ा, चाकुलिया, जमशेदपुर को छोड़कर अन्य सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित अंचल के थाना प्रभारियों को उपायुक्त द्वारा शो-कॉज करने का निर्देश दिया गया। उन्होने स्पष्ट कहा कि किसी अंचल में खनिजों का अवैध खनन और परिवहन की स्थिति में संबंधित सीओ और थाना प्रभारी की जवाबदेही तय होगी। सभी अंचल अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहते हुए खनन माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने का निदेश दिया।
उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को बालू की कालाबाजारी रोकने, अवैध स्टॉक के विरूद्ध अभियान चला कर कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने तथा जब्त लघु खनिजों की नीलामी कराकर राजस्व बढ़ाने का निदेश दिया। साथ ही लाइसेंसी बालू डीलर के स्टॉक यार्ड से आम नागरिक वैध तरीके से कैसे बालू की खरीदारी कर सकते हैं इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार का निदेश दिया गया।
उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन की ओर से निरंतर अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी व्यक्तियों, संचालकों एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमों के अनुरूप कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों खनन, पुलिस, वन, परिवहन एवं प्रदूषण नियंत्रण को आपसी तालमेल और त्वरित सूचना आदान-प्रदान के साथ अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि खनिज संपदा की सुरक्षा, राजस्व वृद्धि एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होने कहा कि जनहित और राज्यहित में खनन गतिविधियों को पूरी तरह कानून के दायरे में संचालित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए प्रशासन हर स्तर पर सख्त रुख अपनाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत समिति सदस्य ने सरकार आपके द्वार शिविर में जमा मईयां योजना आवेदनों की प्रगति रिपोर्ट को लेकर अधिकारियों से की गई वार्ता

**जमशेदपुर(बिभा)।** सरकार आपके द्वार शिविर कार्यक्रम के दौरान हजारों महिलाओं द्वारा जमा किए गए मैया योजना के आवेदनों की प्रगति रिपोर्ट जानने के लिए पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता एवं किशोर सिंह ने सामाजिक सुरक्षा कोषांग की सहायक निदेशक नेहा संजना खलखो से विस्तृत चर्चा की। वार्ता के दौरान दोनों पंचायत समिति सदस्यों ने मैया सम्मान योजना के लंबित आवेदनों की प्रगति रिपोर्ट, लंबे समय से बंद पड़े पोर्टल को दोबारा खोलने, शिविर में शामिल न हो सकी महिलाओं के नए आवेदन स्वीकार करने, तथा आवेदन जमा होने के बाद प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर जानकारी मांगी। हालाँकि सहायक निदेशक नेहा संजना खलखो ने बताया कि फिलहाल मैया सम्मान योजना का पोर्टल बंद है, इसलिए इसके खुलने या प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने में वे असमर्थ हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो महिलाएँ आवेदन जमा नहीं कर सकीं, वे अपने दस्तावेज प्रखंड विकास कार्यालय में जमा कर सकती हैं और वहीं से प्राप्ति रसीद प्राप्त कर सकती हैं।

### पुलिस व खंडेलवाल की सक्रियता से राजस्थान के मृतक की हुई पहचान

**रामगढ़ (बिभा):** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली कि काजु बगान गण्डके घाटी के जंगल में एक अज्ञात पुरुष का शव पडा हुआ है। प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए पु०नि० - सह - थाना प्रभारी रामगढ़ को अवगत कराते हुए अज्ञात पुरूष शव का पहचान एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। पु०नि०- सह - थाना प्रभारी, रामगढ़ के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए काजु बगान गण्डके घाटी के जंगल में पहुँच कर अज्ञात शव को अपने कब्जे में लेकर जॉच पड़ताल किया गया। जाँच पड़ताल के क्रम में जंगल में एक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मोबाईल एवं मृतक के पॉकेट से पर्स मिला, जिसमें से 1200 /- रूपया मिला। अज्ञात शव के पहचान हेतु पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मोबाईल को रियलमी सर्विस सेंटर बिजुलिया, रामगढ़ के मालिक पीयुष खण्डेलवाल को ले जाकर मोबाईल का आईएमईआई नंबर निकालने हेतु दिया गया, जिनके अथक प्रयास से उक्त टुटे मोबाईल का आईएमईआई नंबर प्राप्त हुआ। एसपी ने बताया कि पीयुष खण्डेलवाल के प्रयास से अज्ञात का शव पहचान किया गया। मृतक का पहचान महावीर सिंह चुण्डावत, पिता केशर सिंह चुण्डावत, ग्राम-ठणका, थाना-दिवेर, जिला- राजसमंद, राज्य राजस्थान के रूप में किया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अज्ञात शव के पहचान में सहयोग करने के लिए रियलमी सर्विस सेंटर बिजुलिया, रामगढ़ के मालिक पीयुष खण्डेलवाल को प्रशिस्त पत्र प्रदान कर सम्मानित करने की बात बताई गई है।

### जिले भर के 17 लैम्पस केन्द्र में किया जाएगा धान खरीदगी



**खूँटी(बिभा)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को उपायुक्त आर रॉनिटा के द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति योजना को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति की बैठक कराई गई। उपायुक्त के निर्देश पर बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी भीम उराँव द्वारा खूँटी जिले में 17 लैम्प्स केंद्र स्थापित करने एवं 4 राइस मिल को टैग करने का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, ताकि किसानों से सुचारू रूप से धान अधिप्राप्ति की जा सके। समिति द्वारा सर्वसम्मति से 17 लैम्प्स केंद्र एवं 4 राइस मिल के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व वर्षों में किसानों को धान अधिप्राप्ति के बाद किस्तों में भुगतान किया जाता था, किन्तु इस वर्ष से पहली बार सरकार द्वारा एकमुश्त भुगतान करने का प्रावधान किया गया है। जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और भुगतान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं सरल होगी। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर से सभी लैम्प्स केंद्र में धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ होना प्रस्तावित है। उपायुक्त ने समय पर सभी लैंप्स केंद्रों के अधिष्ठापन, लैम्प्स केंद्रों पर जन सेवक, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी समेत अन्य की प्रतिनियुक्ति एवं किसानों के अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने तथा सरकार के निदेर्शानुसार धान अधिप्राप्ति कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। निबंधन के लिए किसान ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन पत्र भरकर आपूर्ति कार्यालय में जमा कर सकते है। इस बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, मंडल प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम रांची, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र खूँटी समेत संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विश्व मानवाधिकार दिवस आज मनाया जाएगा

**खूँटी(बिभा)।** डाक बंगला रोड निरीक्षण भवन में आज विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल ह्यूमन राईटस एसोसिएशन झारखंड राज्य द्वारा संगठन का 75 वीं वर्षगाँठ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकार की जज राजश्री अपर्णा कुजूर और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो मानवाधिकार के विषय पर अपना विचार व्यक्त करेंगे। इस कार्यक्रम की जानकारी तपन घोष ने दी।

पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर विलेज निर्माण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# ग्रामीण सौर ऊर्जा अपनाकर 'ग्रीन विलेज, क्लीन विलेज' की दिशा में आगे बढ़ें : उपायुक्त

बिभा संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार में पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मॉडल सोलर विलेज निर्माण के प्रगति की समीक्षा बैठक उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व के जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश के अनुपालन पर चर्चा हुई तथा सभी संबंधित बीडीओ से ग्राउंड रिपोर्ट प्राप्त किया गया। बीडीओ द्वारा दस चयनित गांवों में वर्तमान में सोलर ऊर्जा से कौन-कौन से योजना संचालित है, और किस योजना का संचालन किया जा सकता है जिससे एक बड़े वर्ग समूह को फायदा हो इसपर विस्तार से विमर्श किया गया।



गौरतलब है कि मॉडल सोलर विलेज निर्माण के लिए जिले के 7 प्रखंडों के 10 गांवों का चयन किया गया है, जिनमें मुसाबनी प्रखंड में पारूलिया और धोबनी, धालभूमगढ़ में कोकपाड़ा-नरसिंहगढ़, घाटशिला का बड़ाजुड़ी, पोटका में हाड़तोपा और कालिकापुर, बहरागोड़ा का मानुषमुड़िया, पटमदा में बड़ा बांगुड़दा और बिडरा तथा बोड़ाम प्रखंड का बोड़ाम गांव शामिल हैं। उक्त गांवों का चयन 5000 से अधिक आबादी वाले गांव अथवा जिले में ऐसे 10 गांव के नहीं होने पर अधिकतम आबादी वाले गांवों के रूप में चिन्हित किया गया है।
उपरोक्त गांवों में दिसंबर 2025 से मई 2026 तक छह माह का चैलेंज पीरिएड निर्धारित किया गया है, इस दौरान पीएम कुसूम तथा अन्य सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का स्थापना/वितरण एवं गांवों के मध्य स्वस्थ प्रतियोगिता को प्रोत्साहित किया जाएगा। छह माह के अंत में जिस गांव में अधिकतम नवीकरणीय ऊर्जा अधिष्ठापन क्षमता होगी, उसे मॉडल सोलर विलेज घोषित किया जाएगा। विजेता गांव को 01 करोड़ रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।
उपायुक्त द्वारा सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया कि चयनित सभी गांवों में ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी दें। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सोलर योजनाओं की पात्रता, सब्सिडी एवं आवेदन प्रक्रिया स्पष्ट रूप से समझाई जाए। विभाग परस्पर समन्वय स्थापित कर योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। सरकारी भवनों की छत पर सोलर पैनल स्थापना, पीएम-कुसुम के विभिन्न घटकों का क्रियान्वयन, सोलर आधारित सिंचाई, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट लाइट आदि पर व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होने कहा कि गांवों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाएं ताकि ग्रामीण अधिकतम संख्या में सौर ऊर्जा अपनाकर 'ग्रीन विलेज, क्लीन विलेज' की दिशा में आगे बढ़ें।

## रक्तदान शिविर में छह लोगों ने किया रक्तदान

बिभा संवाददाता

खूंटी। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के बैनर तले एवं उनके सहयोग से अड़की प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को सदर अस्पताल खूंटी स्थित रक्त अधिकोष केंद्र के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का उद्घाटन डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि रक्तदान महादान होता है एक स्वस्थ व्यक्ति को अपने सामाजिक दायित्व के तहत लोगों को नई जिंदगी प्रदान करने के लिए रक्तदान जरुर करना चाहिए।
वहीं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन लगातार अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए सेवा भावना एवं समर्पण के साथ शिविर का आयोजन करते आया है उन्होंने आज के इस शिविर में आए सभी रक्तदाताओं



का हौसला बढ़ाया` प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो के बताया कि रक्तदान करने से इंसान का शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों का सही समय पर रक्त उपलब्ध करा कर जीवनरक्षक के काम आता है रक्तदान करना गर्व की बात है। फल स्वरुप राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के लोगों के द्वारा कुल 6 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष आशुतोष पुरान, समन्वयक विकेश्वर महतो ,उदय कुमार शाहू सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ आनंद किशोर उरांव, सुशांत कुमार काउंसलर निशांत झा , विकास साहू, पूनम भेंगरा सुनीता कुमारी रानी सुजीत आदि ने सहयोग किया।

# अड़की प्रखण्ड के कल्याण अस्पताल के लिए सामग्री खरीदगी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिले के अड़की प्रखण्ड में संचालित कल्याण अस्पताल के समुचित एवं प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त आर० रॉनिटा के द्वारा समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय बैठक की गई। बैठक में अस्पताल के दैनिक संचालन, चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मचारी की उपलब्धता, आवश्यक चिकित्सा सामग्रियों एवं उपकरणों की खरीद, तथा स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन से संबंधित विचार-विमर्श किया गया।
बैठक के दौरान प्रस्तुति के माध्यम से अस्पताल में बेसिक रिहैबिलिटेशन सुविधाओं, व्यापक नवीनीकरण, विद्युतीकरण, तथा डेंटल क्लिनिक, आई क्लिनिक और एनसीडी





क्लिनिक की स्थापना से जुड़ी प्रगति का अवलोकन किया गया। विभिन्न प्रकार के आवश्यक मेडिकल उपकरणों एवं संसाधनों के क्रय को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें
उपायुक्त ने समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारी स्वयं अस्पताल का निरीक्षण करें और क्रय किए जाने वाले उपकरणों एवं सामग्रियों की अद्यतन सूची पुनः तैयार करें, ताकि किसी भी आवश्यक सामग्री या मेडिकल इक्विपमेंट के छूटने की स्थिति न बने। उन्होंने प्रतिनियुक्त सभी चिकित्सकों को अनिवार्य रूप से अस्पताल में उपस्थित रहने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को निर्बाध रूप से संचालित करने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने एवं डेंटल, आई तथा एनसीडी क्लिनिक के लिए आवश्यक गुणवत्ता वाले उपकरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया।
बैठक में एनसीडी क्लिनिक के लिए प्रस्तावित उपकरणों की सूची, उनकी अनुमानित दरें तथा आवश्यक मात्रा पर भी विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी खरीद प्रक्रियाएँ पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएँ, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।
बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन के प्रतिनिधि, जिला आयुष पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई यातायात एवं सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक

# जनवरी 2025 से अबतक 273 सड़क दुर्घटनाओं में 176 की हुई मौत, 100 से अधिक लोगों की मृत्यु हेलमेट और सीटबेल्ट नहीं लगाने की लापरवाही से हुई

बिभा संवाददाता

**जमशेदपुरः** जमशेदपुर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में यातायात एवं सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार शिवाशीष, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर भगीरथ प्रसाद, एसडीएम धालभूम चंद्रजीत सिंह, एसडीपीओ घाटशिला अजीत कुजूर, डीएसपी ट्रैफिक नीरज, डीएसपी हेडक्वार्टर भोला प्रसाद व अन्य डीएसपी, एमवीआई सूरज हेंब्रम समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। बैठक में बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय, सड़क सुरक्षा



नियमों के सख्ती से अनुपालन के साथ-साथ हिट एंड रन मामलों में मुआवजा भुगतान एवं अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक में समीक्षा में यह बात सामने आई कि पूर्व से चिन्हित ब्लैक स्पॉट में पिछले छह माह में कोई सड़क दुर्घटना नहीं हुई है। नेशनल हाईवे में डिमना से बड़ाजुड़ी एवं धालभूमगढ़ से बहरागोड़ा के बीच सड़क दुर्घटनाएं रिपोर्ट की गई है जिनमें मुख्य कारण ओवरस्पीडिंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग और सुरक्षा उपायों के अनदेखी से जानमाल का नुकसान हुआ है। उपायुक्त द्वारा उक्त को लेकर आवश्यक सुरक्षात्मक कदम उठाये जाने, हाईवे में खराब पड़े स्ट्रीट लाईट के यथाशीघ्र मरम्मतीकरण का निदेश दिया गया।
सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में पाया गया कि नवंबर माह में 19 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिनमें 09 लोगों की मृत्यु तथा 09 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं जनवरी 2025 से अबतक 273 सड़क दुर्घटनाओं में 176 लोगों की मृत्यु हुई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि 100 से अधिक लोगों की जान वैसी परिस्थिति में गई जहां उन्होने हेल्मेट या सीटबेल्ट का प्रयोग नहीं किया हो। बैठक में इसपर गंभीर चिंता व्यक्त की गई तथा नागरिकों के बीच यातायात नियमों के अनुपालन एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया गया। एमवीआई को ग्रामीण क्षेत्र के थाना क्षेत्रों में भी यातायात नियमों के अनुपालन हेतु वाहन जांच अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया गया। न्यू ईयर सेलिब्रेशन के मद्देनजर उत्पाद एवं पुलिस विभाग के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अनुज्ञप्ति प्रदत्त शराब दुकानों के आसपास होटल-ढाबों, सार्वजनिक स्थलों एवं गैर लाइसेंसी स्थलों में शराब का सेवन और बिक्री नहीं हो इसे सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पेट्रोल पंप संचालकों से भी ग्राहकों को बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने के लिए निर्देशित किया गया। ड्रंक एण्ड ड्राईव पर नियंत्रण करने के लिए नियमित रूप से ब्रेथ एनेलाईजर की मदद से प्रमुख मार्गो तथा चौक चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाने, स्टंट बाइकर्स गैंग को चिन्हित कर कठोरतम कार्रवाई, मोडिफाइड साइलेंसर, हॉर्न आदि पर भी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त द्वारा हिट एंड रन के लंबित मामलों में इंश्योरेंस कंपनी के पास लंबित मामलों की पुनर्समीक्षा कर प्रभावित परिवारों को मुआवजा भुगतान हेतु निर्देशित किया गया।
मौके पर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने पर जादूगोड़ा के गुड समारिटन धरनी दास को नकद 2000 रू. एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही सरकार : मंत्री

बिभा संवाददाता



**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि इस वर्ष हेमंत सरकार राज्य में नियुक्तियों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित पड़ी आलिम-फाजिल की नियुक्तियों को शुरू किया जाना इसी नीति का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

मंत्री ने बुधवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड राज्य निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और जनहित से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

मंत्री ने अबुआ आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसेझ्रजैसे लाभुकों के आवास का निर्माण पूरा हो रहा है, उसी अनुपात में उन्हें आवास की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार की यह स्पष्ट मंशा है कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिलने में देरी न हो। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू करते हुए लोगों तक सीधा लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह जनता के हित में ठोस और प्रभावी काम करे, ताकि आम लोगों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार आ सके।

## खरसावां गोलीकांड की न्यायिक जांच कराएगी सरकार : मंत्री

**रांची।** राज्य सरकार एक जनवरी 1948 में हुए खरसावां में हुए गोलीकांड की न्यायिक जांच कराएगी। यह घोषणा मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को की। मंत्री ने कहा कि इस घटना की जांच के लिए 9 जनवरी 2015 को समिति का गठन किया गया था। मामले में व्यापिक जांच पडताल की गई थी, लेकिन अब तक घटना में दो लोगों का ही नाम सामने आ सका है। मंत्री ने कहा कि वहीं समिति की ओर से कहा गया है कि घटना के समय लगभग 50 हजार से एक लाख लोगों की भीड थी। साथ ही घटना की जांच के लिए समिति के सदस्य ओडिशा और पश्चिम बंगाल भी गए थे। मंत्री ने कहा कि खरसावां गोलीकांड को लोग दूसरा जालियावाला हत?याकांड बताते हैं। इस मामले को झामुमो के विधायक दशरथ गगराई ने उठाया। उन्होंने सरकार से घटना में मारे गये लोगों को शहीद का दर्जा देने और मृतकों की संख्या का पता लगाने के लिए जांच कराने की मांग ध्यानाकर्षण सूचना के तहत की। उन्होंने कहा कि स्थोनीय लोगों के अनुसार घटना में मारे गए लोगों के शवों को पास में मौजूद कुएं में डाल दिया गया। साथ ही ट्रक पर शवों को लादकर पहाड पर फेंक दिया गया था। विधायक ने कहा कि एक जनवरी पर जहां देशभर में नए साल का जश्नर मनाते हैं लेकिन उनके क्षेत्र के लोग नए साल में शोक में डूबे रहते हैं।

## दिल्ली स्थित झारखंड भवन में ठहरने के नियम पर सदन में सवाल, ऊर्जा विभाग गेस्ट हाउस पर भी उठे प्रश्न

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को विपक्ष ने दिल्ली स्थित झारखंड भवन और ऊर्जा विभाग के गेस्ट हाउस में ठहरने से जुड़े नियमों और व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाए। इसके साथ ही नल-जल योजना और अबुआ आवास से जुड़े मुद्दे भी सदन में उठे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड भवन में ठहरने से संबंधित नियमों को गलत बताते हुए कहा कि कैबिनेट निगरानी विभाग का यह निर्णय कि केवल विधायकों के सगे संबंधी ही झारखंड भवन में रह सकते हैं, उचित नहीं है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. रामेश्वर उरांव ने आलोक दूबे और लाल किशोर नाथ शाहदेव को ठहराने के लिए संबंधी बनाकर अनुशंसा की। मरांडी ने विधानसभा अध्यक्ष से पांच वर्षों का रजिस्टर मंगाने की मांग की, ताकि स्पष्ट हो सके कि झारखंड भवन में वास्तव में कौन-कौन ठहरता रहा है। मरांडी ने कहा कि दिल्ली स्थित ऊर्जा विभाग के गेस्ट हाउस के लिए राज्य सरकार हर महीने पांच लाख रुपये किराया देती है, जहां, 8 स्टाफ तैनात हैं, 4झ्र5 वाहन उपलब्ध हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस गेस्ट हाउस में अब तक कोई विधायक ठहरा भी है या नहीं? इसकी जानकारी के लिए इस गेस्ट हाउस के रजिस्टर, ठहरने वालों की सूची, संचालन व्यवस्था, पदस्थ इंचार्ज और आवंटन प्रक्रिया की जानकारी सदन के सामने लाने की मांग की। बाबूलाल मरांडी के सवालों पर राज्य के संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और सरकार इस पर गंभीरता से कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह का कोई भी निर्णय कैबिनेट की स्वीकृति के बिना नहीं लिया जा सकता और नेता प्रतिपक्ष की उठाई गई मांगों की जांच कराई जाएगी।

## सदन में सौ रुपये ट्रैक्टर बालू की बात पर सरकार कर रही गुमराह : अमित

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भाजपा विधायक अमित कुमार यादव ने सरकार पर आरोप लगाते हुए बुधवार को विधानसभा परिसर में कहा कि मंत्री और अधिकारी सदन में भ्रामक जानकारी देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खनन विभाग के जवाब पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में 100 रुपये में एक ट्रैक्टर या एक टन बालू नहीं मिल सकता। ऐसे में सदन में गलत आंकड़े रखना बेहद शर्मनाक है।

अमित यादव ने तीखे शब्दों में कहा कि यदि विभागीय मंत्री और सरकार में बैठे लोग ट और ट्रैक्टर का अंतर नहीं समझते, तो उन्हें सदन में बैठने के बजाय पहले मजदूरों के साथ जाकर वास्तविकता जाननी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के सबसे बड़े महापंचायत विधानसभा में झूठ बोलना जनता के साथ धोखा है।

उन्होंने कहा कि विदेशी नागरिकों और वोट के अधिकार पर बोलते हुए कहा कि जब भारत के नागरिकों को विदेश में वोट डालने का अधिकार नहीं है तो झारखंड या भारत में बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए लोग कैसे वोट दे सकते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे लोगों के पक्षधर हैं जो लोग दोहरी राजनीति करके ऐसे लोगों का समर्थन करते हैं, ऐसे लोग देशद्रोही हैं। उन?होंने कहा कि ऐसे लोग चुनाव आयोग की ओर से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का भी विरोध कर रहे हैं जो गलत है।

सदन की कार्यवाही पर बोलते हुए अमित यादव ने कहा कि विपक्ष लगातार जनहित के मुद्दे—छात्रवृत्ति, धान खरीद, बेरोजगारी और समितियों से जुड़े मामले उठा रहा है। लेकिन सरकार टालमटोल कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष पर हंगामा करने का बेतुका आरोप नहीं लगा सकती है, क्योंकि विपक्ष चाहता है कि सदन सुचारू रूप से चले और सरकार स्पष्ट, तथ्यपूर्ण जवाब दे, न कि भ्रमित करने वाली बातें करे।

उन्होंने दोहराया कि सदन जनता की उम्मीदों का मंच है और यहां भ्रामक सूचना देकर सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती है।


# संक्षिप्त खबरें

## एसबीयू ने जीता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन




**रांची(बिभा) :** सरला बिरला विश्वविद्यालय की टीम ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले में शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूरे देश से चयनित प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विश्वविद्यालय की कुल तीन टीमें (18 प्रतिभागी) इस प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के लिए चयनित हुई थीं, जिन्हें अलग-अलग स्थानों झ्र गुंटूर, कोल्हापुर एवं कानपुर झ्र में आयोजित अंतिम चरण के लिए भेजा गया था। सरला बिरला विश्वविद्यालय के एसपीओसी डॉ. मनोज पांडेय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार, विजेता टीम में शामिल हर्ष कुमार, अंजली केशरी, हर्ष केशरी, अविनाश कुमार, रूपेश एवं प्रांशु रंजन की टीम विजेता रही। गौरतलब है कि सरला बिरला विश्वविद्यालय ने लगातार दो वर्षों तक स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन -2024 एवं 2025 (सॉफ्टवेयर संस्करण) में विजेता बनकर संस्थान का मान बढ़ाया है। विवि के विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## सेवा भारती के जोन्हा विद्यालय में स्वेटर का किया वितरण



**रांची(बिभा) :** सेवा भारती, झारखंड द्वारा संचालित विद्यालय रांची के अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत जोन्हा के गुड़ीडीह ग्राम अवस्थित सेवा धाम के सेवा भारती शिशु विद्या मंदिर में ठंड से राहत को लेकर 260 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ने वाले जनजातीय एवं अभावग्रस्त परिवार के बच्चे स्वेटर पाकर आनंदित हुए। मौके पर समाजसेवी व चिन्मय मिशन,रांची के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों के अच्छे संस्कार,अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि सेवा भारती सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में संस्कारित शिक्षा का अलख जगाने का प्रेरक कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अमेरिका के शिकागो में रहने वाली सगुण अग्रवाल ने सेवा कार्य से प्रेरित होकर बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराया। मौके पर सेवा भारती,रांची भाग-2 के सचिव कमल पोद्दार,सगुण अग्रवाल,अंजू अग्रवाल,मधु अग्रवाल सहित विद्यालय की प्राचार्या पूजा कुमारी व शिक्षकगण उपस्थित थे।

## छोटानागपुर लॉ कॉलेज द्वारा मानवाधिकार दिवस पर कंबल व सामग्री का किया वितरण



**रांची(बिभा)।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर को ओरमांझी प्रखंड के सदमा गाँव में छोटानागपुर लॉ कॉलेज, नामकुम द्वारा कंबल एवं आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम मानवाधिकारों के संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनसेवा कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक तिथि को विश्वभर में मानवाधिकारों की सुरक्षा के मील के पत्थर के रूप में जाना जाता है, और इसी क्रम में महाविद्यालय ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। मानवाधिकार दिवस पर कॉलेज की टीम ने सदमा गाँव में वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण कर सामाजिक संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों की टीम ने घर-घर जाकर बुजुर्गों को गर्म कंबल प्रदान किए, जिससे उन्हें सर्द मौसम में राहत मिली। इसी क्रम में, कॉलेज की टीम सदमा मध्य विद्यालय पहुँची, जहाँ 300 से अधिक बच्चों के बीच खाद्य सामग्री एवं पठन-पाठन से संबंधित शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को मानवाधिकारों, उनके महत्व और दैनिक जीवन में उनके अनुपालन के बारे में जागरूक भी किया।

## विश्व हिंदू परिषद का धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम 15 दिसंबर से

**रांची(बिभा) :** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक स्टेशन रोड ,रांची के होटल ग्रीन होराइजन में चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पिछले सप्ताह संपन्न गीता जयंती तथा इस अवसर पर बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य संचलन ,बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान एवं विभिन्न आयामों के क्रियाकलापों की समीक्षा की गई। आगामी 15 दिसंबर से 10 जनवरी तक संगठन के वार्षिक कार्यक्रम धर्म रक्षा निधि समर्पण की रूपरेखा तय कर समाज के प्रबुद्ध जनों से संपर्क करने की योजना बनाई गई। 26 ,27 और 28 दिसंबर को धनबाद के कतरास में आयोजित तीन दिवसीय प्रांत कार्य समिति बैठक की सफलता पर विचार विमर्श किया गया। तय किया गया कि पिछले दिनों संपन्न रामायण ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### राज्य में विगत एसआईआर से वर्तमान मतदाता सूची के मैपिंग का कार्य 65% तक पूर्ण

# शहरी क्षेत्र के मतदाता मैपिंग के कार्य में करें सहयोग : के रवि

बिभा संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं का विगत एसआईआर के मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य 65% तक पूर्ण हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में 70 % मतदाताओं का मैपिंग किया जा चुका है। उन्होंने शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे विगत एसआईआर के मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढने में सहयोग करें । श्री के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को विगत एसआईआर में नाम ढूंढने में सहायता हेतु एक ट्यूटोरियल वीडियो जारी किया गया है। इस वीडियो ट्यूटोरियल की सहायता से मतदाता, भारत निर्वाचन आयोग अथवा संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वेबसाइट पर जाकर भी विगत एसआईआर के मतदाता सूची में नाम ढूंढ सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विगत एसआईआर के बाद राज्य में अन्य राज्यों से आए मतदाता एवं जिन मतदाताओं का विगत एसआईआर वाले मतदाता सूची से मैपिंग में कठिनाई आ रही है वे अपने संबंधित राज्य के सीईओ वेबसाईट अथवा भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट का उपयोग करते हुए अपना अथवा अपने परिजनों का विवरण https://voters.eci.gov.in/ का प्रयोग कर ढूंढ सकते हैं, वहीं झारखंड के मतदाता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के वेबसाइट https://ceo.jharkhand.gov.in का उपयोग कर अपना अथवा अपने परिजनों का विवरण ढूंढ सकते हैं।

श्री के. रवि कुमार ने कहा है कि वैसे मतदाता जो विगत के एसआईआर की मतदाता सूची में विवरण नहीं ढूंढ पा रहे वे 1950 पर कॉल कर हेल्पडेस्क मैनेजर से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि अधिक से अधिक पैतृक मैपिंग से एसआईआर के समय कम से कम मतदाताओं को दस्तावेज समर्पित करना पड़ेगा एवं प्रक्रिया में आसानी आएगी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से छुटे नहीं इसे ध्यान में रखकर कार्य करें।

## झारखंड बार काउंसिल चुनाव में अब महिलाओं को 30% आरक्षण

बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के आगामी चुनावों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का रास्ता साफ हो गया है।

झारखंड हाईकोर्ट ने मौजूदा सदस्यों की सेवा अवधि बढ़ाने संबंधी याचिका को खारिज कर दिया है। इससे सुप्रीम कोर्ट के 4 दिसंबर के आदेश का तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की सभी राज्य बार काउंसिलों में कम से कम 30% महिला आरक्षण लागू करने का निर्देश दिया था। जहां मतदाता सूची में महिलाओं की संख्या कम है, वहां 20% सीटें सीधे चुनाव से और 10% सीटें को-ऑप्शन के जरिए भरी जाएंगी।

झारखंड बार काउंसिल में कुल 25 निर्वाचित सदस्य होते हैं। नए नियम के अनुसार अब 7 से 8 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वर्तमान परिषद में एक भी महिला सदस्य नहीं है। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के सामने सेवा विस्तार का कोई आधार नहीं बनता। महिला अधिवक्ताओं ने इस फैसले का स्वागत किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने कहा यह लैंगिक समानता की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। अब बार काउंसिल में महिलाओं की आवाज और प्रतिनिधित्व मजबूत होगा।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सभी राज्य परिषदों को 15 दिसंबर तक नई व्यवस्था के अनुसार चुनाव कार्यक्रम घोषित करने का निर्देश दिया है।

## आईसीएआई एमएसएमई क्लिनिक का देशभर में शुभारम्भ

**रांची :** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई ) की कमिटी ऑन एमएसएमई द्वारा पूरे भारत वर्ष में अपने शाखा भवनों में आईसीएआई एमएसएमई क्लिनिक का शुभारम्भ आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए चरनजोत सिंह नंदा और वाईस प्रेसिडेंट सीए प्रसन्ना कुमार डी के द्वारा ऑनलाइन किया गया। इस अवसर पर आईसीएआई के प्रेसिडेंट ने बताया कि एमएसएमई क्लिनिक सप्ताह में एक दिन, प्रत्येक शुक्रवार को शाम 4 बजे से 6 बजे तक संचालित किया जाएगा। इसमें एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मूल्यवान मार्गदर्शन एवं निशुल्क सलाह प्रदान की जाएगी, जिनमें - फाइनेंसियल प्लानिंग एवं कैश फ्लो, डिजिटल अकाउंटिंग टूल्स, टैक्स रेडीनेस एवं कंप्लायंस, फंडिंग एवं क्रेडिट लिंकेज, एचआर एवं पेरोल ऑप्टिमाइजेशन, सरकारी योजनाएँ, इंटरनल कंट्रोल्स एवं ऑडिट, डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांडिंग, एक्सपोर्ट ओपोर्चुनिटीज और ऋण प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य देशभर के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाना और उन्हें वित्तीय एवं अनुपालन संबंधित चुनौतियों से निपटने में सहायता देना है।

## रांची एयरपोर्ट पर इंडिगो की 3 उड़ानें रद्द, यात्रियों को नहीं होगी कोई दिक्कत: एयरपोर्ट प्रशासन



बिभा संवाददाता

**रांची :** इंडिगो एयरलाइंस की कुछ उड़ानों के रद्द होने के मद्देनजर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची पर यात्रियों की सहायता के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण , इंडिगो एयरलाइंस एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम तैनात की गई है। टीम टर्मिनल क्षेत्र में यात्रियों से संवाद कर उड़ान की स्थिति, रिफंड, पुनः बुकिंग एवं अन्य आवश्यक सहायता के संबंध में जानकारी दे रही है, जबकि सीआईएसएफ द्वारा भीड़ प्रबंधन एवं सुचारु परिचालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

बुधवार को रांची हवाई अड्डे से इंडिगो की कुल तीन उड़ानें परिचालन कारणों से रद्द की गईं, जिनमें 6ए 5071/2294 (दिल्ली-रांची-दिल्ली), 6ए 186/191 (हैदराबाद-रांची-हैदराबाद) तथा 6ए 5339/6031 (दिल्ली-रांची-दिल्ली) शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। इंडिगो प्रतिनिधि ने बताया कि 8 और 9 दिसंबर को एयरलाइन की ऑन-टाइम परफॉर्मेंस 66.7 प्रतिशत रही। किसी भी यात्री का सामान हवाई अड्डे पर नहीं छूटा है तथा 9 दिसंबर तक की सभी प्रभावित उड़ानों का रिफंड कर दिया गया है। इंडिगो उड़ानों के रद्द होने का अन्य एयरलाइनों के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है और अन्य सभी उड़ानें सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे हवाई अड्डे आने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति एयरलाइन से जांच लें। किसी भी सहायता के लिए यात्री हेल्पलाइन नंबर 0651-2250282 पर संपर्क कर सकते हैं।

## शराब घोटाला: बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर टेंडर में अनियमितता और घोटाले का लगाया आरोप

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शराब घोटाले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शराब कारोबार में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी को छिपाने का प्रयास कर रही है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुधवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मरांडी ने लिखा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ह्लएक बार फिर किसी सरकारी अधिकारी की बलि देकर स्वयं को बचाने की योजना बना रहे हैं।ह्व उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में लगातार बढ़ते आंकड़े गंभीर सवाल खड़े करते हैं। पहले 38 करोड़, फिर 70 करोड़ और अब 136 करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ है।

मरांडी ने दावा किया कि घोटाले में बचने के लिए मुख्यमंत्री ने बड़ी सावधानी बरती, लेकिन अवैध कमाई की जल्दबाजी में एक बड़ी गलती हो गई। उनके अनुसार, अखबारों में टेंडर प्रकाशित होने से पहले ही एक निर्धारित कंपनी को शराब आपूर्ति का काम सौंप दिया गया।

नियमों के अनुसार, किसी भी कंपनी को आपूर्ति कार्य शुरू करने से पहले झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ एग्रीमेंट करना आवश्यक है, लेकिन बिना किसी समझौते (एग्रीमेंट) के ही उस कंपनी को कार्य आवंटित कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि एसीबी जांच में यह तथ्य सामने आया है कि संबंधित कंपनी की वजह से सरकार को 136 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मरांडी ने कहा कि बिना एग्रीमेंट और टेंडर के काम देने का निर्णय किसके कहने पर हुआ, यह बताने की जरूरत नहीं है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि राज्य में इतने बड़े घोटालेबाज सिर्फ एक ही व्यक्ति हैं, जो कहते हैं कि करोड़ों कमाने के लिए जेल भी जाना पड़े तो क्या हर्ज है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि जितना और जहां हो सके, लूट लो, यही इस सरकार का मंत्र बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि चाहे एसीबी असली गुनाहगारों तक पहुंचे या नहीं, लेकिन केंद्र की एजेंसियां इस मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करेंगी।

## रांची राजभवन का नाम बिरसा भवन और दुमका के राजभवन का नाम हो सिद्धो कान्हो के नाम पर : किशोर

**रांची।** राजधानी रांची स्थित राजभवन का नाम भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर बिरसा भवन और दुमका स्थित राजभवन का नाम शहीद सिद्धो-कान्हो के नाम पर करने का प्रस्ताव सरकार करती है। यह बातें संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बुधवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कही। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद राज्य पद होता है। यह एक संवैधानिक पद है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के पास ही विधानसभा के सत्र को आहुत करना और अवसान करना साथ ही विधानसभा का विघटन करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल राज्य मंत्रीमंडल के निर्णयों पर अपनी सहमति देता है। साथ ही राज्यपाल के कार्यालय से ही राज्य के विधायी और कार्यपालिका का संचालन होता है। ऐसे में राज्य में स्थित चल और अचल संपत्ति राज्य की संपत्ति है।

# अबुआ आवास योजना: झारखंड सरकार लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर करेगी विचार

बिभा संवाददाता



**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार 'अबुआ आवास योजना' के तहत लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर विचार कर रही है। यह जानकारी राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में दी। मंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शत्रुघ्न महतो के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रही थीं।

विधानसभा में विधायक ने बताया कि हजारों लाभुकों को योजना की पहली किस्त मिल गई है, लेकिन दूसरी किस्त जारी नहीं होने से आवास निर्माण अधूरा है। इसके कारण लोग कड़ाके की ठंड में खुले में रात बिताने को मजबूर हैं।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक बार फंड मिला था, लेकिन उसके बाद धनराशि नहीं मिली। इसी वजह से राज्य सरकार अबुआ आवास की दूसरी किस्त जारी करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार को 24 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और तीन हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिसमें से 12 अरब रुपये जिलों को वितरित किए जा चुके हैं।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुझाव दिया कि लाभुकों को दो किस्तों में राशि दी जाए, ताकि उनका घर समय पर पूरा हो सके। उन्होंने इंदिरा आवास योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि कई किस्तों में भुगतान की शिकायतें पहले भी रही हैं।

मंत्री ने कहा कि सरकार इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि केंद्र सरकार पीएम आवास योजना की राशि बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दे, तो यह जनता के हित में बेहतर कदम होगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

ई—निविदा सूचना संख्या : 11-MC-BVZI-BVCM-25-26, धनबाद, दिनांक : 09.12.2025

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई—खुली निविदा (e-open tender) Single Packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : BVZI/BVCM वैगनों के नवीनीकरण के लिए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और फिटमेंट, मात्रा—100 संख्या, 2. संविदा की अवधि : 12 महीना, 3. कार्य—स्थान : BRWD या टेंडर डॉक्यूमेंट के अनुसार कोई भी जगह, 4. अनुमानित बोली मूल्य : ₹1,42,96,226/— (एक करोड़ ब्यालीस लाख छियानवे हजार दो सौ छब्बीस रूपये) मात्र, 5. निविदा दस्तावेज मूल्य : ₹0.00 (शून्य), 6. बयाना राशि (निविदा सुचना के तदनुसार) : ₹2,21,500/— (दो लाख इक्कीस हजार पाँच सौ रूपये) मात्र, 7. ई—निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : तारीख 15.12.2025 से 29.12.2025 को 11:30 बजे तक, 8. ई—निविदा खुलने का तारीख तथा समय : 29.12.2025 को 11:45 बजे, 9. वेब साईट विवरण : http://www.ireps.gov.in(ई—निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।)

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/1430/डीएचएन/यां/टी/25—26/36

# मांझी बाबा के बिना किसी भी संथाल गांव की परिकल्पना हो ही नहीं सकती: उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** राज्य सरकार के संकल्प संख्या 4654 दिनांक 22.11.2018 के आलोक में बोकारो जिले के मानकी, मुंडा, ग्राम प्रधान, डाकुवा आदि के लिए जिला द्वारा पूर्व में अंचल अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन के अनुसार सम्मान राशि विषयक प्रतिवेदन शून्य प्रतिवेदित किया जाता रहा है।

उपायुक्त के द्वारा आज विशेष रूप से की गई समीक्षा बैठक में यह बताया गया कि जिले में संथाल आदिवासियों के लगभग 125 गांव में संथाल जन जाति के लोग निवास करते हैं। इन प्रत्येक गांव में पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत है और प्रत्येक पंचायत में एक मुखिया है। साथ ही, उपायुक्त ने कहा कि संथाल पारंपरिक गांव में एक मांझी बाबा होते हैं, जो गांव के सामाजिक - सांस्कृतिक जीवन धार्मिक कृतियों का निष्पादन और सामुदायिक अनुशासन को बढ़ावा देते हैं अथवा संरक्षण करते हैं।

मांझी बाबा के नेतृत्व में प्रत्येक गांव में एक जोग मांझी भी होते हैं, जो घर - घर जाकर किसी भी प्रकार की सामाजिक - सांस्कृतिक जीवन झ धार्मिक कृतियों का निष्पादन और सामुदायिक अनुशासन की सूचना देते हैं। प्रत्येक गांव में एक नायके भी हुआ करते हैं, जो पूजा पाठ धार्मिक कृतियों का निष्पादन करते हैं। गांव में एक भगलोन होते हैं, जो प्रवक्ता के रूप में सामाजिक -सांस्कृतिक जीवन धार्मिक कृतियों का निष्पादन और सामुदायिक अनुशासन से संबंधित निर्णयों से सभी को अवगत कराते है। उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने बताया कि मांझी बाबा के बिना किसी भी संथाल गांव की परिकल्पना हो ही नहीं सकती है।

उपायुक्त के द्वारा यह भी बताया गया कि जिले के ललपनिया के विभिन्न संथाल गांव में फेनीराम सोरेन, मंझला मुर्मु, सुंदर लाल मरांडी, मटुक कुमार हांसदा, बाबुचंद मांझी आदि लोग मांझी बाबा के रूप में कार्य कर रहे हैं।

बैठक में उपायुक्त ने कल्याण विभाग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आदि को निर्देश दिया कि जिले के संथाल गांव का सर्वे कराकर संबंधित गांव के मांझी बाबा, जोग मांझी, भगलोन, गुड़ैत आदि को चिन्हित कर प्रतिवेदन जिला को समर्पित करें। साथ ही, अपर समाहर्ता को यह भी निर्देश दिया कि सर्वे प्रतिवेदन प्राप्त करने के उपरांत जो पूर्व में शून्य प्रतिवेदन भेजा गया था, उसे संशोधित कर यथाशीघ्र राज्य सरकार को भेजना सुनिश्चित करें।

## बोकारो इस्पात नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में प्रदर्शन की योजना

बिभा संवाददाता



**बोकारो:** बोकारो इस्पात नगर सेवा भवन के सामने आगामी 22 दिसंबर को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को सेक्टर चार के सिटी सेंटर इलाके में झुग्गी-झोंपड़ी वासी तथा फुटपाथ दुकानदार महासंघ की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया ।बैठक की अध्यक्षता महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष संजय रजक ने की। बैठक में बताया गया कि सेल प्रबंधन के संपदा न्यायालय द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत लगभग 250 दुकानों एवं झुग्गियों को तोड़ दिया गया है, जिससे दर्जनों परिवारों का रोजगार छिन गया है और वे बेसहारा हो गए हैं ।महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने कहा कि जिला प्रशासन और सेल प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वे इन विस्थापित दुकानदारों और झुग्गीवासियों का पुनर्वास सुनिश्चित करें। उन्होंने आंदोलन को बाहरी-दाखिल रंग देने की कोशिशों की निंदा की और चेतावनी दी कि प्रभावित केवल सेक्टर चार नहीं, बल्कि सेक्टर नौ, आठ और ग्यारह के नागरिक भी हैं, इसलिए सभी को मिलकर विरोध-प्रदर्शन में भाग लेना चाहिए ।महासंघ के सचिव राजकुमार पासवान ने कहा कि देश के अन्य क्षेत्रों तथा सेल के अन्य शहरों की तरह बोकारो में भी अतिक्रमितों का व्यवस्थित पुनर्वास एवं मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने कानूनन उजाड़े गए लोगों के पुनर्वास का भी आह्वान किया ।बैठक में महासंघ के अन्य पदाधिकारी, जिसमें सह सचिव आजाद कुमार, कोषाध्यक्ष शंभु पासवान, उपाध्यक्ष गोविंद जायसवाल, अशोक कुमार, बिनोद सत्यार्थी, छोटेलाल, रामजी प्रसाद, सुमन सिंह मिट्ठू, अंसित सिंह, राजू, सुधीर कुमार, सुनील कुमार समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोशी सुपर एक्सप्रेस में लावारिस झोले से मिली शराब जब्त, आरपीएफ ने आबकारी विभाग को सौंपा



**बोकारो(बिभा)।** ट्रेन संख्या 18626 कोशी सुपर एक्सप्रेस की चैकिंग के दौरान आरपीएफ टीम को एक संदिग्ध स्थिति में पड़ा पीला झोला मिला, जिसमें 4 बोतलें शराब बरामद हुईं।

यह जांच एएसआई डी.के. द्विवेदी, एचसी सहगल कुमार और सीआईबी आद्रा की टीम ने की ।ट्रेन के सामान्य कोच में मिले लावारिस झोले के बारे में यात्रियों से पूंछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी अपना दावा नहीं किया। जांच में झोले से मैजिक मोमेंट्स की चार 750 मिलीलीटर बोतलें और ऑफिसर्स चॉइस के 38 पाउच (प्रत्येक 180 मिलीलीटर) शराब की बोतलें मिलीं। इनकी कुल कीमत लगभग 8060 रुपये आंकी गई है ।एएसआई डी.के. द्विवेदी ने उक्त शराब को जब्त कर आरपीएफ पोस्ट बीकेएससी पहुंचाया है। आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए इस शराब को आबकारी विभाग को सौंप दिया गया है ।आरपीएफ ने इस घटना को जल्द ही तफ्तीश में आगे बढ़ाने की बात कही है।

### सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल में वार्षिक खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**बोकारो(बिभा):** सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल में आज वार्षिक खेल दिवस अत्यंत हर्ष और उल्लास के बीच मनाया गया। इस अवसर पर रेवरेंड फादर डॉ. जोशी वर्गीस, समिति सदस्य एवं एम.जी.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य; जॉर्ज कोशि, सचिव स्थानीय कार्यकारी समिति, तथा पी. ए. जकारियाह, संस्थापक एवं प्रतिष्ठित समिति सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य फादर दीनू एम. डेनियल ने किया। खेल दिवस की शुरूआत रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़कर की गई, जिनका संदेश था– खेल दिवस जहाँ आनंद मिलता है फिटनेस से। इसके बाद रेवरेंड फादर डॉ. जोशी वर्गीस ने कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया ।प्री-नर्सरी, नर्सरी और प्रेप वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक फ्लैट रेस, बीन बैग लेकर चलना, बाल्टी भरना, गेंद लक्ष्य खेल, गुब्बारा संतुलन आदि खेलों में भाग लिया। सभी बच्चों ने उत्साह और फुर्ती के साथ खेलों का आनंद लिया ।अपने संदेश में फादर दीनू एम. डेनियल ने कहा कि खेल बच्चों को टीम वर्क, अनुशासन, फेयर प्ले और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना सिखाते हैं। कार्यक्रम बच्चों और उपस्थित आगंतुकों की तालियों के बीच सम्पन्न हुआ।

### बोकारो के पत्रकार दिनेश पांडे की पत्नी के निधन पर परिषदन में शोकसभा, सैकडों पत्रकार हए शामिल



**बोकारो(बिभा) :** बोकारो परिषदन में आज स्थानीय पत्रकारों ने एक शोकसभा आयोजित कर वरिष्ठ पत्रकार दिनेश पांडे की पत्नी स्वर्गीय रीना पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिले भर से जुटे पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नम आंखों से विदाई दी। शोकसभा में उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि रीना पांडे एक सरल, मिलनसार और संस्कारी व्यक्तित्व वाली महिला थीं, जिनका जाना पत्रकार समुदाय के लिए भी गहरी क्षति है। इस दुःख की घड़ी में सभी ने पांडे परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की और ईश्वर से उन्हें इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति देने की कामना की। इस मौके पर अमरनाथ पोद्दार, चूमन कुमार, मनीष सिंह, अरविन्द सिंह,संजीव कुमार, मृत्युंजय मिश्रा, मृत्युंजय शर्मा, पंकज सिंह, हेमंत कुमार,मुकेश झा, अजीत कुमार, परमेश्वर मण्डल, नितेश वर्मा, कृपा शंकर,बिजय सिंह,नीरज सिंह,कैलाश गोस्वामी, हिमांशु वर्मा, सुरेन्द्र सावंत,हिमांशु कुमार, जयलक्ष्मी, रजत नाथ,सुरेंद्र कुमार,अमर कुमार,सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद थे। सभी ने एकस्वर में कहा कि पत्रकार समाज हमेशा पांडे परिवार के साथ खड़ा रहेगा।

### बीएसएल में नई श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो (बिभा):** बोकारो स्टील प्लांट के यातायात विभाग में नई श्रम संहिताओं के संबंध में जागरूकता हेतु एक विशेष कार्यक्रम काआयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री भरत प्रसाद ने श्रमिकोंके साथ संवाद स्थापित किया तथा नई श्रम संहिताओं से जुड़ेप्रमुख प्रावधानों, कल्याणकारी लाभों और सामाजिक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी साझा की. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार ह्यांकी, राजेश कुमार, ओम प्रकाश, शैलेन्द्र कुमार, कपूर रंजन सहित विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित थे.

# तेजी से बढ़ रही है महिलाओं के साथ डिजिटल हिंसा : थाना प्रभारी

बिभा संवाददाता



**बोकारो:** बुधवार को सहयोगिनी संस्था द्वारा महिलाओं और किशोरियों के लिए डिजिटल हिंसा से सुरक्षा के उपायों पर कसमार स्थित पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कसमार थाना प्रभारी कुंदन कुमार, जिप सदस्य अमरदीप महाराज, प्राचार्य फारुख अंसारी, सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर मुख्य रूप से मौजूद थे। 16 दिवसीय महिला हिंसा के खिलाफ जारी जागरूकता अभियान के तहत इब्तिदा झारखंड तथा क्रिया के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कसमार थाना प्रभारी कुंदन कुमार कहा कि महिलाओं पर हिंसा की ने समस्या पुरानी है, लेकिन अब डिजिटल हिंसा तेजी से बढ़ रही है। महिलाओं व लड़कियों के साथ शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और यौनिक हिंसा के साथ-साथ अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी हिंसा भयावह रूप ले रही है। यह हिंसा व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, फोन कॉल सहित कई सोशल मीडिया माध्यमों से की जाती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल हिंसा को ही आम तौर पर साइबर क्राइम कहा जाता है। किसी भी प्रकार की साइबर हिंसा का शिकार होने पर तुरंत साइबर थाना में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। यदि थाने तक पहुंचने में देरी हो, तो 1930 हेल्पलाइन पर कॉल कर तत्काल शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने कहा कि डिजिटल हिंसा की समाप्ति तभी हो सकती है,जब हम अपने आप में जागरुक होंगे। किसी भी आंनलाइन प्लेटफॉर्म को जांचने व परखने के बाद ही उसे अपने मोबाइल से उपयोग करे, ताकि हम ठगी का शिकार ना बन सके। इसके अलावा सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर एवं निदेशक गौतम सागर ने भी डिजिटल हिंसा के प्रकार की जानकारी स्कूली छात्राओं को दी। मौके पर पंसस वर्षा देवी,वरीय शिक्षक डा अवनीश कुमार झा,सीमा कुमारी, सहयोगिनी संस्था की लबानी घोष,सोनी कुमारी,संगीता कुमारी,बिनीता देवी,मंजु देवी,रवि कुमार, विकास गोस्वामी सहित अन्य शिक्षक तथा छात्राएं मौजूद थी।

## बीएसएल के तत्वावधान में 14 दिसंबर से शुरू होगा 'हैप्पी स्ट्रीट', सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा



बिभा संवाददाता

**बोकारो:** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के नेतृत्व में आयोजित हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम 14 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे भव्य उद्घाटन के साथ शुरू होगा। इस अवसर पर बीएसएल के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियाँ पहले ही प्रारंभ कर दी गई हैं।'एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो' के थीम के तहत आयोजित यह कार्यक्रम शहर के विभिन्न विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, बोकारो महिला समिति, संगीत कला अकादमी, सीआईएसएफ, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, पोस्टल फिलाटेली ग्रुप, एक्ससर्विसमैन एसोसिएशन सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में सभी नगरवासी भी भाग ले सकेंगे ।हैप्पी स्ट्रीट का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा प्रदर्शन कराया जाएगा, जो लोगों को खुशहाल और तंदुरुस्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करेंगे ।आयोजन के दौरान सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक बोकारो मॉल मोड़ से गांधी चौक तक दोनों लेन का यातायात अस्थायी रूप से बंद रहेगा। इससे स्थानीय लोगों को स्वास्थ्यप्रद एवं मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। बीएसएल का यह पहल शहर में स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के संदेश को मजबूती देने का प्रयास है, जिससे बोकारो एक खुशहाल और गतिशील शहर बन सके।

# सेफ्टी बिभाग के खिलाफ मजदूर आन्दोलन के लिए तैयार: बीके चौधरी

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज जय झारखंड मजदूर समाज का महामंत्री बि के चौधरी के नेतृत्व मे सेफ्टी भवन पर जान है तो जहान है का गगनभेदी नारों के साथ हजारों इस्पातकर्मी और ठेकाकर्मी नै हल्ला बोल प्रदर्शन के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त किया ।कार्यक्रम का संचालन संयुक्त महामंत्री एन के सिंह ने किया ।बक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन के नजर मे मजदूरों के जान का कोई कीमत नही है क्योंकि सेफ्टी बिभाग के नाकामीयत से दुर्घटना मे मृत मजदूर के आश्रित को नियोजन तो देता है लेकिन अपंग हुए मजदूर को कचड़ा के तरह प्लांट से बाहर फेंक देता है इसलिए अब इसके खिलाफ निर्णायक फैसला होना चाहिए। सभी बक्ताओं को सुनने के उपरान्त महामंत्री बि के चौधरी ने प्रबंधन से कहा कि हर छोटे बड़े कल कारखानो मे कामगारों के जान माल की सुरक्षा के लिए सेफ्टी बिभाग यानी सुरक्षा बिभाग का गठन किया जाता है जिसका प्रारंभिक का मजदूरों के बीच जाकर उनके सुरक्षा उपकरण को देखना तथा उनके तनाव से भरे भावना को को भी परखना होता है ।कार्यस्थल पर चल रहे मशीनों और हाउसकिपिंग का जायजा भी लेना होता है लेकिन सेफ्टी बिभाग अपने मूल कर्त्तव्यों को भूलकर कार्यक्रम मे समय या कागजों के बीच सिमित रखकर कर्त्तव्य का पालन कर रहा है जिसके कारण दुर्घटना पर दुर्घटना घट रहा है । बर्तमान मे यह नियम भी हिटलरशाही को दशार्ता है कि दुर्घटना मे मृत मजदूर के आश्रित को नियोजन तो नियोजन तो दिया जाता है लेकिन जो मजदूर अपंग हो जाता है उसे कचड़ा के तरह प्लांट से बाहर भगवान भरोषे फेंक दिया जाता है । इस बात को नासमझ भी समझता है कि मानसिक तनाव रहने पर मन एकाग्रचित नही रहकर मन बिचलित रहता है जिसका प्रभाव भी दुर्धटना का कारण बनता है इसलिए प्रबंधन को चाहिए कि सुरक्षा बिभाग को क्रियाशील बनाते हुए उनके मानसिक तनाव को दूर करें। आज वेज रिविजन को बर्षों बीत गया लेकिन अभी तक 39 महिने का एरियर का भुगतान पर मौन ब्रत ले चुका है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप स संयुक्त महामंत्री एन के सिंह, अनिल कुमार , जे एल चौधरी, तुलसी महतो, रोशन कुमार, आई अहमद, विजय कुमार साह, बालेश्वर राय, आर आर सोरेन, रामा रवानी, राजेन्द्र प्रसाद,मानिक चंद साह, धर्मेन्द्र कुमार, ए डब्लू ए अंसारी इत्यादि उपस्थित थे ।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर अनूप कुमार का महत्वपूर्ण संदेश, मानवाधिकार संरक्षण हेतु जागरूकता जरूरी

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश उपाध्यक्ष व समाजसेवी अनूप कुमार साव ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष बैठक में मानवाधिकार संरक्षण को लेकर गंभीर संदेश दिया ।बेरमो प्रखंड के जरीडीह बाजार निवासी अनूप कुमार, जो एमबीए के बाद मुंबई में दस वर्षों तक कॉरपोरेट क्षेत्र में काम कर चुके हैं, वर्तमान में विधि विशेषज्ञ के रूप में सक्रिय हैं। वे आरटीआई एक्टिविस्ट और भ्रष्टाचार विरोधी व्हिसल ब्लोअर के रूप में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मानवाधिकार अधिवेशन में सम्मानित अनूप कुमार ने बताया कि मानवाधिकार किसी भी व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक के अटूट अधिकार हैं, जिनकी रक्षा के लिए विश्व स्तर पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया है ।उन्होंने कहा कि भारत में भी 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना हुई है, जिसका उद्देश्य मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। संयुक्त राष्ट्र संघ के सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा पत्र के 30 अधिकार भारतीय संस्कृति के आदर्श ्वसुधैव कुटुम्बकम्ह और ्सर्वे भवन्तु सुखिनःह्व के सिद्धांतों से प्रेरित हैं ।अनूप कुमार ने मानवाधिकार उल्लंघनों में वृद्धि को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि आज मानवाधिकार की रक्षा कठिन चुनौती बन चुकी है। इसका समाधान तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति मानवाधिकारों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर समाज में इसका प्रचार-प्रसार करे। इसके साथ ही मानवीय कर्तव्यों का जागरूकता पूर्वक निर्वाह आवश्यक है। उन्होंने आग्रह किया कि शिक्षा प्रणाली में मानवाधिकार विषय को आवश्यक रूप से शामिल किया जाए ताकि छात्र इसके प्रति सजग हों ।नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो , जिसकी प्रदेश स्तर पर अनूप कुमार उपाध्यक्ष हैं, पिछले आठ वर्षों से 25,000 से अधिक सदस्यों के सहयोग से मानवाधिकार हनन के शिकार लाखों लोगों को न्याय दिलाने हेतु सक्रिय है। संस्था बीहड़ और पिछड़े इलाकों तक भी पहुंच कर जागरूकता अभियान चला रही है, जिससे एनएचआरसीसीबी देश की अग्रणी मानवाधिकार संस्थाओं में से एक बन चुकी है ।अंत में अनूप कुमार ने सभी देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपराध मुक्त, समृद्ध व सर्वहितकारी समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

# झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो का बोकारो आगमन, ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी गठन का निर्देश

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश का आज बोकारो के रामराज्य पैलेस, जोधाडीह मोड़ चास में भव्य स्वागत हुआ। युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री नितेश भारद्वाज ने माननीय प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम स्थल तक मार्गदर्शन किया। बोकारो जिला कांग्रेस के वरिष्ठ एवं लोकप्रिय नेताओं ने मिलकर उनका गरिमामय स्वागत किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता बोकारो जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री जवाहर लाल महथा ने की। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्री केशव महतो ने बोकारो जिले के कांग्रेस कार्यकताओं को ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटियों के गठन तथा ब्लॉक लेवल एजेंट (इछअ) की शीघ्र नियुक्ति का निर्देश दिया। उन्होंने संगठन के अब तक के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी की प्रशंसा की ।बोकारो जिला अध्यक्ष श्री जवाहर लाल महथा ने अपने संबोधन में कहा कि बोकारो जिला कांग्रेस झारखंड में संगठन के मामले में अग्रणी बनकर उभरेगा और जिले के प्रत्येक कार्यकर्ता की संकल्प शक्ति से संगठन को मजबूत किया जाएगा ।इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अनेक सम्मानित नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें श्री मनोज कुमार, मृत्युंजय शर्मा, शकील अहमद अंसारी, देवाशीष मंडल, परवेज अख्तर, जमील अख्तर, दिगम्बर महतो, मुहक़्तार अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे ।कार्यक्रम में प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी, हजारीबाग के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री जे पी पटेल, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रभारी श्री सूर्यकांत शुक्ला एवं महिला कांग्रेस प्रमुख खलको जी भी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में शोएब हसन, बदरे आलम और त्रिवेणी माहथा का विशेष योगदान रहा ।धन्यवाद ज्ञापन जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष श्री देवाशीष मंडल ने किया।

## अलुवारा के रोहित कुमार तिवारी बने श्रम प्रर्वतन पदाधिकारी

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** चंदनकियारी प्रखंड के पंचायत बाटबिनोर के अलुवारा गांव के रोहित कुमार तिवारी ने भी झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) द्वारा आयोजित सीजीएल- 2023 परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए श्रमप्रर्वतन पदाधिकारी पद हासिल किया है. रोहित कुमार झारखण्ड वनांचल आंदोलनकारी व स्व मंत्री समरेश सिंह के करीबी रहे स्व विकास कुमार तिवारी के पुत्र हैं. उनकी इस उपलब्धि ने गांव और प्रखंड का नाम रोशन कर दिया है. संघर्ष, निरंतर अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण उनकी सफलता की बुनियाद रहे. रोहित शूरू से मेधावी छात्र रहे हैं। खबर मिलते ही गांव में लोग बधाई देने पहुंचने लगे और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की. वहीं रोहित कुमार ने कहा कि यह सिर्फ मेरी सफलता नहीं, मेरे स्वर्गीय पिता जी के सपनों और मेरे परिवार के विश्वास की जीत है. जीवन में जो पाया है, उसमें हर कदम पर माता-पिता, परिवार के अन्य सदस्यों और गुरुजनों का योगदान रहा है. अब लक्ष्य यह है कि सरकारी सेवा के माध्यम से समाज के प्रति उपयोगी और जिम्मेदार भूमिका निभा सकूं.

# केंदुआडीह गैस रिसाव मामला : कोल इंडिया अध्यक्ष ने कहा जान बचाने के लिए अस्थायी स्थानांतरण जरूरी

बिभा संवाददाता



**धनबाद।** केंदुआडीह में जहरीली गैस रिसाव का संकट गंभीर होता जा रहा है। बुधवार को कोल इंडिया के अध्यक्ष सनोज कुमार झा प्रभावित इलाके का निरीक्षण करने पहुंचे। तकनीकी टीमों से रिपोर्ट लेने के बाद उन्होंने स्थिति को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि मौजूदा हालात अपने आप सुधरने वाला नहीं है। ऐसे में लोगों की जान बचाने के लिए अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरण फिलहाल एकमात्र विकल्प है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह स्थायी विस्थापन का मामला नहीं है, बल्कि जानलेवा खतरे से बचने के लिए अस्थायी कदम है। अध्यक्ष श्री झा ने बताया कि कई स्थानों पर कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा खतरनाक स्तर से ऊपर पाई गई है। प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की गई है और बीसीसीएल द्वारा अस्थायी राहत केंद्रों में भोजन, रहने और चिकित्सा की पूरी व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। तकनीकी समाधान और गैस निकासी का कार्य जारी है, हालांकि प्रक्रिया में समय लग सकता है।

कोल इंडिया के तकनीकी निदेशक अच्युत घटक ने चेताया कि गैस रिसाव की समस्या समय के साथ और गंभीर हो सकती है। समाधान में कितना समय लगेगा, यह कहना मुश्किल है। 10 दिन, 15 दिन या डेढ़ महीना। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्थिति की गंभीरता को समझते हुए स्वेच्छा से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट हों।

वहीं, बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच जारी है। देश की विशेषज्ञ एजेंसियां जमीनी स्तर पर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सर्वोच्च प्राथमिकता केवल और केवल लोगों की सुरक्षा है। स्थायी विस्थापन या पुनर्वास जैसे मुद्दों पर बाद में अलग से चर्चा होगी।

कुल मिलाकर अधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि गैस की मात्रा जानलेवा स्तर पर पहुंच चुकी है, इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है।

## छोड़ी हुई अंडरग्राउंड गैलरी से निकली जहरीली गैस : बीसीसीएल सीएमडी



**धनबाद।** केंदुआडीह में हुई जहरीली गैस रिसाव के बाद बीसीसीएल की टीम के शुरूआती टेक्निकल असेसमेंट से पता चला है कि यह गैस छोड़ी हुई अंडरग्राउंड गैलरी से निकली थी। बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि केंदुआडीह गैस रिसाव मामले में वैज्ञानिक निगरानी, चिकित्सा व्यवस्था, राहत संचालन और पुनर्वास गतिविधियां हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राजपूत बस्ती व आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैस का रिसाव जारी है। यह स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी सुरक्षा के लिए लोगों को लगातार जागरूक कर रही है। समस्या के स्थायी व दीर्घकालीन निदान के लिए साइंटिफिक एजेंसी आइआइटी आइएसएम, सिंफर व सीएमपीडीआइ आदि को लगाया गया है। एजेंसी के मुताबिक, लोगों को सुरक्षित स्थान पर चले जाना ही स्थायी समाधान है। बीसीसीएल के सीएमडी ने बताया कि बीसीसीएल और एनडीआरएफ की संयुक्त टीमें लगातार सर्वेक्षण कर रही हैं। फॉगिंग और वाटर स्प्रे के माध्यम से गैस नियंत्रित करने का कार्य जारी है। कहा कि जब तक प्रभावित इलाके पूरी तरह सुरक्षित न हो जाते हैं, सभी परिवार सम्मानजनक जीवन के साथ अपने नये घरों में ना बस जायें, तब तक अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि तीन दिसंबर को कार्बन मोनोऑक्साइड गैस उत्सर्जन के बाद बीसीसीएल पूर्ण सतर्कता और वैज्ञानिक निगरानी के साथ राहत कार्य चला रहा है। लंबे समय से सक्रिय भू-तापीय आग और धंसान वाले क्षेत्र में अचानक हुए उत्सर्जन के बाद कंपनी ने बिना देर किये बचाव, राहत और तकनीकी उपायों की शुरूआत कर दी थी। एमआरएस टीमों ने कई घरों में गैस का स्तर निर्धारित सीमा से अधिक पाया, जिसके बाद परिवारों की सुरक्षित निकासी की गयी। गैस रिसाव मामले को कोयला मंत्रालय ने गंभीरता से लिया है। मंगलवार को कोल सचिव विक्रम देव दत्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बीसीसीएल और सिंफर के आला अधिकारियों से रिसाव की स्थिति की अद्यतन जानकारी ली। इस दौरान बीसीसीएल की ओर से चलाये जा रहे राहत और बचाव कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। केंदुआडीह क्षेत्र की वर्तमान स्थिति पर सचिव ने अधिकारियों को कई जरूरी दिशा-निर्देश दिये। इस बीच, बुधवार को कोल इंडिया के चेयरमैन सनोज कुमार झा धनबाद आ रहे है। वह गैस प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां की वस्तुस्थिति से अवगत होंगे, ताकि कोयला मंत्रालय को वर्तमान स्थिति से अवगत करा सके।

## उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कोल इंडिया के चेयरमैन का किया स्वागत



बिभा संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा कोल इंडिया के चेयरमैन सरोज कुमार झा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिले से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों, विशेषकर केंदुआडीह में उत्पन्न गैस रिसाव की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक केंदुआडीह क्षेत्र की वर्तमान परिस्थिति, प्रभावित परिवारों की स्थिति, सुरक्षा उपायों तथा तात्कालिक आवश्यकताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। गैस रिसाव की गंभीरता को देखते हुए साइंटिफिक एजेंसियों( आईआईटी आईएसएम, सिंफर, पीएमआरसी एवं सीएमपीडीआई) की रिपोर्ट और सुझावों पर विचार किया गया।

कोल इंडिया के चेयरमैन सरोज कुमार झा ने सभी एजेंसियों के साथ मिलकर बढ़ते गैस रिसाव के कारणों का विस्तार और संभावित समाधान पर गहन मंथन किया। उन्होंने वैज्ञानिक एजेंसी, ठअफ्रटीम तथा स्थानीय अस्पताल को निरंतर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया, तथा बढ़ते खतरे को देखते हुए स्थानीय लोगों से डेंजर जोन से बाहर आने की अपील की।

उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि बेलगाड़िया में प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षित आवास, चिकित्सा सहायता और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। स्थानीय लोगों का रोजगार बाध्य ना हो इसके मद्देनजर बागड़िया से केंदुआडीह के लिए आवागमन हेतु बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा और समयबद्ध राहत उपलब्ध कराना है। क्षेत्र में पुलिस बल, सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय प्रशासन की टीम को लगातार तैनात रखा गया है ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कोल इंडिया चेयरमैन ने जिला प्रशासन के साथ भविष्य में भी पूर्ण सहयोग जारी रखने तथा विकासात्मक परियोजनाओं को और मजबूत बनाने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मंडल कारा धनबाद में मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित



**धनबाद(बिभा)।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को मंडल कारा धनबाद में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के निर्देश पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेन्दु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्हैयालाल ठाकुर, डालसा सहायक सौरभ सरकार, जेलर दिनेश वर्मा, आधिकार मित्र राजेश सिंह उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य बंदियों को उनके मौलिक अधिकारों, विधिक सहायता, निःशुल्क कानूनी सेवाओं तथा सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों की जानकारी देना था। न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को, चाहे वह कारा में ही क्यों न हो, संविधान द्वारा प्रदत्त मानवाधिकार और सम्मान का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बंदियों को संविधान के अनुच्छेद 21, त्वरित न्याय, निःशुल्क विधिक सहायता तथा हिरासत में गरिमापूर्ण व्यवहार से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही जेल में चल रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं—जैसे कानूनी सहायता क्लिनिक, लोक अदालत, पैरवी सहायता एवं परामर्श सेवाओं—की उपयोगिता समझाई। एलएडीसीएस धनबाद की टीम ने बंदियों की समस्याएँ सुनीं और समाधान हेतु आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बंदियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और विधिक सहायता सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### हजारीबाग में अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन, 520 लीटर स्पिरिट व विदेशी शराब बरामद



**हजारीबाग(बिभा):** उपायुक्त हजारीबाग के आदेश के आलोक में जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण, बिक्री तथा परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत कल देर रात बड़ी सफलता प्राप्त हुई। सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन में गुप्त सूचना के आधार पर देर रात लगभग 12:30 बजे चौपारण थाना की सहयोगी टीम, उत्पाद कर्मियों एवं सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवानों के संयुक्त अभियान में चौपारण थाना क्षेत्र के ग्राम भगहर तथा तड़के सुबह लगभग 4 बजे ग्राम ललकिमाटी-करणजुवा में छापेमारी की गई।छापामारी के दौरान ग्राम भगहर स्थित एक घर से लगभग 250 लीटर स्पिरिट बरामद की गई। इसके आधार पर की गई आगे की कार्रवाई में ग्राम ललकिमाटी-करणजुवा के घने जंगलों में संचालित एक मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। यहां से भारी मात्रा में तैयार अवैध विदेशी शराब, कच्चा माल, पैकिंग सामग्री एवं उपकरण बरामद किए गए। इन दोनों स्थानों पर अवैध शराब निर्माण एवं कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद सुमितेश कुमार, सय्यद बसिरुद्दीन, एंटोनी बागे,उत्पाद सिपाही अनूप कुमार सिंह,चौपारण थाना टीम सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब माफियाओं के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### हजारीबाग के पंचमुखी हनुमान मंदिर में देर रात चोरी, दान पेटी तोड़कर नकदी लेकर फरार चोर



**हजारीबाग(बिभा):** हजारीबाग शहर के प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर में देर रात चोरी की वारदात सामने आई है, जिससे श्रद्धालुओं में आक्रोश और चिंता का माहौल है। मंदिर परिसर के सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि रात लगभग 1:10 बजे तीन अज्ञात चोर मंदिर में प्रवेश किए और करीब 26 मिनट तक परिसर में मौजूद रहे। इस दौरान आरोपितों ने दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे पैसे निकाल लिए और लगभग 1:36 बजे वहां से फरार हो गए आज सुबह करीब 5 बजे मंदिर पहुंचे मुख्य पुजारी आशुतोष पांडे ने घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि दान पेटी टूटी हुई थी और आसपास नोट बिखरे पाए गए। संभावना जताई जा रही है कि चोर बड़े मूल्य के नोट लेकर फरार हुए हैं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए आवश्यक जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने कहा कि आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी चोरों की गिरफ्तारी हेतु त्वरित कार्रवाई की जाएगी इस चोरी की घटना ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं तथा स्थानीय लोगों ने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है। पुलिस प्रशासन ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

## उपायुक्त ने सबलपुर स्थित वृद्धा आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के लिए उपलब्ध कराई आवश्यक सुविधाएं

### वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा आपकी सुरक्षा हेतु तत्पर है पुलिस प्रशासन

बिभा संवाददाता



**धनबाद।** सबलपुर स्थित वृद्धा आश्रम में बुधवार को धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा निरीक्षण कर आश्रम में रह रहे वृद्धजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सभी वृद्धजनों का हालचाल जाना, उनकी समस्याएं सुनीं और आश्रम की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। वृद्धजनों ने उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक का तिलक कर स्वागत किया और आशीर्वाद दिया।

उपायुक्त ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की धरोहर हैं, जिनकी देखभाल और सम्मान करना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से उन्होंने आश्रम में निवास कर रहे वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न आवश्यक सामग्रियों और सुविधाओं को उपलब्ध कराया। उन्होंने आश्रम की व्यवस्थाओं में सुधार तथा वृद्धजनों के जीवन को अधिक सुखद, सुरक्षित और आरामदायक बनाने पर विशेष जोर दिया।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा की जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन हर वक्त आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु तत्पर है किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस होने पर तुरंत संपर्क करें इसके लिए उन्होंने अपना तथा स्थानीय थाना का मोबाइल नंबर भी सभी को मौके पर उपलब्ध कराया। उपायुक्त श्री रंजन द्वारा आश्रम को 30 सेट बेड (तकिया, गद्दा, कंबल, बेडशीट), 3 स्मार्ट टीवी, 1 बड़ी फ्रीज, बड़ी वाशिंग मशीन, कूलर, पंखा, रूम हीटर, योगा मैट, कुर्सी, आरओ वाटर फिल्टर समेत दर्जनों आवश्यक सामग्रियां बैंक ऑफ इंडिया के सीएसआर फंड से उपलब्ध करायी गईं। इन सामग्रियों के मिलने से आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों को दैनिक जीवन में सुविधा और आराम मिलेगा।

वृद्धजनों ने जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाए गए सामान और संवेदनशील पहल के लिए उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की इस पहल से उन्हें परिवार जैसा स्नेह और सुरक्षा का अनुभव हुआ है। इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप सहित बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर दिनेश प्रसाद एवं अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## झरिया निवासी सुरेश महतो की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

बिभा संवाददाता

**धनबाद।** झरिया निवासी सुरेश महतो (45) की बुधवार को हुए एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना बरवाअड्डा के किसान चौक के समीप उस समय घटी, जब सुरेश महतो सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जाता है कि सुरेश कृषि बाजार समिति से फल खरीदने गए थे। रोज की तरह बुधवार को भी वह घर से फल लाने निकले थे। वह अपने परिवार के साथ ससुराल में रहते थे और ठेला लगाकर विभिन्न इलाकों में घूम-घूमकर फल बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी।

बरवाअड्डा थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सुरेश महतो को आनन-फानन में धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में जैसे ही उनके परिजन पहुंचे, चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि किसान चौक के पास आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन इस पर रोक लगाने के लिए अब तक ठोस कदम नहीं उठा गया हैं।

## धनबाद पुलिस केंद्र में नवनिर्मित परिवहन शेड का उद्घाटन, महत्वपूर्ण अवसरों पर अतिरिक्त बल की तैनाती में होगी मदद

बिभा संवाददाता



**धनबाद।** पुलिस केंद्र में बुधवार को नवनिर्मित परिवहन शेड का उद्घाटन उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एसडीएम राजेश कुमार और नगर आयुक्त रविराज शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी भी उपस्थित थे।

एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि यह परिवहन शेड मुख्य रूप से पुलिस वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने के लिए तैयार किया गया है। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव, दुर्गा पूजा सहित बड़े आयोजनों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और अस्थायी ठहराव में यह शेड काफी उपयोगी साबित होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए शेड के समीप शौचालय का निर्माण भी कराया जाएगा।

उपायुक्त आदित्य रंजन ने इस पहल को पुलिस केंद्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित शेड का उचित रखरखाव आवश्यक है, ताकि इसकी उम्र बढ़े और लंबे समय तक इसका बेहतर उपयोग किया जा सके।

## तिब्बती समुदाय ने मनाया विश्व शांति दिवस, दलाई लामा की दीर्घायु के लिए विशेष प्रार्थना : सफाई कर्मियों के बीच बांटे 800 कंबल

बिभा संवाददाता



**धनबाद।** तिब्बती समुदाय ने बुधवार को पार्क मार्केट हीरापुर स्थित तिब्बती वूलन मार्केट और चिल्ड्रन पार्क न्यू स्टेशन कॉलोनी पुराना बाजार स्थित तिब्बती रिफ्यूजी वूलन मार्केट में विश्व शांति दिवस और विश्व मानवाधिकार दिवस का संयुक्त आयोजन किया। यह कार्यक्रम 14वें दलाई लामा को 36 वर्ष पूर्व मिले नोबेल शांति पुरस्कार की तिथि को स्मरण करते हुए आयोजित किया गया। इस दौरान दलाई लामा के 90 वर्ष पूरे होने पर उनकी दीघार्यु, विश्व शांति और वैश्विक सद्भाव के लिए विशेष प्रार्थना और पूजा-अर्चना की गई। मार्केट के प्रधान ओलो ने बताया कि यह दिन तिब्बती समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं महिला सदस्य करुणा ने कहा कि इस वर्ष को करुणा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य मानवता, भाईचारे और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व को आगे बढ़ाना है।

कार्यक्रम के दौरान धनबाद नगर निगम के सफाई कर्मियों के बीच 800 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा समेत नगर निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। तिब्बती समुदाय के सदस्यों ने बताया कि जरूरतमंदों की सहायता करना इस दिवस का मूल संदेश है, जो करुणा और मानवाधिकारों की रक्षा की भावना को मजबूत करता है।


## कांग्रेस के संगठन को मजबूत कर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाए : केशव


बिभा संवाददाता



**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन, बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) चयन तथा फॉर्म-2 भरने की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की । मुख्य अतिथि के रूप मैं उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय करने, समयबद्ध तरीके से कमेटियों के गठन को पूरा करने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी कांग्रेसियों का कर्तव्य है । उन्होंने कहा कि संगठन सृजन 2025 में संगठन को युद्ध स्तर पर मजबूत कर आने वाले लोकसभा के चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है ।और ये लक्ष्य तब ही पुरा हो सकता है जब हम सभी भेद-भाव को भूला कर ईमानदारी से कांग्रेस पार्टी का कार्य करते रहें ।उन्होंने कहा की जिस तरह से हमारे प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी तमाम तथ्यों के साथ वोट चोरी का उजागर किया है हमें वोट चोर गद्दी छोड़ दिल्ली की रैली में शामिल होकर राम लीला मैदान को भर देना है । कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया ।मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी जलेश्वर महतो प्रदेश से आए पदाधिकारी अमूल निरज खलको, सुर्य कांत शुक्ला विशिष्ट रूप से उपस्थित हुए । जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह पूर्व सदर विधानसभा के प्रत्याशी मुन्ना सिंह एससी सेल प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान वरिष्ठ कांग्रेसजन महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयुआई कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्षगण नगर अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्षगण प्रकोष्ठ और मंच मोर्चा के अध्यक्षगण जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण तथा कार्यकर्तागण सैकडों की संख्या में उपस्थित थे ।

## स्विफ्ट डिजायर कार से गाय-बछड़े बरामद, तीन युवक फरार





बिभा संवाददाता

**धनबाद।** बुधवार की अहले सुबह एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार को लेकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार धनसार की ओर से आ रही कार काफी तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाई जा रही थी। वाहन की संदिग्ध चाल देखकर बैंक मोड़ पुलिस ने कार को रुकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने पुलिस की अनदेखी करते हुए वाहन को और तेज कर दिया।

पुलिस द्वारा पीछा किए जाने के दौरान चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और कार श्रीराम प्लाजा के पास डिवाइडर से जा टकराई। हादसे के तुरंत बाद कार में सवार तीन युवक मौके पर कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन तीनों के बारे में कोई सुराग नहीं मिल पाया।

वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस टीम हैरान रह गई। कार के भीतर एक गाय और दो बछड़े लदे हुए मिले। पुलिस को आशंका है कि पशुओं को अवैध रूप से कहीं ले जाया जा रहा था। पशुओं और वाहन को कब्जे में लेकर बैंक मोड़ थाना लाया गया। धनबाद डीएसपी (विधि-व्यवस्था) नौशाद आलम ने बताया कि वाहन पर प्रेस का लोगो लगा था और कार में पशुओं को लादा गया था। उन्होंने बताया कि प्रथमदृष्टया यह पशु तस्करी का मामला लग रहा है, गाड़ी के नंबर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बंगाल में उभरते हिन्दू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण



ललित गर्ग

**पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है।**

पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोचार्बंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है, या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है।

पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके।

निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। 'गजवा हिंद' के प्रलापों के प्रतिकार में 'भगवा हिंद' का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि 'यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी' बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा।




इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि 'राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा' एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा।

इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। परंतु यदि हिंदू मतदाता नए सांस्कृतिक उभार से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं, तो पहली बार बंगाल की सत्ता-समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और संघ परिवार का प्रयास भी इसी दिशा में है कि धार्मिक सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना का मंच बनाकर हिंदू अस्मिता को वैचारिक शक्ति प्रदान करना। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक प्रवचनीय हस्तक्षेपों द्वारा बंगाल में हिंदू एकता और पहचान को जागृत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। इस राजनीतिक परिपाटी में बाबा बागेश्वर जैसे मंच प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, धर्म-सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना की पाठशाला में बदला जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा का बंगाल में सक्रिय होना उसी रणनीति की कड़ी है, क्योंकि उनका सशक्त भाषण हिंदू भावनाओं को झकझोरता है। बंगाल जिसकी पहचान बौद्धिक विनम्रता, कविता, महात्म्य और सहिष्णुता से जुड़ी रही है, वह अब टकराव, ध्रूवीकरण और प्रतिआक्रामकता की ओर बढ़ता दिख रहा है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों में भावनात्मक आवेश बढ़ रहा है और नेताओं द्वारा इस माहौल को चुनावी लाभ के लिए साधने की त्रासद कोशिशें तेज हैं। यह परिस्थिति बंगाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौतीपूर्ण है।

फिर भी एक बात निर्विवाद है-बंगाल में एक नई चेतना, एक नई आकांक्षा जन्म ले रही है। यह पूर्ण क्रांति है या क्रांति का शंखनाद, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, परन्तु प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। हिंदू पहचान की राजनीति बंगाल में निर्णायक होती जा रही है, मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति पहली बार चुनौती में दिखाई दे रही है और ममता बनर्जी की सत्ता को सांस्कृतिक विरोध का नया मोर्चा मिला है। अब यह समय बताएगा कि यह उभार सत्ता बदलता है या सामाजिक संवाद को बदलता है। लेकिन इतना तो तय है कि बंगाल की राजनीति अब केवल विकास, योजनाओं और नेतृत्व की नहीं, बल्कि पहचान, इतिहास और प्रभुत्व की राजनीति बन चुकी है। यही कारण है कि धार्मिक मंचों की आवाजें चुनावी मैदान की धड़कन बन रही हैं। बंगाल अपने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जहाँ राम का दावा और राम की भूमि का संकल्प राजनीति, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करने वाला तत्व बन चुका है।

न केवल मुस्लिम तुष्टिकरण बल्कि भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रक्रिया बन गयी है। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का या अब बाबरी मस्जिद का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को पश्चिम बंगाल में सेकेंड क्लास सिटिजन एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की उसकी सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलकती रही है। ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। पश्चिम बंगाल में जो चल रहा है वह महज 'बागेश्वर बनाम बाबरी विवाद' नहीं है, यह सांस्कृतिक-धार्मिक पुनर्स्थापन की कोशिश बनाम राजनीतिक मुस्लिम केंद्रवाद की प्रतिस्पर्धा है। अभी के लिए, बंगाल की जमीन पर धर्म, राजनीति और पहचान का नया त्रिकोण उभर चुका है और वही आने वाले समय में बंगाल की राजनीतिक दिशा, सामाजिक संबंधों और सत्ता के समीकरणों को आकार देगा।

## संपादकीय

### गोवा अग्निकांड - असली दोषी कहां हैं

गोवा के रोमियो लेन नाइट क्लब में शनिवार रात लगी आग में 25 लोग अकाल मौत मारे गए। यह हादसा गोवा की बड़ी त्रासदियों में से एक माना जा रहा है। अक्टूबर से लेकर फरवरी-मार्च तक गोवा में पर्यटकों की भीड़ होती है। खासकर विदेशी पर्यटकों के लिए यह बड़ा आकर्षण का केंद्र रहा है। जम्मू-कश्मीर की तरह गोवा का मुख्य व्यवसाय भी पर्यटन ही है। लेकिन इस घटना ने गोवा में पर्यटकों की सुरक्षा पर बड़ा निशान खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त क्लब में आग लगी, करीब डेढ़ सौ लोग वहां थे। हालांकि मरने वालों में 20 लोग क्लब के कर्मचारी थे और उनके साथ पांच पर्यटकों की मौत हुई। इनमें से चार तो दिल्ली के एक ही परिवार के सदस्य थे। शनिवार रात के हादसे के बाद रविवार सुबह ही मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने क्लब का दौरा करते हुए जांच के आदेश दिए थे। साथ ही चेतावनी थी कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अब सवाल ये है कि इस हादसे का दोषी किसे माना जाएगा। प्रत्यक्ष तौर पर तो क्लब के मालिकान सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा ही हादसे के दोषी हैं, और उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई। लेकिन ये दोनों भाई तो रविवार सुबह साढ़े पांच बजे ही देश छोड़कर निकल चुके थे। मतलब मुख्यमंत्री जब दोषियों को पकड़ने के आदेश दे रहे थे, जिस वक्त पुलिस मौके पर सबूत जुटा रही थी और आग बुझाने की कोशिशें चल रही थीं, उस समय तक लूथरा बंधु देश से निकल चुके थे। ये भाजपा के सख्त प्रशासन की असलियत है। हैरानी की बात ये है कि सात दिसम्बर की सुबह लूथरा बंधु भाग चुके थे और शायद पुलिस इससे बेखबर थी, क्योंकि सात तारीख की शाम को गोवा पुलिस के अनुरोध पर दिल्ली पुलिस ने लूथरा बंधुओं के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया था। जबकि मुंबई में ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन ने जानकारी दी कि दोनों भाई सात दिसंबर की सुबह 5.30 बजे यानी घटना के फौरन बाद इंडिगो की सीधी फ्लाइट से थाइलैंड के फुकेत भाग चुके थे। अब गोवा पुलिस दोनों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए इंटरपोल से मदद ले रही है। लेकिन पिछले अनुभव बताते हैं कि भगोड़ों को वापस लाने में मोदी सरकार नाकाम ही रही है। विजय माल्या, नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चोकसी ये सब कहां हैं, क्या कर रहे हैं, इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इनमें से कुछ भगोड़े तो विदेश में आलीशान दावतें करते हैं और देश से कई नामी-गिरामी लोग उन दावतों में शामिल होते हैं, फिर भी इनका बाल भी बांका नहीं होता, क्योंकि धन और सत्ता का रक्षाकवच इनके पास है। अब देखना होगा कि लूथरा बंधुओं को यह कवच मिलता है या नहीं। वैसे थाइलैंड भागने की उनकी योजना बताती है कि वो कितने शातिर हैं। थाईलैंड में भारतीयों को प्रवेश करने पर वीजा मिल जाता है। ऐसे में उन्हें थाइलैंड जाने में कोई दिक्कत नहीं हुई।

## चिंतन-मनन

### मन की तेज गति

नौका नदी के उस पार जा रही थी। अनेक व्यक्ति उस पर सवार थे। भार अधिक हो गया। नौका डगमगाने लगी। नाविक ने कहा - नौका डूब जाएगी। यदि सबको बचना है तो स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपना सारा सामान नदी में बहा दो, अन्यथा सामान के साथ-साथ प्राण भी जाएंगे। सबने अपने जीवन की सुरक्षा को महत्व देते हुए सामान नदी में डाल दिया। एक बनिये के पास तीन खाली डिब्बे और एक रूपयों से भरा डिब्बा था। उसने खाली डिब्बे पानी में डाल दिए। नाविक ने कहा - इस वजनी डिब्बे को डाल दो। बनिये ने रूपयों को ऐसे व्यर्थ बहाना उचित नहीं समझा। वह डिब्बे को साथ ले नदी में कूद पड़ा। नौका हल्की हो गई। पर वह बनिया उस डिब्बे के भार से दबकर डूब गया। यदि वह खाली डिब्बे के साथ कूदता तो संभव है बच जाता, पर भरे हुए डिब्बे ने उसे डुबो दिया।

कहने का अर्थ यह है कि लोगों का भरे हुए पर अधिक विश्वास है, खाली पर नहीं। काम में लगे रहते हैं तो समझते हैं भरे हुए हैं, समय का उपयोग हो रहा है। जब खाली होते हैं तब समझते हैं, आज तो समय व्यर्थ खो रहे हैं। लोग खाली रहना नहीं जानते और खाली रहने के समय का उपयोग करना भी नहीं जानते। आदमी खाली कहां रह पाता है? जब उसके पास कोई काम नहीं होता, तब भी वह खाली नहीं है। उसके मन का चक्का इतनी तीव्र गति से घूमता है कि दुनिया की सारी स्मृतियां उस समय उभर आती हैं। मस्तिष्क विचारों से, संकल्प-विकल्पों से भर जाता है। कहां है खाली वह आदमी? उसका दिमाग भरा ही रहता है।

# पहाड़ केवल जमीन नहीं, प्रकृति के श्रृंगार हैं



दिलीप कुमार पाठक



अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस हर साल 11 दिसंबर को मनाया जाता है। यूएनओ ने 2003 में पर्वतों के महत्व और उनके संरक्षण के बारे में घोषणा की। पर्वत न केवल प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं बल्कि यह वनस्पति, जलीय स्रोत और जैव विविधता के भी महत्वपूर्ण स्रोत हैं। अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस का उद्देश्य लोगों को पर्वतों की सुरक्षा की आवश्यकता और महत्व को समझाना है, पर्वतों की स्थिति में भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में कई प्रमुख पर्वत श्रृंखलाएँ स्थित हैं। देश के कुल भूमि क्षेत्र का लगभग 30 प्रतिशत भाग पर्वतों से आच्छादित है।

पर्वतों की सुरक्षा के लिए सतत विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन और भीषण दोहन के कारण आज पहाड़ों पर गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं, अनियंत्रित और अत्यधिक पर्यटन ने प्रदूषण, विशेष रूप से गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक कचरे की समस्या को गंभीर बना दिया है। पर्वतीय कस्बों में अपशिष्ट निपटान की अपर्याप्त सुविधाओं के कारण नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान हो रहा है। बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अति-दोहन किया जा रहा है। अरावली जैसी पर्वतमालाओं में अनियंत्रित खनन ने पर्यावरण को गंभीर रूप से घायल किया है, जिससे मरुस्थलीकरण और जल संकट जैसी समस्याएँ उत्पन्न हुई हैं। पर्वतीय समुदायों को अक्सर गरीबी, अपर्याप्त बुनियादी ढांचे और सीमित डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए इनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। पर्वत न केवल पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए बल्कि तालाबों में बसे लाखों लोगों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। ये हैं दुनिया की प्रमुख नदियाँ और जल चक्र में अहम भूमिका निभाते हैं। इस दिन पहाड़ों के विकास और उनसे मिलने वाले अवसरों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह लोगों को पर्यावरण में पर्वतों की भूमिका और उनके जीवन पर प्रभाव के बारे में शिक्षा देता है। अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस का इतिहास 1992 से शुरू हुआ, जब संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण और विकास सम्मेलन के अध्याय 13 में संवेदनशील प्रशिक्षण तंत्र का प्रबंधनः सतत विकास के तहत विशिष्टता को शामिल किया गया था। यह पर्वत विकास के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुआ। पहाड़ों के महत्व की ओर बढ़ते ध्यान को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2002 को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय पर्वत वर्ष घोषित किया और 2003 से हर साल 11 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस ????का निर्णय लिया। इसलिए, पहली बार अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस 11 दिसंबर 2003 को मनाया गया था।

पर्वतों में प्रकृति के अनमोल रत्न शामिल हैं जिनका हमें संरक्षण करना चाहिए। ये हैं दुनिया की 15% आबादी के घर और आसपास के आदिवासियों के समूह में शामिल हुए हैं। पहाड़ के किसानों को जीवन के लिए ताजा पानी उपलब्ध कराते हैं, कृषि को बनाए रखते हैं और स्वच्छ ऊर्जा और औषधियों की आपूर्ति में मदद करते हैं। दुर्भाग्य से, जलवायु परिवर्तन, भारी दोहन और प्रदूषण के कारण पर्वत खतरे में हैं, जिससे न केवल पर्यावरण बल्कि वहां रहने वाले लोगों के लिए भी खतरा बढ़ रहा है। जैसे-वैश्विक तापमान बढ़ रहा है, पर्वतीय तापमान बढ़ रहा है, जिससे नीचे के क्षेत्र में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग, जो दुनिया के सबसे गरीब समुदायों में से हैं, जीवित रहने के लिए और भी बड़े-बड़े संकटों का सामना कर रहे हैं। ठेकों के कारण, कृषि, सुपरमार्केट या दुकानदारों के लिए किसानों को साफ करने से मिट्टी का कटाव और आवासों का नुकसान हो सकता है। कटाव और प्रदूषण न केवल जल प्रवाह की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि मिट्टी की वास्तुकला को भी कम करते हैं। दरअसल, पूर्वोत्तर देशों में 311 मिलियन ग्रामीण पर्वतीय लोग क्षेत्र में रहते हैं, जहां भूमि का स्थिरीकरण हो रहा है, और इनमें से 178 मिलियन लोग खाद्य सुरक्षा के खतरे का सामना कर रहे हैं। यह समस्या हम सभी को प्रभावित करती है। हमें अपने कार्बन फुटप्रिंट्स को कम करना चाहिए और इन प्राकृतिक खजानों की देखभाल करनी चाहिए। आज का दिन पर्वतों के जीवन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। यह पर्वतीय विकास से जुड़े अवसरों और परिचय को दशार्ता है और पहाड़ी इलाकों और पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव के लिए सहयोग को बढ़ावा देता है।

पर्वत हमारे पर्यावरण, जीवन और संस्कृति का हिस्सा हैं। संबंधित तथ्यों का पता लगाना केवल ज्ञान की आवश्यकता नहीं है, बल्कि सुरक्षा की आवश्यकता को पूरा करना भी आवश्यक है। पर्वत प्रकृति की अनमोल देन हैं, इन्हें संरक्षित रखना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

# वंदे मातरम पर चर्चाः सवाल नीति और नीयत का



निर्मल रानी

भारतीय संसद में शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक विशेष चर्चा आयोजित की गयी। गौर तलब है कि संस्कृत और बांग्ला भाषा के मिश्रण से तैयार किया गया यह गीत पहली बार 1882 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित उनकी बांग्ला उपन्यास आनंदमठ में प्रकाशित हुआ था। 24 जनवरी 1950 को भारत की संविधान सभा ने इसी गीत अर्थात ₹वन्दे मातरम्₹ को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया। आज देश में इस गीत को भी राष्ट्रगान अर्थात ₹जन गण मन₹ के ही समकक्ष सम्मान प्राप्त है। सभी सरकारी और आधिकारिक कार्यक्रमों में जब इसे गाया या बजाया जाता है, तो सभी लोग इसके सम्मान में खड़े होते हैं। परन्तु हमारे देश में मुस्लिम उलेमा का एक वर्ग ऐसा है जिनका मानना है कि धरती-माँ को इस तरह देवी के रूप में पूजना और उसके सामने सजदा करना इस्लाम विरोधी (शिर्क) है। और अल्लाह के सिवा किसी को सजदा करना हराम है। इस विचारधारा का प्रतिनिधित्व खासतौर पर देवबंदी अथवा जमाअत-ए-इस्लामी से सम्बंधित अतिवादी वर्ग के लोग ही करते हैं। जबकि अधिकांश मुस्लिम राष्ट्रप्रेम का हिस्सा मानते हुये इसे गाते भी हैं। परन्तु राष्ट्रगान 'जन गण मन' का विरोध करने वाले हिंदूवादी विचारधारा से जुड़े लोग खासकर संघ व भाजपा वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस पार्टी पर मुस्लिम परस्त होने का इलजाम लगाती रहती है। यही कोशिश गत दिनों संसद में ₹वंदे मातरम₹ पर चर्चा के दौरान देखने को भी मिली। खासकर इस चर्चा का ऐसे समय में होना जबकि अगले वर्ष बंगाल में चुनाव भी प्रस्तावित हैं, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशों की तरफ इशारा करता है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने लोकसभा में 'वंदे मातरम' पर बहस के दौरान सरकार पर तीखा प्रहार करते हुये यह कहा भी कि राष्ट्रगान पर बहस की कोई जरूरत नहीं क्योंकि यह पहले से ही राष्ट्रगान है। प्रियंका गांधी ने भी यही दावा किया कि यह चर्चा बंगाल चुनावों को ध्यान में रखकर जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने 'वंदे मातरम' को भारत की आत्मा का हिस्सा बताया, जो गुलामी से जागरण का प्रतीक है और आधुनिक राष्ट्रवाद की अभिव्यक्ति है। उल्टे प्रियंका गांधी ने संविधान सभा में दो छंद अपनाने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विरोध न करने का ही सवाल उठा कर भाजपा को ही घेरने की कोशिश की। राजयसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सत्ता से सवाल किया कि जब भाजपा के पुरखे श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मुस्लिम लीग के साथ बंगाल में सरकार चला रहे थे, तब आपकी देशभक्ति कहां थी? बहरहाल, इसी तरह के मुद्दों को उठाकर कांग्रेस को मुस्लिम परस्त बताने व हमेशा ही कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाने वाली भाजपा को कम से कम देश को एक बात यह भी बतानी चाहिये कि जिस दारुल उलूम देवबंद व जमाअत-ए-इस्लामी ने वंदे मातरम का विरोध किया था, जिस जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने 1937-39 में जारी अपने फतवे में वंदे मातरम को गाना 'हराम' बताया था। उसी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से तो भारत बेहतर रिश्ते बनाने की तरफ आगे बढ़ रहा है?

गत अक्टूबर माह में ही अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्तकी ने भारत का छह-दिवसीय दौरा किया। इस दौरे के दौरान मुत्तकी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार, मानवीय सहायता, शिक्षा और आर्थिक सहयोग पर चर्चा हुई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनुमति से संभव यह यात्रा भारत-अफगानिस्तान संबंधों को मजबूत करने का संकेत मानी गई। मुत्तकी ने अपने भारत प्रवास के दौरान केवल राजकीय यात्रा मात्र ही नहीं की बल्कि इस दौरान उन्होंने 11 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में स्थित दारुल उलूम देवबंद अर्थात अपने 'वैचारिक प्रेरणा केंद्र' का भी दौरा किया। यह वही दारुल उलूम देवबंद तो है जिसने वंदे मातरम के एक हिस्से को गाने का विरोध किया था? मुत्तकी ने अपने भारत दौरे के बीच दारुल उलूम देवबंद पहुंचकर व देवबंदी मसलक से जुड़े दारुल उलूम के उलेमा, छात्रों और अफगान छात्रों से मिकर केवल अपनी अतिवादी वैचारिक प्रतिबद्धता ही नहीं दोहराई बल्कि उन्होंने दिल्ली में ही आयोजित अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिलाओं को प्रवेश न देकर भी यह साबित कर दिया कि महिलाओं के प्रति इस सोच विचार के लोग कितनी असहिष्णुता का भाव रखते हैं। परन्तु आश्चर्य है कि भाजपा सरकार वंदे मातरम गायन का विरोध करने व इसे हराम बताने वाली विचारधारा व इसके रहनुमाओं को तो गले से लगाती है। इनके स्वागत में लाल कालीन बिछाती है परन्तु कांग्रेस पर वंदे मातरम विरोधी होने का आरोप मढ़ती है? परन्तु जब कांग्रेस संविधान सभा में इस गीत के दो छंद अपनाने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विरोध न करने का सवाल उठाती है तो भाजपा बगलें झाँकने लगती है? आज देश बेरोजगारी व मंहगाई से बुरी तरह जूझ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत रसातल तक पहुँच गयी है। 2012-13 के मध्य जब डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की कीमत 60-68 के बीच लुढ़क रही थी। उस समय नरेंद्र मोदी ने यूपीए सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुये कहा था कि ₹हमारी मुद्रा मृत्युशैया पर है, यह टर्मिनल स्टेज पर है और इसे तुरंत डॉक्टर की जरूरत है₹। उसी समय मोदी ने जोर देकर यह भी कहा था कि रुपये की गिरावट से प्रधानमंत्री की इज्जत गिरती है, क्योंकि रुपया केवल कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा होता है। उस समय मोदी ने इसे तत्कालीन यू पी ए सरकार की आर्थिक नाकामी करार दिया था। परन्तु आज तो 1 डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 90 के करीब पहुँच चुकी है। आज देश की संसद में इसपर चर्चा क्यों नहीं होती? दरअसल मोदी सरकार ने अपनी पूरी ताकत देश का साम्प्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण करने में झोंक रखी है। खासकर चुनावों के समय ऐसी कोशिशों में और भी तेजी आ जाती है। बड़ा आश्चर्य है कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राष्ट्रगान तक का विरोध करने वाले, गांधी की हत्या पर जश्न मनाने व मिठाइयां बांटने वाले, भारतीय संविधान को न पचा पाने वाले लोग आज सत्ता में आने के बाद बड़े ही शातिर तरीके से स्वयं को महान देशभक्त व धर्म के 'अभिरक्षक ' बनने की कोशिश कर रहे हैं। और देश के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाते हुये फांसी के फंदे पर झूलने व अंग्रेजों की यातनायें झेलने वाली कांग्रेस को वंदे मातरम विरोधी तो कभी मुस्लिम परस्त तो कभी पाक परस्त बातकर मुद्रा पतन से लेकर मंहगाई बेरोजगारी जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकने की कोशिश करती रहती है। गत दिनों संसद में वंदे मातरम पर हुई चर्चा भी जनहितकारी मुद्दों से ध्यान भटकने की ऐसी ही एक कोशिश थी जिसमें वंदे मातरम को लेकर भाजपा की नीति और नीयत का अंतर साफ नजर आया।



# उत्तराखंड की वह जगह जहाँ लंका दहन के बाद हनुमान जी ने बुझाई थी अपनी पूँछ की आग

**देवभूमि कहा जाने वाला उत्तराखंड राज्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता, खूबसूरत नज़ारों व इतिहास को लेकर दुनियाभर में मशहूर है। उत्तराखंड में कई प्राचीन पहाड़, गंगा-यमुना सहित कई खूबसूरत जगहें हैं। माना जाता है कि इन चोटियों पर देवी-देवताओं के कई रहस्य और कहानियां छिपी हुई हैं। ऐसी ही एक रहस्यमई चोटी उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित बंदरपूंछ ग्लेशियर में भी है। आइए जानते हैं इसके बारे में-**

## रामायण काल है संबंध

बंदरपूंछ का शाब्दिक अर्थ है – 'बंदर की पूंछ'। यह एक ग्लेशियर है जो उत्तराखंड के पश्चिमी गढ़वाल क्षेत्र में स्थित है। यह ग्लेशियर समुद्र तल से लगभग 6316 मीटर ऊपर स्थित है। इसका ग्लेशियर का संबंध रामायण काल से माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार जब लंकापति रावण ने भगवान हनुमान की पूंछ पर आग लगाई थी तो उन्होंने पूरी लंका में आग लगा दी थी। इसके बाद हनुमान जी ने इस चोटी पर ही अपनी पूंछ की आग बुझाई थी। इसी कारण इसका नाम बंदरपूंछ रखा गया। यही नहीं, यमुना नदी का उद्गम स्थम यमुनोत्री हिमनद भी बंदरपूंछ चोटी का हिस्सा माना जाता है।


बंदर पूंछ में तीन चोटियां हैं – बंदरपूछ 1, बंदरपूंछ 2 और काली चोटी भी स्थित है। यमुना नदी का उद्गम बंदरपुंछ सर्किल ग्लेशियर के पश्चिमी छोर पर है। बंदरपूंछ ग्लेशियर गंगोत्री हिमालय की रेंज में पड़ने वाला है। इस ग्लेशियर पर सबसे पहली चढ़ाई मेजन जनरल हैरोल्ड विलयम्स ने साल 1950 में की थी। इस टीम में महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे, सार्जेंट रॉय ग्रीनवुड, शेरपा किन चोक शेरिंग शामिल थे।

## बंदरपूंछ ग्लेशियर जाने का सही समय

बंदरपूंछ ग्लेशियर जाने के लिए सबसे अच्छा समय मार्च से लेकर अक्तूबर का महीना माना गया है। वहीं, अगर आप यहां पर ट्रैकिंग का लुत्फ़ उठाना चाहते हैं तो मई और जून का महीना बेस्ट रहेगा।

## उठा सकते हैं ट्रैकिंग का लुत्फ

सैलानी यहां पर ट्रैकिंग का लुत्फ भी उठाते हैं। इस दौरान आप ट्रैकिंग के रास्ते पर बसंत ऋतु के कई फूल देख सकते हैं। इसके अलावा आपको कई जानवरों की दुर्लभ प्रजातियां भी देखने को मिल सकती है। बता दें कि बंदरपूंछ ग्लेशियर जाने के लिए आपको देहरादून जाना पड़ेगा। वहां से आप उत्तरकाशी के लिए गाड़ी लेकर ग्लेशियर पहुँच सकते हैं।



# जंगली गुलाबों से सजी है लद्दाख की यह घाटी

## खूब लुत्फ उठाते हैं देश-विदेश के पर्यटक

**लेह-लद्दाख अपनी प्राकृतिक सुंदरता और खूबसूरती के लिए देश ही नहीं दुनियाभर में प्रसिद्ध है। लद्दाख को भारत का मुकुट कहा जाता है। लद्दाख में बहुत से पर्यटक स्थल हैं। आज हम आपको लद्दाख में स्थित नुब्रा घाटी के बारे में बताने जा रहे हैं। नुब्रा घाटी लद्दाख की ऊंची और खूबसूरत पहाड़ियों के बीच बसी है। देश ही नहीं दुनियाभर से लोग इस घाटी में घूमने आते हैं। आइए जानते हैं नुब्रा घाटी के बारे में-**

## लद्दाख के बाग के नाम से मशहूर है नुब्रा घाटी

नुब्रा घाटी लेह से 150 किमी की दूरी पर बसी एक आकर्षक और खूबसूरत घाटी है। नुब्रा का मतलब होता है – फूलों की घाटी। यह घाटी गुलाबी और पीले जंगली गुलाबों से सजी है। इसकी सुंदरता की वजह से नुब्रा घाटी को 'लद्दाख के बाग' के नाम से भी जाना जाता है। इस घाटी का इतिहास सातवीं शताब्दी ई। पूर्व पुराना है। इतिहासकारों के मुताबिक इस घाटी में चीनी और मंगोलिया ने आक्रमण किया था। नुब्रा घाटी श्योक और नुब्रा नामक दो नदियों के बीच में बसी है। यहां आकर आप एक अलग तरह की संस्कृति का अनुभव करेंगे। इस घाटी की रेत और आकर्षक पहाड़ियां यहाँ आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। सर्दियों में नुब्रा घाटी का मौसम काफी ठंडा रहता है इसलिए सर्दियों में यहाँ जाना थोड़ा मुश्किल होता है। यहाँ जाने के लिए सबसे सही समय मई से सितंबर तक रहता है।

## नुब्रा घाटी का सफर

अगर आप नुब्रा घाटी जाना चाहते हैं तो आपको सड़क मार्ग से होकर जाना होगा। नुब्रा घाटी पहुंचने के लिए सबसे पहले आपको राष्ट्रीय मार्ग से खर्दुंग ला तक का सफर करना होगा, यह दुनिया का सबसे ऊँचा दर्रा है।। उसके बाद खर्दुंग गांव से होते हुए श्योक घाटी तक पहुँच सकते हैं। श्योक घाटी में बने घर और चारगाह पर्यटकों को खूब आकर्षित करते हैं। नुब्रा घाटी जाने से पहले यात्रियों को दो दिन के लिए लेह में रुकने की सलाह दी जाती है। एक बार जब यात्री यहां के वातावरण में ढल जाते हैं, तब नुब्रा घाटी के लिए आगे की यात्रा शुरू कर सकते हैं। नुब्रा घाटी तक की यात्रा में आपको ऐसी खूबसूरत सड़के मिलेंगी जो आपका दिल जीत लेंगी। नुब्रा घाटी के करीब पहुंचने पर रेत के टीलों के साथ सुनसान सड़क यहाँ आने वाले पर्यटकों का स्वागत करती हैं।

## नुब्रा घाटी का व्यापारिक केंद्र 'डिस्किट'

डिस्किट को नुब्रा घाटी का व्यापारिक केंद्र कहा जाता है। यह गाँव बहुत ही सुंदर है। अगर आपको शांत वातावरण पसंद हैं तो आप डिस्किट से दस किलोमीटर दूर पश्चिम में हंडर की यात्रा कर सकते हैं। यहाँ के मैदानी इलाकों में आपको शांति और सुकून का अनुभव होगा। यहां आपको दो कूबड़ वाले ऊंट देखने को मिल सकते हैं। डिस्किट और हंडर में रुकने के लिए बहुत सारे होटल, होम स्टे, रिसॉर्ट और टेंट उपलब्ध हैं।

## नुब्रा घाटी कैसे पहुंचे

जहाँ पहले परिवाहन की सुविधा ना होने के कारण लेह-लद्दाख जाना कठिन था, वहीं अब कुशोक बकुला रिम्पोछे एयरपोर्ट की वजह से दुनिया के किसी भी हिस्से से लेह जाना बेहद आसान हो गया है। आप दिल्ली से लेह के लिए फ्लाइट ले सकते हैं। इसके बाद आप मनाली और स्पीती के रास्ते निजी वाहन या बस से नुब्रा घाटी पहुँच सकते हैं।



Parth

# पुणे में घूमने के लिए हैं कई बेहतरीन जगहें, आप भी जाएं जरूर

**महाराष्ट्र का सांस्कृतिक केंद्र कहा जाने वाला पुणे एक बेहद ही खूबसूरत जगह है, जहां पर हर किसी को एक बार अवश्य जाना चाहिए। यहां पर आपको कई ऐतिहासिक स्मारक देखने को मिलेंगे तो इस क्षेत्र की आध्यात्मिक महत्ता भी कम नहीं है। अगर आप वीकेंड पर अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी से एक ब्रेक चाहते हैं तो आपको पुणे घूमकर आना चाहिए। यकीन मानिए कि यह स्थान आपको कभी भी निराश नहीं करेगा। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको पुणे में स्थित कुछ बेहतरीन प्लेसेस के बारे में बता रहे हैं-**

## शनिवार वाडा

जब पुणे में घूमने की जगहों की बात होती है तो उसमें शनिवार वाडा का नाम सबसे पहले लिया जाता है। यह महल बाजीराव पेशवा प्रथम द्वारा बनाया गया था। महल में पांच द्वार, नौ बुर्ज, लकड़ी के खंबे और जाली का काम किया है। इस महल के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं, जिसके कारण लोग इस जगह पर आते हैं और एक अद्भुत अनुभव प्राप्त करते हैं।

## आगा खान पैलेस


अगर आप एक इतिहास प्रेमी हैं, तो आपको एक बार इस जगह पर अवश्य जाना चाहिए। 1892 में सुल्तान मोहम्मद शाह आगा खान III द्वारा निर्मित, यह महल भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं का गवाह है। आगा खान पैलेस अकाल से पीड़ित स्थानीय लोगों के बचाव करने से लेकर महात्मा गांधी, उनकी पत्नी कस्तूरबा गांधी, महादेव देसाई और सरोजिनी नायडू की कैद और महादेव देसाई और कस्तूरबा गांधी की मृत्यु का एक चश्मदीद गवाह है। मुख्य महल को अब महात्मा राष्ट्रीय स्मारक में बदल दिया गया है, जहां महात्मा गांधी के जीवन को प्रदर्शित करने वाली तस्वीरें और पेंटिंग रखी गई हैं।

## दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर

यह मंदिर ना केवल पुणे बल्कि महाराष्ट्र में सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। मंदिर हिंदू भगवान गणेश को समर्पित है और इसका निर्माण दगडूशेठ हलवाई द्वारा करवाया गया था। यह मंदिर इतना लोकप्रिय है कि देश के साथ-साथ दुनिया भर से लोग इसे देखने आते हैं। इस मंदिर में यूं तो हमेशा ही एक अलग चहल-पहल रहती है, लेकिन गणेश महोत्सव के समय यहां का नजारा बस देखते ही बनता है।

## पार्वती हिल

पार्वती हिल पुणे में घूमने की बेहतरीन जगहों में से एक है। पार्वती हिल शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित है। पहाड़ी में शिव, गणेश, विष्णु और कार्तिकेय के चार प्रमुख मंदिर हैं। यहां के प्रमुख मंदिर को पार्वती मंदिर कहा जाता है, जो कभी पेशवा शासकों का एक निजी मंदिर था। आगंतुकों को यहां पहुंचने के लिए 108 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। अगर आप यहां हैं तो आपको पार्वती संग्रहालय अवश्य देखना चाहिए क्योंकि इसमें प्राचीन चित्रों और पांडुलिपियों की प्रतिकृतियां हैं।



# टीपू सुल्तान का किला: अवशेष सुनाते हैं बुलंदियों की गाथा

भारत के मुस्लिम स्थापत्य में कर्नाटक राज्य में बेंगलुरु में टीपू सुल्तान उर्फ बेंगलुरु का किला अपना विशेष महत्व रखता है। एक समय में यह भव्य और ऐतिहासिक किला दक्खन के मजबूत किलों में शुमार था और पूरी भव्यता के साथ मौजूद था। विडम्बना ही कह सकते हैं कि इस किले के आज कुछ अवशेष ही शेष रह गए हैं। अवशेष भी किले की भव्यता को बताते हैं और सैलानियों को लुभाते हैं।

यह किला लगभग एक किमी लम्बाई में बना था जो दिल्ली गेट से वर्तमान केआईएमएस परिसर तक फैला हुआ था। सुरक्षा की दृष्टि से किला पानी की चौड़ी खाइयों से घिरा हुआ था। किले की प्राचीर में 26 बुर्जों की कमान थी जी चारों तरफ से महल की रक्षा करते थे। किला असामान्य अंडाकार आकार में था और किले को तोड़ने और कब्जा करने के प्रयास में लॉर्ड कॉर्नवालिस और उनकी सेना द्वारा की गई क्षति के दृश्य चिह्नों के साथ मोटी दीवारों द्वारा संरक्षित किया गया है।

किले की विशिष्ट विशेषताओं में से एक तीन विशाल लोहे के घुंडी वाला एक लंबा द्वार है। दीवारों पर कमल, मोर, हाथियों, पक्षियों और अन्य विस्तृत रूपांकनों की नक्काशी दर्शनीय है। मोटी लैटराइट दीवारें सभी को लुभाती हैं। टीपू के किले को पालक्काड फोर्ट भी कहा जाता है। किला कभी एक महत्वपूर्ण सैन्य छावनी हुआ करता था। आज यह किला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित है। यह स्थल पालक्काड आने वाले सभी पर्यटकों का एक पसंदीदा पिकनिक स्थल है।

## समर पैलेस

अल्बर्ट विक्टर रोड और कृष्णा राजेंद्र के केंद्र में स्थित किले के मध्य बना 'समर पैलेस' इंडो-इस्लामिक वास्तुकला का सुंदर नमूना है। इसे मैसूर के सुल्तान हैदर अली ने बनवाना शुरू किया और टीपू सुल्तान ने उसको 1791 में पूरा करवाया। महल के भव्य मेहराब और कोष्ठक इस्लामी प्रभाव को दर्शाते हैं, जबकि स्तंभों के चारों ओर स्थित कोष्ठक प्रकृति में भारतीय हैं। दुमंजिली इमारत की पहली मंजिल पर चार कोनों पर स्थित 4 शाही कमरे, एक बड़ा हॉल, कक्ष और दो बालकनी हैं जहाँ से सुल्तान अधिकारियों को संबोधित करते थे और अपना राज दरबार आयोजित करते थे।

महल एक मजबूत पत्थर के चबूतरे पर बना है और इसमें उत्कृष्ट नक्काशीदार लकड़ी के खंभे हैं जो पत्थर के आधार पर टिके हुए हैं। यह पेलेस गहरे भूरे रंग में सागौन की लकड़ी से बना खूबसूरत रचना है। इस्लामी कला महल के आंतरिक भाग में 'आनंद का निवास' शिलालेखों के साथ सजा है। आंतरिक भाग में लोग टीपू सुल्तान से जुड़े इतिहास के बारे में जानकारी दी गई है। दीवारों पर पेंटिंग और भित्ति चित्र सुल्तान की बहादुरी और शख्सियतों की कहानियों का वर्णन करते हैं। प्रत्येक छोर पर महल के रंगीन अंदरूनी और दीवारों को देख सकते हैं। ये कभी रत्नों से आच्छादित थे जिन्हें बाद में हटा दिया गया। यहां सुल्तान द्वारा उपयोग किए जाने वाले हथियारों, रॉकेट तकनीक की पूर्णता और उनके कुछ अन्य उपकरणों की एक झलक देखने को मिलती है। उनके टाइगर सिंहासन के चित्र दीवारों पर सुशोभित हैं। भव्य महल का उपयोग राजा द्वारा गर्मियों में किया जाता था और इसे 'एबोड ऑफ हैपीनेस' और 'रैश ए जन्नत' अर्थात 'स्वर्ग की ईर्ष्या' के रूप में जाना जाता है।

## संग्रहालय

किले के एक हिस्से में संग्रहालय बना दिया गया है जिसमें पशु-पक्षियों के माडल, मुद्राएं, अस्त्र-शस्त्र, पोशाक, पुराने बर्तन आदि को प्रदर्शित किया गया है। वर्तमान में वर्तमान में दिल्ली गेट और दो गढ़ों के अवशेष और टीपू सुल्तान का समर पेलेस ही शेष रह गए हैं।

## स्वर्णिम पृष्ठभूमि

ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार किले को शुरुआत में 1537 ई. में विजयनगर साम्राज्य के प्रमुख और बेंगलुरू के संस्थापक केम्पे गौड़ा द्वारा मिट्टी के किले के रूप में बनाया गया था। गौड़ा का एक ऐसा शहर बनाने का सपना था जो हम्पी जैसा सुंदर हो और एक किला, मंदिरों, तालाबों या जल जलाशयों और एक छावनी के साथ एक राजधानी शहर हो। इसलिए गौड़ा ने एक आकर्षक किला बनाया और इसे मिट्टी से मजबूत किया। मुगलों ने 1687 ई. में बैंगलुरू शहर पर कब्जा कर लिया और इसे 1689 ई. में मैसूर के तत्कालीन राजा चिक्का देवराज वोडेयार को पट्टे पर दे दिया, जिन्होंने मौजूदा किले का और विस्तार किया। लगभग 100 साल बाद महान योद्धा टीपू सुल्तान के पिता हैदर अली द्वारा 1781 ई. में किले को पुनर्निर्मित और मजबूत किया गया और टीपू सुल्तान द्वारा पूर्ण किया गया। वर्ष 1791 ई.लॉर्ड कॉर्नवालिस के नेतृत्व में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा किले पर हमला किया गया था, जिसमें लगभग 2,000 लोग मारे गए थे। खूनी लड़ाई के बाद, ब्रिटिश सेना ने महल पर कब्जा कर लिया। अंग्रेजों का किले पर कब्जा होने के बाद उन्होंने ने इसे तोड़ना शुरू कर दिया, यह प्रक्रिया 1930 के दशक तक जारी रही। प्राचीर और दीवारों को तोड कर सड़कों के लिए रास्ता बनाया, जबकि शस्त्रागार, बैरक और अन्य पुराने भवनों को तोड कर कॉलेजों, स्कूलों, बस स्टैंडों और अस्पतालों के लिए रास्ता बनाया। नवंबर 2012 में मेट्रो निर्माण स्थल पर श्रमिकों ने टीपू सुल्तान के समय की तोपों के साथ एक-एक टन वजन वाली 2 विशाल लोहे की तोपों का पता लगाया।

## पर्यटक आते हैं यहां

महल के आस-पास के बगीचों में आराम कर सकते हैं। लोग यहां शांति और सुकून से टहलने और जॉगिंग करने आते हैं। किला देखने के लिए निर्धारित शुल्क लगता है तथा किले के इतिहास और घटनाओं को जानने के लिए गाइड सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह पर्यटकों के लिए प्रतिदिन सुबह 8:30 से शाम 5:30 तक खुला रहता है। पर्यटक बड़ी संख्या में इसे देखने आते हैं। बेंगलुरू देश के सभी बड़े शहरों से हवाई एवं रेल सेवाओं से जुड़ा है। कर्नाटक राज्य के सभी स्थलों से बस सेवाएं उपलब्ध हैं।

## टोल प्लाजा पर सिख युवक से मारपीट और पगड़ी उछालने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र (एजेंसी)। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में टोल प्लाजा पर सिख युवक से मारपीट और उसकी उसकी पगड़ी उछालने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना को लेकर लोगों ने टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किया था। आरोपियों ने टोल ना देने पर युवक से मारपीट की थी, जबकि पीड़ित का कोई टोल नहीं लगता था। जानकारी के मुताबिक पिहोवा में सिख युवक के साथ टोल प्लाजा कर्मचारियों ने मारपीट की थी और पीड़ित की पगड़ी भी उछाल दी थी। बाद में गुस्साए सैकड़ों लोगों ने टोल प्लाजा पर धरना दिया था। किसान जठेबंदियों ने अब इस मामले पर पुलिस का धन्यवाद किया था। टोल के मैनेजर ने किसानों के सामने आकर माफी मांगी और कहा कि आगे से ऐसा नहीं होगा। साथ ही टोल पर काम करने वाले सभी कर्मचारी के गले में आईकार्ड होंगे। जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम ने इस घटना में नरेश कुमार, अमन गिर, गुरदेव सिंह, सोहन सिंह उर्फ़ सोनी, रोबिन व ललित वासीयान गुजरां जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। बता दें 8 दिसंबर 2025 को गुमथलागढ़ पुलिस चौकी को दी अपनी शिकायत में नवनीत सिंह ने बताया कि वह गांव थाने का रहने वाला है और उसे गांव के 10 किलोमीटर के दायरे में टोल प्लाजा आता है। एनएचएआई के नियमों के मुताबिक टोल प्लाजा के क्षेत्र में आने के कारण उनके गांव का टोल नहीं लगता। 8 दिसंबर शाम वह अपने काम से कैथल जा रहा था कि प्लाजा पर टोल देने को लेकर टोल कर्मचारियों ने उसके साथ मारपीट की उसे अपशब्द कहे। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरु की थी।

## महाराष्ट्र कांग्रेस को विधानसभा स्पीकर ने दिया झटका... महाभियोग प्रस्ताव शुरू करने की मांग खारिज

मुंबई(एजेंसी)। महाराष्ट्र कांग्रेस को बुधवार को एक बड़ा झटका लगा है, जहाँ विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने राज्य चुनाव आयुक्त (एसईसी) के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव शुरू करने की मांग को खारिज किया है। सीनियर कांग्रेस विधायक और पूर्व स्पीकर नाना पटोले ने स्पीकर से इसकी मांग की थी। कांग्रेस नेता पटोले ने हाल के स्थानीय निकाय चुनावों में अराजकता और अनियमितताओं का आरोप लगाकर एसईसी पर दिन दहाड़े लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया था। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि मुख्यमंत्री (तत्कालीन मुख्यमंत्री फडणवीस) ने भी अनियमितताओं की अभूतपूर्व प्रकृति को स्वीकार किया है, इसलिए संविधान के अनुच्छेद 243 के तहत महाभियोग की कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए। लेकिन स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मांग को ख़ारिज कर दिया। स्पीकर ने कहा कि पटोले की मांग राज्य विधानसभा के दायरे से बाहर थी और यह हाई कोर्ट के जज पर महाभियोग से जुड़े हाल के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप नहीं थी। एसईसी ने 24 नगर परिषदों और 76 नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के 154 वार्डों में मतदान शुरू होने से ठीक पहले स्थानीय निकाय चुनावों को 20 दिसंबर तक स्थगित कर दिया था। सीएम फडणवीस ने भी स्थगन पर नाराज़गी व्यक्त की थी, यह कहते हुए कि चुनाव निर्धारित होने से एक दिन पहले स्थगन का कोई प्रावधान नहीं है। पार्टी ने स्थगन को एक सोची-समझी राजनीतिक चाल बताते हुए एसईसी की आलोचना की थी और कहा था कि महाराष्ट्र में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अराजकता फैल गई है।

## पीएम मोदी ईवीएम नहीं, लोगों के दिलों को करते हैं हैक : कंगना रनौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के शीतकालीन सत्र के आठवें दिन लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में तीखी नोकझोंक देखने को मिली। जहां राज्यसभा में 'वंदे मातरम' को लेकर बहस छिड़ी रही, वहीं लोकसभा में चुनाव सुधार मुख्य मुद्दा बना रहा। इसी दौरान अभिनेत्री से भाजपा सांसद बनी कंगना रनौत ने कांग्रेस पर विपक्ष में रहते हुए लगातार नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला। लोकसभा में अपनी टिप्पणी के दौरान कंगना रनौत ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईवीएम हैक नहीं करते, वे लोगों के दिलों को हैक करते हैं। यह प्रतिक्रिया उन्होंने उन विपक्षी आरोपों के जवाब में दी, जिनमें ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए जा रहे थे। कंगना ने सदन में उस 'अंतरराष्ट्रीय महिला' की तस्वीर दिखाने पर भी कांग्रेस पर हमला बोला, जिसका प्रयोग राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की आलोचना के दौरान किया था। उन्होंने कहा कि यह उस महिला का अपमान है और वे इसके लिए उससे माफी मांगती हैं। भाजपा सांसद ने विपक्ष पर सदन की कार्यवाही बाधित करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष रोज हंगामा खड़ा कर समय बर्बाद कर रहा है, जिससे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा प्रभावित हो रही है। कंगना ने कहा कि विपक्ष की इस रणनीति के कारण संसद का वातावरण लगातार तनावपूर्ण बना हुआ है और जनहित के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं।

## दिल्ली में फिर एक स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी... खालिस्तान आंदोलन का जिक्र

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियाँ मिलने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को संस्कृति स्कूल को भी इसतरह का धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें खालिस्तान आंदोलन का जिक्र था। संदेश में लिखा था, आज दोपहर 12-05 बजे बम धमाका होगा? पुलिस अधिकारी धमकी को गंभीरता से ले रहे हैं और स्कूलों को छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सलाह दी है।

बुधवार सुबह, स्कूलों ने एहतियात के तौर पर अभिभावकों को अपने बच्चों को लेने के लिए तुरंत सूचना दी। सूचना में छात्रों और अभिभावकों के बीच घबराहट पैदा किए बिना स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने और संभालने के लिए छात्रों को चरणबद्ध तरीके से स्कूल भेजने की प्रक्रिया बताई। स्कूल द्वारा जारी नोटिस में लिखा था, प्रिय अभिभावकगण, स्कूल को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली है। एहतियात के तौर पर, स्कूल बच्चों को छुट्टी दे रहा है। आपसे अनुरोध है कि कृपया नीचे दिए गए समय के अनुसार अपने बच्चे को लेने आ जाए।

# महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करके बुरे फंसे संत अनिरुद्धाचार्य; कोर्ट में परिवाद दर्ज, एक जनवरी को सुनवाई



**मथुरा (एजेंसी)।** वृंदावन के प्रसिद्ध संत और कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करके मुश्किलों में फंस गए हैं। उन्होंने प्रवचन के दौरान कहा था, महिलाएं 25 वर्ष की उम्र में चार जगह मुंह मार लेती हैं। इसलिए उनकी शादी 14 वर्ष की आयु में हो जानी चाहिए। इस बयान को लेकर अखिल भारतीय हिंदू महासभा आगरा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने कोर्ट में शिकायत की थी। मथुरा सीजेएम कोर्ट ने परिवाद यानी शिकायत दर्ज करते हुए मामले में सुनवाई के लिए एक जनवरी 2026 की तारीख तय की है।

अखिल भारतीय हिंदू महासभा आगरा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने मथुरा में मीडिया से बात की। भारतीय हिंदू महासभा आगरा जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने संत अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ न्यायालय में लिखित प्रार्थना पत्र दिया था। उसमें कहा गया था कि कथा प्रवचन के दौरान अनिरुद्धाचार्य महिलाओं पर विवादित टिप्पणी करते हैं जो गलत है। संत ने एक प्रवचन के दौरान कहा था, महिलाएं 25 वर्ष की उम्र में चार जगह मुंह मार लेती हैं। इसलिए उनकी शादी 14 वर्ष की आयु में हो जानी चाहिए। विवादित बयान के बाद जनपद न्यायालय सीजेएम कोर्ट ने मामला संज्ञान में लिया और 1 जनवरी को इस मामले में सुनवाई होगी।

वृंदावन के प्रसिद्ध संत अनिरुद्धाचार्य के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब इंस्टाग्राम फेसबुक पर लाखों फॉलोअर हैं। अनिरुद्धाचार्य की कथा सुनने के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है। वृंदावन परिक्रमा मार्ग पर उनका गौरी गोपाल के नाम से आश्रम बना हुआ है। कुछ महीने पहले वृंदावन में कथा प्रवचन के दौरान शिष्यों ने पूछा लड़कियों की शादी कब हो जानी चाहिए। इस पर संत ने जवाब दिया कि लड़कियों की शादी 14 वर्ष की अवस्था में हो जानी चाहिए। क्योंकि, 25 वर्ष की आयु होते-होते लड़कियां कई जगह मुंह मार लेती हैं जो गलत है।

अधिवक्ता मनीष गुप्ता ने बताया मीरा राठौर के द्वारा सीजेएम कोर्ट में एक लिखित शिकायत की गई थी, उसका कोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट ने वाद को पंजीकृत कर लिया है। अब अगली सुनवाई एक जनवरी 2026 को होगी। इस दिन शिकायतकर्ता मीरा राठौर अपने बयान दर्ज कराएंगी। मीरा राठौर ने कहा ऐसे संतो को जेल भेज देना चाहिए। महिलाओं के खिलाफ अनिरुद्धाचार्य विवादित टिप्पणी करते रहते हैं जो गलत है। मुझे नहीं लगता कि वह असली साधु संत हैं। साधु संतों की यह भाषा नहीं होती है। अगर यही बात कोई मौलाना मौलवी कहता तो उसके मकान-मस्जिद पर बुलडोजर चल जाता। अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया तो मुझे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय में जीत हुई। हम मांग करते हैं मुकदमा दर्ज करके तत्काल अनिरुद्धाचार्य को जेल भेजना चाहिए। अनिरुद्धाचार्य की भाषा बहुत गलत है।

## राहुल गांधी जा रहे हैं जर्मनी यात्रा पर, बीजेपी ने बताया भारत बदनामी यात्रा

### -विदेशी मंचों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ जहर उगलने का लगाया आरोप



नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की होने वाली जर्मनी यात्रा ने राजनीति में हलचल मचा दी है। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने इसे भारत बदनामी यात्रा बताया है और कांग्रेस नेता पर विदेशी मंचों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिए करने का आरोप लगाया। पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी का विदेश यात्रा का फैसला एक बार फिर उनकी स्पष्ट प्राथमिकताओं को दर्शाता है। राहुल 17 दिसंबर को बर्लिन में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के एक बड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे यूरोप भर के आईओसी नेताओं से मिलेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी ने साबित कर दिया है कि विपक्ष के नेता का मतलब पर्यटन का नेता होता है। वह एक गैर-गंभीर राजनेता हैं। लोग काम के मूड में हैं, जबकि वह छुट्टी के मूड में हैं। हमेशा के लिए छुट्टी के मूड में। उन्होंने कहा कि राहुलजी अक्सर विदेश चले जाते हैं, और याद दिलाया कि बिहार चुनावों में जब दूसरे लोग चुनाव प्रचार कर रहे थे, तब वे जंगल सफारी पर थे। जर्मनी यात्रा के पीछे के इरादे के बारे में पूनावाला ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वे किसी कारण से क्यों जा रहे हैं, लेकिन हो सकता है कि वे भारत के खिलाफ जहर उगलना चाहते हों। यह भारत बदनामी ब्रिगेड और भारत बदनामी टूर है। पूनावाला ने कहा कि विदेश नायक एक बार फिर वही कर रहे हैं जो वे सबसे अच्छा करते हैं। विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। संसद 19 दिसंबर तक है, लेकिन खबरों के मुताबिक राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे।

## महाराष्ट्र पुलिस को बड़ी सफलता: गढ़चिरौली में 11 माओवादी कैडरों का आत्मसमर्पण

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल की है, जहाँ प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के 11 सीनियर और हार्डकोर कैडरों ने महाराष्ट्र की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

आत्मसमर्पण करने वालों में कुल 11 कैडर शामिल है। इसमें दो डिवीजनल कमेटी सदस्य, तीन प्लाटून पार्टी कमेटी सदस्य, दो एरिया कमेटी सदस्य, चार आम पार्टी सदस्य शामिल है। इन सभी पर मिलाकर 82 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इतना ही नहीं चार कैडरों ने अपनी वर्दी और हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। इस आत्मसमर्पण में सबसे बड़ा नाम रमेश उर्फ भीमा उर्फ बाजू गुड्डी लेकामी (57 वर्ष), जो भामरागढ़ एरिया का डिवीजनल कमेटी सदस्य था। छत्तीसगढ़ के सुकमा, बीजापुर, कांकेर और नारायणपुर जिले में महिलाओं ने भी आत्मसमर्पण किया है। यह इस साल का सबसे बड़ा सरेंडर नहीं है, लेकिन इसका महत्व बहुत अधिक है। बात दें कि साल 2025 में अब तक गढ़चिरौली में 112 हथियारबंद माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं। अक्टूबर 2025 में पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फभूपति उर्फसोनू सहित 61 बड़े कैडर ने आत्मसमर्पण किया था। 2005 से अब तक गढ़चिरौली पुलिस के सामने कुल 783 सक्रिय माओवादी हथियार डाल चुके हैं। डीजीपी शुक्ला ने बचे हुए माओवादियों से हथियार छोड़कर सम्मान की जिंदगी जीने की अपील की। माओवादी विचारधारा खोखली साबित हो चुकी है और आम आदिवासी उसकी हिंसा से तंग आ चुके हैं। महाराष्ट्र सरकार की सरेंडर और पुनर्वास नीति उनके लिए अवसर प्रदान करती है। डीजीपी ने सी-60 कमांडो और अधिकारियों को सम्मानित किया, जिन्होंने अक्टूबर में लाहेरी जंगल में भूपति सहित 61 माओवादियों का सरेंडर करवाया था। गढ़चिरौली पुलिस ने प्रोजेक्ट उड़ान - विकास की एक झलक' नामक एक खास गाइडबुक जारी की। इसका उद्देश्य दूरदराज के आदिवासी इलाकों में चल रही सरकारी योजनाओं की आसान जानकारी देना है। डीजीपी ने कहा कि अब पुलिस सिर्फ सुरक्षा नहीं, विकास का माध्यम भी बनेगी।

# सांसद गोगोई ने कसा तंज बोले- इंडिगो के पीछे की कहानी का पर्दाफाश होना चाहिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिगो मामले को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ती जा रही है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने केंद्र सरकार की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल मंत्री के बयान दे देने से सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो सकती। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पूरे प्रकरण की असल कहानी सामने आनी चाहिए और सदन में विस्तार से चर्चा होना बेहद जरूरी है।

गौरव गोगोई ने मीडिया से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि पिछले दो दिनों में सरकार ने संसद के दोनों सदनों में दिए गए बयानों में पूरी जिम्मेदारी एक निजी कंपनी पर डाल दी है, जैसे उसकी खुद की कोई भूमिका ही न हो। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो नियामक संस्थाओं की कोई जिम्मेदारी ही नहीं बची। हजारों उड़ानें रद्द हुईं, यात्रियों को एयरपोर्ट पर कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा और उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा, लेकिन सरकार अपनी जवाबदेही से दूर खड़ी दिखाई देती है।

सांसद ने यह भी कहा कि पायलटों की सुविधा के लिए लाए गए नए नियमों को सरकार ने अचानक वापस ले लिया। न पायलटों को राहत मिली, न यात्रियों को और न ही सरकार ने अपनी भूमिका स्वीकार की। सिर्फ एक नोटिस जारी कर देने से सरकार की जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि लोकसभा में मंत्री का बयान आने के बाद विपक्ष ने असहमति जताते हुए वॉकआउट किया, क्योंकि सरकार पूरे मामले पर ईमानदार चर्चा से बच रही है। उनका कहना था कि एक सप्ताह में कितनी उड़ानें रद्द हुईं, यह केवल आंकड़ा नहीं है, बल्कि इसके पीछे की पूरी सच्चाई सामने आनी चाहिए। गोगोई ने एविएशन इंडस्ट्री की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार भले ही तेज़ी से बढ़ते एविएशन बाजार की बात करे, लेकिन इसका क्या लाभ जब एयरपोर्ट पर बुनियादी सुविधाएं महंगी हों, टिकटों के दाम आसमान छू रहे हों, पायलटों और ग्राउंड स्टाफ की स्थितियां खराब होती जा रही हों और पूरी इंडस्ट्री कुछ निजी कंपनियों के इशारों पर चल रही हो। इसी मुद्दे पर दूसरी सांसद फौजिया खान ने भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नोटिस भेजना जरूरी है, लेकिन क्या सारी गलती सिर्फ इंडिगो की है? क्या सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती? उन्होंने सवाल किया कि जो नियम लागू किए गए थे, वे क्या सही थे और यदि नहीं, तो अचानक पूरी व्यवस्था कैसे ठप हो गई? वापस लिए गए नियमों की सच्चाई भी सामने आनी चाहिए।

वंदे मातरम से जुड़े एक अन्य विवाद पर कांग्रेस नेता रेणुका चौधरी ने कहा कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे जो भी कहा जाए, उससे सच्चाई नहीं बदलती। उन्होंने कहा कि इतिहास स्पष्ट बताता है कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान किसने क्या भूमिका निभाई और आज इस विषय पर सवाल उठाने वालों का उस दौर में कोई अस्तित्व तक नहीं था।

सोनिया गांधी को नोटिस जारी किए जाने पर कांग्रेस नेता किरण कुमार चमाला ने कहा कि बार-बार सोनिया गांधी और उनके परिवार को निशाना बनाना राजनीतिक विद्वेष का संकेत है। उन्होंने बताया कि चुनाव सुधारों पर चर्चा दो सत्रों की मांग के बाद शुरू हो सकी। उनके अनुसार कई राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया का दुरुपयोग किया जा रहा है, जबकि इसके प्रावधान सीमित हैं और इसे केवल आवश्यकता पड़ने पर ही लागू किया जाना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल एविएशन सेक्टर की खामियों को उजागर किया है, बल्कि राजनीतिक माहौल को भी गर्मा दिया है। सरकार की जवाबदेही और नियामक संस्थाओं की भूमिका पर उठे सवाल अभी भी जस के तस बने हुए हैं।

## हुमायू का दावा: अगले साल मैं ही बनूंगा किंगमेकर, मेरे बगैर कोई सरकार नहीं बना पाएगा



**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस से हाल ही में निलंबित हुए मुरशिदाबाद के प्रभावशाली नेता एवं विधायक हुमायूं कबीर ने मंगलवार को बड़ा दावा किया कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद वह किंगमेकर बनकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्रस्तावित नई पार्टी के समर्थन के बिना राज्य में कोई भी सरकार बनाना असंभव होगा। कबीर ने संवाददाताओं से कहा, 2026 में न तो तृणमूल कांग्रेस और न ही भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल कर पाएगी। 294 सीटों वाली विधानसभा में कोई भी दल 148 का आंकड़ा नहीं छू सकेगा। चुनाव परिणाम आने के बाद मैं किंगमेकर बनूंगा। जो भी मुख्यमंत्री बनेगा, उसे मेरे विधायकों का समर्थन लेना पड़ेगा।

उन्होंने आगे कहा कि उनकी नई पार्टी कम से कम 135 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और इतनी सीटें जीतेगी कि सरकार बनाने या गिराने की स्थिति में रहेगी। नई पार्टी की औपचारिक घोषणा 22 दिसंबर को होगी। पार्टी का नाम पूछे जाने पर कबीर ने मुस्कुराते हुए कहा, '22 दिसंबर के बाद सब कुछ अपने आप पता चल जाएगा। तृणमूल कांग्रेस ने कबीर के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। पार्टी के प्रदेश महासचिव अरूप चक्रवर्ती ने कहा, 'हुमायूं कबीर दिवास्वप्न देख रहे हैं। सरकार बनाने की बात करने से पहले उन्हें अपनी जमानत बचाने की चिंता करनी चाहिए। ऐसे निराधार दावे उनकी राजनीतिक हताशा को ही दर्शाते हैं।

इस बीच, हुमायूं कबीर के करीबियों ने दावा किया कि मुरशिदाबाद में प्रस्तावित बाबरी मस्जिद शैली की नई मस्जिद के लिए अब तक लगभग तीन करोड़ रुपये का चंदा इकट्ठा हो चुका है। उनके अनुसार, मस्जिद परिसर में रखी 12 दान पेटियों से 57 लाख रुपये नकद मिले हैं, जबकि क्यूआर कोड के जरिए 2.47 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है। चंदा लगातार बढ़ रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कबीर का नई पार्टी के जरिए मुर्शिदाबाद और आसपास के मुस्लिम बहुल इलाकों में मजबूत आधार बनाने की तैयारी में हैं। उनके इस दावे ने 2026 के चुनावी समीकरण को और रोचक बना दिया है।

## 2027 में होंगे पंजाब विधानसभा चुनाव... लेकिन कांग्रेस के अंदर की खींचतान आने लगी सामने

### -नवजोत कौर सिद्धू के 500 करोड़ वाले बयान से राज्य में मचा घमासान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस ने नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू की प्राथमिक सदस्यता निलंबित कर दी। यह कार्रवाई अनुशासनहीनता और पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले बयानों के कारण की गई। दरअसल नवजोत कौर सिद्धू ने यह कहकर राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया था कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 500 करोड़ रुपये देने पड़ते हैं। उन्होंने एक टीवी चैनल पर आरोप लगाया कि तरनतारन उपचुनाव के उम्मीदवार करणबीर सिंह बुर्ज ने पार्टी टिकट के लिए दो कांग्रेस नेताओं को 10 करोड़ रुपये दिए, लेकिन बुर्ज ने इन आरोपों को निराधार बताया। निलंबन के बाद, नवजोत कौर सिद्धू ने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पर हमला बोला। उन्होंने वडिंग को एक असंवेदनशील और गैरजिम्मेदार, नैतिक रूप से बेईमान और भ्रष्ट अध्यक्ष बताया और उन्हें अध्यक्ष के रूप में स्वीकार करने से इंकार कर दिया। वहीं पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष वडिंग ने कहा कि कौर को निराधार आरोप लगाने और पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने के कारण निलंबित किया गया है। नवजोत कौर सिद्धू ने कहा कि उनके पति, नवजोत सिंह सिद्धू, सक्रिय राजनीति में तभी लौटने वाले हैं, जब कांग्रेस उन्हें पंजाब में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करेगी। उन्होंने कहा कि उनके पास किसी पार्टी को देने के लिए 500 करोड़ रुपये नहीं हैं, लेकिन सिद्धू पंजाब को एक स्वर्णिम राज्य में बदल सकते हैं।

बात दें कि 2022 के पिछले चुनाव से कुछ महीने पहले भी पार्टी में कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू के बीच बड़ी अंदरूनी खटपट सामने आई थी। इस आंतरिक कलह के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस को आम आदमी पार्टी (आप) के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। उस समय कांग्रेस ने चरणजीत सिंह चन्नी को सीएम और सिद्धू को पार्टी अध्यक्ष बनाया था। बाद में वडिंग ने अध्यक्ष पद संभाला। यह घटनाक्रम दिखाता है कि पंजाब में 2027 के चुनावों से पहले कांग्रेस में गुटबाजी और नेतृत्व की लड़ाई फिर से खुले तौर पर सामने आ गई है।

# इंडिगो एयरलाइंस के संकट से सिर्फ दिल्ली को 1000 करोड़ रुपये के कारोबार का नुकसान

### -कई सारे होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट्स और रिसोर्ट की हजारों बुकिंग रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिगो एयरलाइंस के संकट और फ्लाइट्स के बड़े पैमाने पर रद्द होने के कारण दिल्ली के कारोबारियों और पर्यटन क्षेत्र का बड़ा नुकसान हुआ है। इस बारे में चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल के अनुसार, इंडिगो संकट के कारण सिर्फ दिल्ली के व्यापार, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों को अब तक करीब 1000 करोड़ रुपये के कारोबार का नुकसान हो चुका है। बीते 10 दिनों में दिल्ली में यात्रियों/ लोगों (फुटफॉल) की संख्या में 25 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। दिल्ली के कई सारे होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट्स और रिसोर्ट की हजारों बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। वहीं प्रगति मैदान और आनंद मंडपम में लगी बड़ी प्रदर्शनियों (जैसे आटोमोबाइल, हैंडलूम, टेक्सटाइल) में अनुमान के मुताबिक फुटफॉल नहीं दिखा, क्योंकि हजारों व्यापारी और पर्यटक फ्लाइट रद्द होने के कारण दिल्ली नहीं पहुँच सके है। बात दें कि दिल्ली एयरपोर्ट से रोजाना यात्रा करने वाले लगभग 50,000 व्यापारियों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है, जिससे दिल्ली के बाजारों का व्यापार प्रभावित हुआ है।

वहीं बीते आठ दिनों से इंडिगो का संचालन पूरी तरह से ट्रैक पर नहीं आ सका है। संकट शुरू होने से अब तक 4500 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है। यह समय (दिसंबर-जनवरी मध्य तक) दिल्ली में पर्यटन का मुख्य मौसम होता है, लेकिन संकट से क्रिसमस और न्यू ईयर की बुकिंग पर भी असर पड़ा है। पर्यटकों के होटल, टूरिस्ट व्हीकल, टूरिस्ट गाइड, रेस्टोरेंट की बुकिंग के साथ-साथ डेस्टिनेशन वेडिंग जैसे आयोजनों को भी भारी नुकसान हुआ है, जहाँ मेहमान और कुछ मामलों में दूल्हा-दुल्हन के परिवार वाले भी नहीं पहुँच पाए। इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में लगातार गिरावट जारी है, और संकट शुरू होने से अब तक यह 12 प्रतिशत से ज्यादा टूट चुका है। कंपनी का मार्केट कैपिटल (बाजार पूंजीकरण) भी 40,000 करोड़ रुपये के आस-पास कम हो गया है।

पर्यटन और व्यापार पर असर

दिल्ली में यह संकट उस समय आया है जब टूरिज्म का मौसम (जनवरी के मध्य तक) चल रहा है। बाजार जानकार के अनुसार, इंडिगो संकट के चलते क्रिसमस और न्यू ईयर की बुकिंग पर असर पड़ा है। वहीं एक अन्य कारोबारी ने बताया कि दिल्ली के व्यापार को 1000 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। पर्यटकों के होटल, टूरिस्ट व्हीकल, टूरिस्ट गाइड, और रेस्टोरेंट की पहले से हुई बुकिंग कैंसिल हो गई है। डेस्टिनेशन वेडिंग जैसे आयोजनों को भी भारी नुकसान हुआ है, क्योंकि मेहमानों के साथ-साथ कुछ मामलों में दूल्हा-दुल्हन के परिवार वाले भी नहीं पहुंच पाए।



# स्पेसएक्स अब शेयर मार्केट में उतरेगी, 30 अरब डॉलर से ज्यादा पैसा जुटाने की तैयारी

**-कंपनी पूरे बिजनेस को करीब 1.5 ट्रिलियन डॉलर की वैल्यू पर ले जाना चाहती है**

वाशिंगटन,(ईएमएस)। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अब शेयर मार्केट में उतरेगी। कंपनी आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी करीब 30 अरब डॉलर से ज्यादा पैसा जुटा सकती है और अगर ऐसा होता है तो ये इतिहास की सबसे बड़ा लिस्टिंग साबित होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अपने पूरे बिजनेस को करीब 1.5 ट्रिलियन डॉलर यानी 1 लाख 50 हजार अरब डॉलर की वैल्यू पर ले जाना चाहती है। ये वैल्यू सऊदी अरामको के 2019 के रिकॉर्ड के बराबर होगी, जब अरामको ने 29 अरब डॉलर जुटाए थे। अगर ऐसा हुआ तो स्पेसएक्स दुनिया की सबसे महंगी लिस्टेड कंपनी बन जाएगी। स्पेसएक्स एग्जीक्यूटिव 2026 के बीच या आखिर तक कंपनी को शेयर बाजार में लाने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन मार्केट की स्थिति देखकर तारीख बदल भी सकती है, और ये आईपीओ 2027 तक भी आ सकता है।

स्पेसएक्स के आईपीओ की खबर के बाद मंगलवार को दूसरे स्पेस कंपनियों के शेयरों में तगड़ा उछाल आया। एकोस्टार कंपनी, जो स्पेसएक्स को स्पेक्ट्रम लाइसेंस बेच रही है, उसके शेयर न्यूयॉर्क में 12फीसदी तक चढ़ गए और नया रिकॉर्ड बना लिया। रॉकेट लैब कंपनी के शेयर भी 4.3फीसदी तक बढ़ गए। ब्लूमबर्ग के मुताबिक एलन मस्क और कंपनी के बोर्ड ने हाल के दिनों में लिस्टिंग और फंड जुटाने के प्लान को तेज कर दिया है, यहां तक कि जरूरी पोस्ट के लिए हायरिंग भी शुरू हो गई और पैसे कहां लगाए जाएंगे इसकी प्लानिंग भी हो रही है। ये सब तब हुआ जब स्पेसएक्स अपनी लेटेस्ट इनसाइडर शेयर सेल को फाइनल कर रही थी।

इस आईपीओ को इतनी जल्दी लाने की एक बड़ी वजह है कि कंपनी का स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट बिजनेस जो बहुत तेजी से बढ़ रहा है, साथ ही मोबाइल पर डायरेक्ट इंटरनेट देने का नया प्लान भी है।

# कैनरा बैंक की 15 को बैठक, शेयरधारकों को अंतरिम डिविडेंड देने पर लेगा फैसला

**-शेयर की कीमत बढ़ने से निवेशक हैं खुश, डिविडेंड मिलने की है उम्मीद**

**नई दिल्ली।**

कैनरा बैंक से जुड़ी कंपनी केन फिन होम्स ने कहा है कि उसका बोर्ड 15 दिसंबर को बैठक करेगा। इस बैठक में कंपनी तय करेगी कि साल 2025-26 के लिए शेयरधारकों को अंतरिम डिविडेंड दिया जाए या नहीं। कंपनी के मुताबिक यह फैसला शेयरधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा और अगर बोर्ड मंजूरी देता है, तो यह डिविडेंड दे दिया जाएगा।

कंपनी ने अंतरिम डिविडेंड के लिए 19 दिसंबर 2025 को रिकॉर्ड डेट तय की है। इस दिन तक जिन शेयरधारकों के नाम कंपनी के रिकॉर्ड में दर्ज होंगे, वह डिविडेंड के पात्र होंगे। एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने साफ कहा कि बोर्ड द्वारा डिविडेंड की घोषणा किए जाने पर इसी रिकॉर्ड डेट के आधार पर शेयरधारकों को भुगतान किया जाएगा।

इंसाइडर ट्रेडिंग के नियमों के कारण केन फिन होम्स ने अपने कर्मचारियों, कंपनी से जुड़े लोगों, प्रमोटर्स और उनके करीबी रिश्तेदारों को अभी शेयर खरीदने या बेचने से रोक दिया है। कंपनी ने 17 दिसंबर तक ट्रेडिंग विंडो बंद कर दी है। यह इसलिए किया ताकि कोई भी व्यक्ति कंपनी की अंदरूनी गोपनीय जानकारी का गलत इस्तेमाल न कर सके और सभी नियमों का ठीक से पालन हो सके। मंगलवार को बाजार में केन फिन होम्स का शेयर 908.40 रुपए पर बंद हुआ, जो पिछले दिन से 0.45फीसदी कम है। शेयर की कीमत बढ़ने का मतलब निवेशक खुश हैं और उन्हें उम्मीद है कि कंपनी डिविडेंड दे सकती है और उसका कामकाज भी अच्छा है। इसी वजह से शेयर में तेजी देखी गई।

बता दें पिछले एक महीने में इस शेयर में 3.06फीसदी की बढ़त हुई, जबकि सेनसेक्स सिर्फ 2.44फीसदी बढ़ा। पिछले छह महीनों में कंपनी का रिटर्न 12.31फीसदी रहा, जो सेनसेक्स के 3.72फीसदी से काफी ज्यादा है। एक साल में भी यह शेयर 12.91फीसदी चढ़ा, जबकि सेनसेक्स केवल 4.33फीसदी ऊपर गया। लंबे समय में भी कंपनी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले पांच साल में इसका शेयर 89फीसदी बढ़ा, जो सेनसेक्स की 86.91फीसदी बढ़त से बेहतर है।

# भारत में करीब 17.5 अरब डॉलर का निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट, क्लाउड-एआई को मिलेगा बढ़ावा

**-यह घोषणा कंपनी के चेयरमैन ने पीएम मोदी से मुलाकात के तुरंत बाद की**

**नई दिल्ली।**

सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को घोषणा की कि वह 2026 और 2029 के बीच भारत में करीब 17.5 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह निवेश भारत के क्लाउड और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस बुनियादी ढांचे, कौशल विकास और परिचालन को बढ़ावा देने के लिए होगा। कंपनी ने यह साफ किया कि यह नया निवेश, इस साल जनवरी में भारत के लिए घोषित तीन अरब डॉलर के निवेश के अतिरिक्त होगा। माइक्रोसॉफ्ट की घोषणा उसके चेयरमैन और मुख्य कार्याधिकारी सत्य नडेला ने मंगलवार शाम पीएम मोदी से मुलाकात के तुरंत बाद की। इस बैठक में भारत के एआई रोडमैप और इसके विकास से जुड़ी प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

पीएम मोदी ने कहा कि जब एआई की बात आती है तब दुनिया 'भारत को लेकर आशावादी है'। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि यह देखकर खुशी हुई कि भारत वह जगह है जहां माइक्रोसॉफ्ट, एशिया में अपना अब तक का सबसे बड़ा निवेश करेगा। भारत के युवा इसका फायदा उठाकर नवाचार करेंगे और एआई की शक्ति का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी मुलाकात की।

माइक्रोसॉफ्ट के मुताबिक इस नए निवेश का इस्तेमाल कंपनी के क्लाउड और एआई से जुड़े बुनियादी ढांचे, कौशल विकास पहल और पूरे भारत में चल रहे परिचालन का दायरा बढ़ाने में किया जाएगा। कंपनी ने अपने ब्लॉग में कहा कि यह निवेश बड़ा बुनियादी ढांचा तैयार करने में इस्तेमाल किया जाएगा जो देश की सरकार के लिए बना हो, सुरक्षित हो और सरकार उसे आसानी से इस्तेमाल कर सके।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि इस प्रयास का मुख्य केंद्र, हैदराबाद में बनने वाला इंडिया साउथ सेंट्रल क्लाउड क्षेत्र होगा, जो 2026 के मध्य तक शुरू होने के लिए तैयार है।

यह भारत में उनका सबसे बड़ा बुनियादी ढांचा क्षेत्र होगा जिसमें तीन उपलब्धता वाले क्षेत्र होंगे और इसका आकार ईडन गार्डन स्टेडियम का दोगुना होगा।

# नेफ्रोकेयर हेल्थ सर्विसेज का आईपीओ 871 करोड़ रुपए सब्सक्राइब खुला, ब्रोकरेज ने दी सलाह

**नई दिल्ली।**

नेफ्रोप्लस ब्रांड के तहत डायलिसिस सर्विस प्रोवाइड करने वाली नेफ्रोकेयर हेल्थ सर्विसेज का 871.05 करोड़ रुपए का शुरुआती आईपीओ 10 दिसंबर यानी बुधवार को सब्सक्राइब करने खुला।

निवेशक 12 दिसंबर तक इस आईपीओ को अप्लाई कर सकते हैं। लॉन्च से पहले कंपनी ने एंकर निवेशकों से 460 रुपए प्रति शेयर की दर से 260 करोड़ रुपए जुटाए। कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 438 से 460 रुपए प्रति शेयर रखा है। एक लॉट में 32 शेयर है।

रिपोर्ट के मुताबिक नेफ्रोकेयर ने अपने इश्यू के जरिए 353.4 करोड़ रुपए जुटाने की कोशिश करेगी।

जबकि प्रमोटर और मौजूदा निवेशक ऑफर-फॉर-सेल के जरिये 1.12 करोड़ शेयर बेचेंगे। इन्वेस्टकॉर्प, हेल्थकेयर पैरेंट, एडोरस इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स, इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन और 360 वन ओएफएस में भाग लेने वालों में शामिल हैं। प्रमुख एंकर निवेशकों में एसबीआई हेल्थकेयर ऑपर्च्युनिटीज फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, फिडेलिटी फंड्स, डीएसपी हेल्थकेयर फंड, द प्रूडेंशियल एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, ईस्टस्प्रिंग इन्वेस्टमेंट्स, पोलर कैपिटल फंड्स, मनुलाइफ ग्लोबल फंड, बड़ौदा बीएनपी पारिबा स्मॉल कैप फंड, बंधन स्मॉल कैप फंड, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस शामिल हैं। नेफ्रोकेयर नए शेयरों के जरिये 353.4 करोड़ रुपए जुटाएगी, जबकि प्रोमोटर और मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल के जरिए 1.12 करोड़ शेयर तक बेचेंगे।

# आरबीआई गवर्नर का सरकारी और निजी बैंकों को सुझाव, बैंकिंग सिस्टम में मध्यस्थता लागत को कम करें

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सरकारी और कुछ चुनिंदा निजी बैंकों के प्रबंधक निदेशकों और सीईओ को कहा कि अपने बैंकिंग सिस्टम में मध्यस्थता लागत को कम करें और दक्षता को बढ़ावा दें। आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा का यह बयान तब आया है, जब हाल ही मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) की ओर से ब्याज दर को 25 आधार अंक या 0.25 प्रतिशत कम किया है, जिससे रेपो रेट कम होकर 5.25 प्रतिशत हो गया है, जो कि पहले 5.50 प्रतिशत था। इस फरवरी 2025 से आरबीआई रेपो रेट में 125 आधार अंक की कटौती कर चुका है।

गवर्नर मल्होत्रा ने कहा है कि 125 आधार अंकों की ब्याज दर में कमी और प्रौद्योगिकी के अधिक उपयोग से मध्यस्थता लागत कम होगी और दक्षता बढ़ेगी। आरबीआई के बयान में कहा गया कि ये बातचीत जनवरी 2025 में हुई इस तरह की बैठकों के बाद विनियमित संस्थाओं के वरिष्ठ प्रबंधन के साथ रिजर्व बैंक की चल रही सहभागिता का हिस्सा हैं।

साथ ही, मल्होत्रा ने बैंकों से शिकायतों को कम करने और आंतरिक प्रणालियों को बेहतर करने का आग्रह किया। उन्होंने डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते जोखिमों पर फोकस करने और अधिक मजबूत, इंटेलिजेंस आधारित सुरक्षा उपायों को बैंकों को अपनाने का सुझाव दिया। आरबीआई गवर्नर ने बैंकों द्वारा




रीकेवाईसी और अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स के संबंध में किए जा रहे प्रयासों की सराहना कर सक्रिय संपर्क और सतत जागरूकता अभियानों को बढ़ाया है। बयान में कहा गया है कि मुलाकात में प्रतिभागियों ने नीति, पर्यवेक्षण और परिचालन संबंधी विभिन्न मामलों पर अपनी प्रतिक्रिया और दृष्टिकोण साझा किए।

## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को सात पैसे की गिरावट के साथ ही 89.92 पर बंद हुआ। पिछले सत्र में रुपया 89.85 पर बंद हुआ था, जिससे स्पष्ट है कि वैश्विक बाजारों में डॉलर की मांग बढ़ने का असर घरेलू मुद्रा पर जारी है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर की मजबूत खरीदारी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अनिश्चितता के कारण निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। इसका सीधा प्रभाव स्थानीय मुद्रा पर दिखाई दिया, जो हल्की गिरावट के साथ व्यापार की शुरुआत कर रहा है। कारोबारियों का कहना है कि विदेशी निवेश प्रवाह और वैश्विक आर्थिक संकेतकों में उतार-चढ़ाव भी रुपये की दिशा को प्रभावित कर रहे हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 0.04 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 99.04 पर रहा, जिससे संकेत मिलता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी डॉलर में हल्की नरमी दर्ज हुई है।



## रेपो रेट में कटौती के बाद एचडीएफसी, पीएनबी, बीओबी ने होम लोन की दरें घटाई

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 5 दिसंबर को अपनी रेपो रेट 25 बेसिस पॉइंट घटाकर 5.25फीसदी कर दी है। इसके बाद एचडीएफसी, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा और अन्य बड़े बैंकों ने होम लोन और अन्य रिटेल लोन की ब्याज दरों में कटौती की है। यह कदम मौजूदा और नए कर्जदारों दोनों के लिए राहत का संकेत है। ज्यादातर बैंक अपने लोन की दरें बाहरी बेंचमार्क या आंतरिक बेंचमार्क के आधार पर तय करते हैं। जब आरबीआई की दर घटती है, तो बैंक अपने बेंचमार्क दरों को भी कम कर देते हैं। फ्लोटिंग रेट होम लोन वाले लोग अपने अगले रीसेट डेट को ध्यान से देखें और यह जानें कि उनका लोन किस बेंचमार्क से जुड़ा है। नए लोन लेने वाले कर्जदार कई बैंकों के ऑफर और फीस की तुलना जरूर करें, क्योंकि स्प्रेड और फीस से लंबी अवधि में लोन की कुल लागत प्रभावित हो सकती है।

## भारत में करीब 17.5 अरब डॉलर का निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट, क्लाउड-एआई को मिलेगा बढ़ावा

**-यह घोषणा कंपनी के चेयरमैन ने पीएम मोदी से मुलाकात के तुरंत बाद की**

**नई दिल्ली।**

सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को घोषणा की कि वह 2026 और 2029 के बीच भारत में करीब 17.5 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह निवेश भारत के क्लाउड और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस बुनियादी ढांचे, कौशल विकास और परिचालन को बढ़ावा देने के लिए होगा। कंपनी ने यह साफ किया कि यह नया निवेश, इस साल जनवरी में भारत के लिए घोषित तीन अरब डॉलर के निवेश के अतिरिक्त होगा। माइक्रोसॉफ्ट की घोषणा उसके चेयरमैन और मुख्य कार्याधिकारी सत्य नडेला ने मंगलवार शाम पीएम मोदी से मुलाकात के तुरंत बाद की। इस बैठक में भारत के एआई रोडमैप और इसके विकास से जुड़ी प्राथमिकताओं पर चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि जब एआई की बात आती है तब दुनिया 'भारत को लेकर आशावादी है'। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि यह देखकर खुशी हुई कि भारत वह जगह है जहां माइक्रोसॉफ्ट, एशिया में अपना अब तक का सबसे बड़ा निवेश करेगा। भारत के युवा इसका फायदा उठाकर नवाचार करेंगे और एआई की शक्ति का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी मुलाकात की। माइक्रोसॉफ्ट के मुताबिक इस नए निवेश का इस्तेमाल कंपनी के क्लाउड और एआई से जुड़े बुनियादी ढांचे, कौशल विकास पहल और पूरे भारत में चल रहे परिचालन का दायरा बढ़ाने में किया जाएगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 275, निफ्टी 81अंक गिरा**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भी गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से आई है। यह लगातार तीसरा दिन रहा जब घरेलू बाजार में गिरावट रही। आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 275.01 अंकों करीब 0.32 फीसदी टूटकर 84,391.27 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 81.65 अंक फिसलकर 25,758 पर बंद हुआ। आज सुबह बाजार की शुरुआत सकारात्मक रही पर समय के साथ ही इसमें गिरावट आने लगी। जानकारों के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के परिणामों से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से भी बाजार गिरा है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.90 फीसदी तक गिरा। वहीं स्मॉलकैप शेयरों में भी 0.42 फीसदी तक की गिरावट रही। आज सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयरों में बिकवाली रही। वहीं बैंक निफ्टी के 12 में से 8 शेयरों में बिकवाली रही। निफ्टी के 50 में से 29 शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील, सनफार्मा, आईटीसी, एनटीपीसी और एचसीएल टेक के शेयर लाभ में रही। वहीं भारती एयरटेल, इन्फोसिस के शेयरों में बिकवाली रही। जापान में बॉन्ड यील्ड बढ़ने से दुनिया भर के शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव जारी रहा,। अब सबकी नजर आने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक पर है, जहां माना जा रहा है कि 0.25 फीसदी की ब्याज दर में कटौती की जाएगी। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, रुपए की कमजोरी और अमेरिका वभारत व्यापार को लेकर संशय ये भी बाजार धारणा कमजोर हुई है ।




इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स 84,607 अंक पर सपाट खुला। सुबह ये 136.27 अंक या 0.16 फीसदी की बढ़त के साथ 84,802.55 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह का निफ्टी 25,864 अंक पर सपाट खुला। सुबह यह 20.80 अंक बढ़कर 25,860.45 पर कारोबार कर रहा था।

दूसरी ओर अमेरिकी शेयर बाजार स्थिर रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.1 फीसदी गिरा और अक्टूबर में बने अपने ऑल टाइम हाई के करीब बना रहा। वहीं डॉव जोन्स औसत 179 अंक करीब 0.4 फीसदी नीचे आया। वहीं नैस्डैक कंपोजिट 0.1 फीसदी बढ़ा। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई ऊंची शुरुआत करने के बाद 0.5 फीसदी फिसला। दक्षिण कोरिया का बाजार 0.4 फीसदी नीचे आया। जापान को छोड़कर एशिया-प्रशांत शेयरों के ब्रोडर इंडेक्स में 0.1 फीसदी की हल्की गिरावट रही। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

## एडीबी ने 2025-26 के लिए भारत का आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.2 फीसदी किया




नई दिल्ली, 10 दिसंबर (हि.स)। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 पीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया। इसकी मुख्य वजह हाल में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से घरेलू खपत को मिली मजबूती है।

एशियाई विकास बैंक ने दिसंबर के लिए जारी एशिया विकास परिदृश्य रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे ज्यादा है, जबकि पहली तिमाही में यह 7.8 फीसदी रही थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में भारत आठ फीसदी की वृद्धि दर हासिल कर चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक यह मजबूत वृद्धि आपूर्ति पक्ष में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के मजबूत विस्तार और मांग पक्ष में खपत एवं निवेश की वृद्धि की वजह से हुई है।

एडीबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की यह तेज रफ्तार एशिया को भी तेजी से बढ़ने में मदद करेगी, जो इस साल 4.8 फीसदी के पिछले अनुमान के मुकाबले अब 5.1 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। हालांकि, इस बहुपक्षीय विकास बैंक ने आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 पीसदी पर बरकरार रखा है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पिछले हफ्ते ही चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए (जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 फीसदी से बढ़ाकर 7.3 फीसदी कर दिया था। इससे एक दिन पहले वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की (जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 6.9 फीसदी से बढ़ाकर 7.4 फीसदी कर दिया था।

# मीशो के शेयर की जोरदार एंट्री, 161.20 के भाव पर हुए लिस्ट

**-निवेशकों को हर लॉट पर 6750 रुपए का हुआ फायदा**

**नई दिल्ली।**

ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मीशो के शेयर बुधवार को जोरदार एंट्री के साथ लिस्ट हुए। आईपीओ अप्लाई करने के लिए 3 दिसंबर को खुला था और 5 दिसंबर को बंद हो गया था। मीशो के शेयर बीएसई पर 161.20 रुपए के भाव पर लिस्ट हुए। यह इश्यू प्राइस बैंड के अपर एंड 111 रुपए से 50 रुपए या 45 फीसदी ज्यादा है। वहीं एनएसई पर कंपनी के शेयर 162.50 रुपए पर लिस्ट हुए, जो इश्यू प्राइस की तुलना में 51.50 रुपए या 47 फीसदी ज्यादा है। मीशो की लिस्टिंग ग्रे मार्केट के अनुमान से भी ज्यादा रही। ग्रे मार्केट में मीशो आईपीओ का जीएमपी बुधवार को 36 रुपए पर चल रहा था। इस प्रीमियम पर मीशो आईपीओ का अनुमानित लिस्टिंग प्राइस करीब 147 रुपए प्रति शेयर माना जा रहा था, जबकि शेयर 161 रुपए पर लिस्ट हुए। आईपीओ के हर लॉट में 135 शेयर थे। इस तरह निवेशकों को हर लॉट पर 6750 रुपए का फायदा हुआ।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मीशो आईपीओ को लेकर बाजार में जोरदार उत्साह देखने को मिला। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक इश्यू को 21,96,29,80,575 शेयरों के लिए बोलियां लगी हैं, जबकि पेशकश 26,86,18,197 शेयर रखे गए हैं। कुल मिलाकर आईपीओ को 2.29 गुना अप्लाई किया जा चुका है। रिटेल निवेशकों की केटेगरी को सबसे ज्यादा सब्सक्रिप्शन मिला है। इसे अब तक 81.76 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल निवेशकों ने सबसे ज्यादा 123.34 गुना अप्लाई किया। जबकि नॉन-इंस्टीट्यूशनल खरीदारों ने 39.85 गुना और रिटेल निवेशकों ने 19.89 गुना बुक किया।

## अपाचे आरटीएक्स 300 का नया सेलिब्रेशन एडिशन पेश

**नई दिल्ली ।**

गोवा में आयोजित मोटासाउल 2025 इवेंट में टीवीएस ने अपनी एडवेंचर-टूरर बाइक अपाचे आरटीएक्स 300 का नया सेलिब्रेशन एडिशन पेश किया है। इसका सबसे बड़ा आकर्षण ब्लैक व गोल्ड रंग संयोजन है, जो इसे बाकी मॉडलों से अलग बनाता है। नया एडिशन पूरी तरह से स्टाइलिंग अपडेट पर आधारित है और इसमें इंजन, फ्रेम, सस्पेंशन और ब्रेकिंग सेटअप में कोई तकनीकी बदलाव नहीं किया गया है। यानी परफॉर्मेंस और राइडिंग अनुभव स्टैंडर्ड अपाचे आरटीएक्स 300 जैसा ही रहेगा। बाइक में ब्लैक बॉडी पैनल पर शैंपेन गोल्ड ग्राफिक्स दिए गए हैं, जो इसकी डिजाइन लाइंस को और उभारते हैं। रेड हाईलाइट्स के इस्तेमाल से इसमें स्पोर्टी और एग्रेसिव टच भी मिलता है। वहीं डुअल-टोन एलॉय व्हील्स (ब्लैक और गोल्ड) इसका मुख्य आकर्षण बनते हैं। टीवीएस ने सेलिब्रेशन एडिशन में इलेक्ट्रॉनिक फीचर्स और राइडर एड्स भी वही रखे हैं जो स्टैंडर्ड मॉडल में मौजूद हैं और इस बार कोई नया फीचर पैकेज शामिल नहीं किया गया है। कंपनी ने फिलहाल कीमत की घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीद है कि यह सामान्य मॉडल की तुलना में थोड़ी अधिक हो सकती है, क्योंकि इसे लिमिटेड एडिशन के रूप में बाजार में उतारा जाएगा।


पूर्व मध्य रेल
खुली निविदा
बैच संख्या–10/2025 , दिनांक : 08/12/2025
आईआरईपीएस www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है :– (1) निविदा सं० : 30255248, सामग्री का संक्षिप्त विवरण : रूफ मौटेड एयर कंडिशनिंग सिस्टम विदाउट "ट्रौ " टू स्पेक नंबर. आरडिएस ओ/2007/ईल/स्पेक्न/0055, रिवियू 2 ऑर लेटेस्ट. (01 सेट = 02 नंबर्स) ईच सेट। कनसिसटिंग ऑफ 02 यूनिट्स ऑफ कैब एसी., मात्रा: 160 सेट्स, निविदा जारी करने की तिथि एवं समय : 06 दिसम्बर 2025 10:43 बजे, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 08 जनवरी 2026 14:00 बजे, प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा।। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।
सहायक सामग्री प्रबंधक (क. च. स्टॉक)
ने. सु. च. बोस. जं० गोमोह, पूर्व मध्य रेल
पीआर/1426/जीएमओ.सीएसडी/एसटीआरई/टी/25-26/28

# आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे विराट, रोहित शीर्ष पर बरकरार

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थान पर भारतीय खिलाड़ियों का कब्जा हो गया है। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा जहां नंबर एक स्थान पर बने हुए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर भारत के ही अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आ गये हैं। हाल में इन दोनो ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिसका लाभ इन्हें मिला है। जिससे रोहित अपनी जगह पर बने हुए हैं जबकि विराट ऊपर आये हैं। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के दौरान ही अपने शानदार प्रदर्शन से आईसीसी रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। वह नंबर एक पर बने हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में 57, 14, और 75 की पारी से रोहित का नंबर एक स्थान बना रहा। वहीं विराट ने ताजा रैंकिंग में 2 स्थान की छलांग लगाते हुए दूसरी रैंक हासिल की है। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 135, 102, और 65 रन बनाये। इन तीन पारियों की सहायता से रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं।

भारतीय टीम के एकदिवसीय प्रारुप के कप्तान शुभमन गिल पांचवें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम छठे, आयरलैंड के हैरी टैक्टर सातवें, वेस्टइंडीज के शाई होप आठवें, श्रीलंका के चरिथ असलांका नौवें और भारत के श्रेयस अय्यर दसवें स्थान पर हैं। फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वहीं केएल राहुल ने भी दक्षिण अफ्रीका सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी की थी और इससे उन्हें दो स्थान का लाभ हुआ है। वह 12वें स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी के कारण दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक 3 स्थान ऊपर आकर 13वें नंबर पर आ गये हैं।




# द हंड्रेड में नजर आएंगे दिनेश कार्तिक, लंदन स्पिरिट ने दी बड़ी जिम्मेदारी




**लंदन (एजेंसी)।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक, जो मौजूदा IPL चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के मेंटर भी हैं, को द हंड्रेड फ्रेंचाइजी लंदन स्पिरिट का मेंटर और बैटिंग कोच बनाया गया है। द हंड्रेड के लिए किसी फ्रेंचाइजी में अपनी पहली भूमिका में कार्तिक की विशेषज्ञता इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में एक खिलाड़ी और कोच दोनों के रूप में 250 से ज़्यादा मैचों में भाग लेने और भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले 180 इंटरनेशनल मैचों से आती है।

लंदन स्पिरिट के क्रिकेट डायरेक्टर मो बोबट ने एक बयान में कहा, 'लंदन स्पिरिट में DK का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। वह हमारे खेल में सचमुच एक अलग सोच रखने वाले व्यक्ति हैं और शॉर्ट-फॉर्मेट और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में उनका बहुत बड़ा अनुभव हमारे लिए बहुत कीमती होगा। उनके साथ काम करना भी बहुत मजेदार है और वह जो कुछ भी करते हैं उसमें एक जबरदस्त एनर्जी और उत्साह लाते हैं।' बोबट ने कहा, 'खेल में अहमियत रखने वाले एक और एलीट इंसान को साइन करना हमारे एम्बिशन और इस बात को दिखाता है कि हम अपने प्लेयर्स को सबसे अच्छा सपोर्ट देने को कितना महत्व देते हैं।'

इस बीच कार्तिक ने नया रोल लेने पर कहा, 'लंदन स्पिरिट में शामिल होने का यह कितना रोमांचक समय है! जब मैंने Mo, MCC और टेक टाइटन्स के प्लान्स और एम्बिशन्स के बारे में सुना, तो मैं सच में शामिल होने के लिए बहुत उत्साहित था। लॉर्ड्स में काम करते हुए इंग्लिश समर बिताना सच में एक सपने के सच होने जैसा है। यह वह ग्राउंड है जहां मैंने भारत के लिए डेब्यू किया था और अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था, लॉर्ड्स मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं अगले साल स्क्वाड को एक साथ आते देखने और कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों के साथ काम करने का इंतजार नहीं कर सकता।' कार्तिक के लिए नया रोल काफी आसान होगा जिन्होंने IPL में RCB में बोबट और स्पिरिट के हेड कोच एंडी फ्लावर दोनों के साथ मिलकर काम किया है।

# पाकिस्तान में भी छाये हैं अभिषेक, सबसे अधिक सर्च किये गये



**लाहौर।** भारतीय टीम के युवा आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी धमाकेदार बल्लेबाजी के कारण पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी छाये हैं। इसका अंदाजा इसी से होता है कि पाकिस्तान में 2025 में सबसे ज्यादा जिस खिलाड़ी को लोगों ने इंटरनेट पर सर्च किया है। वह बाबर आजम, शहीन अफरीदीद या हारिस रऊफ नहीं बल्कि अभिषेक हैं। यहां तक कि भारत के ही विराट कोहली और रोहित शर्मा भी अभिषेक से पीछे रहे गये हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार अभिषेक को भारत से भी अधिक पाक में सर्च किया गया।

इसका कारण एशिया कप को माना जा रहा है जिसमें अभिषेक ने सेमीफाइनल तक विस्फोटक पारियां खेली थीं। एशिया कप फाइनल में भारतीय टीम ने पाक को हराया था। एशिया कप में अभिषेक ने आक्रामक बल्लेबाजी की थी। पाकिस्तान के खिलाफ लीग मुकाबलों में भी उन्होंने जमकर रन बनाये थे हालांकि फाइनल में वह शुरुआत में ही आउट हो गये थे। हैरानी की बात ये है कि सर्च किये गये शीर्ष दस खिलाड़ियों को बाबर और शाहीन का नाम नहीं है।

पाकिस्तान में 2025 में सबसे ज्यादा सर्च किए गए खिलाड़ियों की शीर्ष 10 की लिस्ट में बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ जैसे खिलाड़ी जगह नहीं पा सके हैं।पाक में सबसे अधिक सर्च किये गये दूसरे खिलाड़ी हसन नवाज, तीसरे इरफान खान व चौथे साहिबजादा फरहान और पांचवें मुहम्मद अब्बास हैं। पाकिस्तान में सफलता के साथ-साथ भारत में भी अभिषेक ने तीसरा स्थान हासिल किया। भारत में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी सबसे ज्यादा सर्च हुए। भारत की टॉप-10 सूची में ज्यादातर क्रिकेटर शामिल थे, जिसमें महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स ने भी अपनी जगह बनाई।

# क्रिकेट जगत से आई बड़ी खबर: टीम चयन को लेकर नाराज 3 क्रिकेटरों ने कोच पर किया हिंसक हमला : सिर पर 20 टांके, कंधा टूटा

**मुम्बई (एजेंसी)।** पांडिचेरी क्रिकेट एसोसिएशन (CAP) इन दिनों विवादों की भेंट चढ़ा हुआ है। भ्रष्टाचार और खेल के अवसरों में अनियमितताओं की खबरों के बीच सोमवार को अंडर-19 टीम के हेड कोच एस. वेंकटरमन पर शॉकिंग हमला हुआ। जानकारी के अनुसार, तीन स्थानीय खिलाड़ी–सीनियर कार्तिकेयन जयसुंदरम, फर्स्ट-क्लास खिलाड़ी ए. अरविंदराज और एस. संतोष कुमारन–टीम चयन को लेकर नाराज थे और इसी गुस्से में कोच पर हमलावर हो गए।

सुबह करीब 11 बजे CAP की ट्रेनिंग फैसिलिटी में वेंकटरमन पर हमला किया गया। कोच ने बताया कि उन्हें नेट्स के पास घेर लिया गया और उनके सिर और कंधे पर हमला किया गया। सिर में गहरी चोट के कारण उन्हें 20 टांके लगाने पड़े और कंधे में फैक्चर भी आया। पुलिस ने तुरंत FIR दर्ज कर आरोपी खिलाड़ियों की तलाश शुरू कर दी है। सब-इंस्पेक्टर एस. राजेश के अनुसार, कोच की हालत स्थिर है और फरार खिलाड़ियों को ट्रैक किया जा रहा है।



वेंकटरमन ने आरोप लगाया कि खिलाड़ियों ने उन्हें पकड़कर हमला किया और भारतीदासन पांडिचेरी क्रिकेटर्स फोरम के सेक्रेटरी जी. चंद्रन ने उन्हें भड़काया। उनका दावा है कि खिलाड़ियों ने उनसे मारपीट करने का कारण बताया कि उन्हें टीम में मौका तभी मिलेगा जब वे कोच को चोट पहुंचाएंगे। भारतीदासन पांडिचेरी क्रिकेटर्स फोरम ने कोच के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वेंकटरमन ने अक्सर खिलाड़ियों के साथ अनुचित व्यवहार किया। फोरम के अध्यक्ष सेंथिल कुमारन ने कहा कि CAP में पिछले वर्षों में कई बार मुद्दों को BCCI के सामने उठाया गया है।

यह हमला इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के एक दिन बाद आया जिसमें CAP में खिलाड़ियों के चयन में गड़बड़ी और बाहरी खिलाड़ियों को स्थानीय दिखाने की शिकायतें सामने आईं। 2021 के बाद केवल पांच स्थानीय खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया।

BCCI के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने कहा कि बोर्ड इस मामले की गंभीरता से जांच करेगा। CAP के CEO राजू मेथा ने हालांकि दावा किया कि सभी नियमों का पालन किया गया है और भ्रष्टाचार के लिए जीरो टॉलरेंस नीति है।

# बीसीसीआई ने मिनी नीलामी के लिए 9 खिलाड़ियों के नाम जोड़े, कुल 359 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीसी) ने 16 दिसंबर को अबू धाबी में होने वाली मिनी नीलामी के लिए जारी 350 खिलाड़ियों की सूची में 9 खिलाड़ियों को और शामिल किया है। इस प्रकार खिलाड़ियों की संख्या बढ़कर अब 359 हो गयी है। सूची में जोड़े गये नामों में विराट कोहली के करीबी स्वस्तिक चिकारा शामिल हैं, जिन्हें हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रिलीज किया थ। वहीं एसोसिएट देश (मलेशिया) के विरनदीप सिंह को भी सूची में शामिल किया गया हैं। बचे हुए सात खिलाड़ी हैं त्रिपुरा के ऑलराउंडर मणिशंकर मुरासिंघ, चामा मिलिंद (हैदराबाद), के.एल. श्रीजित (कर्नाटक), इथन बॉश (दक्षिण अफ्रीका), क्रिस ग्रीन (ऑस्ट्रेलिया), राहुल राज नमाला (उत्तराखंड) और विराट सिंह (झारखंड). अंतिम नीलामी सूची में शामिल 359 खिलाड़ियों मे 247 भारतीय और 112 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें से केवल 77 खिलाड़ियों को ही नया आईपीएल अनुबंध मिलेगा, इसमें 31 विदेशी खिलाड़ी हैं। इसमें कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे अधिक 64.30 करोड़ रुपये, और उनके उसे 13 स्लॉट भरने हैं। हीं चेन्नई सुपर किंग्स का नंबर है के पास 43.4 करोड़ रुपये हैं और उसे नौ स्लॉट भरने हैं।



# आईपीएल नीलामी में इस बार पृथ्वी, सरफराज के नाम भी शामिल

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 16 दिसंबर को अबुधाबी में होने वाली नीलामी में कुल 350 क्रिकेटरों की बोली लगेगी, जिनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। पिछली बार नीलामी में नहीं बिके बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को भी इसमें शामिल किया गया है।

इसके अलावा बल्लेबाज सरफराज खान को भी इसमें जगह मिली है। इन दोनों का ही बेस प्राइज 75 लाख रुपये है। शॉ ने 2018 से 2024 तक आईपीएल खेला था पर खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें पिछली बार किसी टीम ने नहीं खरीदा था। वहीं सरफराज को साल 2021 के बाद से ही निलामी सूची में शामिल नहीं किय गया था। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) द्वारा रिलीज किए गए ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को भी नीलामी में जगह मिली है। उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले कुणाल चंदेला और अशोक कुमार भी नीलामी की अंतिम सूची में शामिल हैं। नीलामी सूची में दो करोड़ बेस प्राइज में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैमरन ग्रीन और जेक फ्रेजर मैकगर्क के अलावा न्यूजीलैंड और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर है।



# आकाश चोपड़ा ने दी गंभीर को सलाह, सबसे लड़ाई न करें

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन करते हुए कहा है कि वह पूरे जुनुन से अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं, इसलिए कुछ मैचों में टीम की असफलता के कारण उनपर सवाल उठाने ठीक नहीं हैं। वहीं चोपड़ा ने गंभीर से भी कहा कि वह आलोचआओं को सकारात्मक लें और उनपर कठोर प्रतिक्रिया न दे। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि कोच के तौर पर उनके अब तक के कार्यकाल में जरुरत से ज्यादा विवाद पैदा हुए हैं। ऐसे में मेरी सलाह है कि वह इतनी ज्यादा लड़ाइयां न मौल लें। हाल ही में गंभीर ने अगल-अलग कप्तान बनाने की सलाह देने वाले आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स के मालिक पर नाम लिए बिना ही निशाना साधा था और कहा था कि उन्हें अपनी सीमा में ही रहना चाहिये। चोपड़ा ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी कर गंभीर अपनी परेशानियां ही बढ़ा रहे हैं। गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम पहले न्यूजीलैंड और फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय मैचों की सीरीज के सभी मैच हारी थी जिसके बाद से ही गंभीर की कोचिंग पर लोगों ने सवाल उठाने शुरु कर दिये थे। चोपड़ा ने इसी को लेकर एक वीडियो में कहा, 'जब वह मीडिया के सामने आते है तो कुछ भी छुपाते नहीं हैं। दिल खोलकर बोलते हैं पर मेरी एक सलाह उन्हें है कि वह आलोचना पर भड़के नहीं और न किसी से लड़ाई मौल लें। साथ ही कहा कि जब आप अपने काम को लेकर इतने जोशीले होते हैं और किसी व्यक्ति या चीज के पीछे पड़ जाते हैं, तो कई लोग आपके असफल होने का इंतजार करने लगते हैं। कई बार लगता है कि आप अपने कामकाज के तरीके से इस तरह की आलोचना के लिए अपने को तैयार कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'गंभीर बेहद उत्साही व्यक्ति हैं। वह हमेशा देश और टीम के लिए पूरी ताकत झौंकने के लिए तैयार रहते हैं। मेरा मानना है कि उन्हें किसी को खुश नहीं करना है। इसलिए वह लड़ाई न करते हुए अपना काम करते रहें।'



# जूनियर महिला वर्ल्ड कप: आखिरी सेकंड में बराबरी, फिर शूटआउट में भारत ने उरुग्वे को हराया

**सैंटियागो (चिली) (एजेंसी)।** भारत ने आखिरी सेकंड में बराबरी करने के बाद उरुग्वे को स्न्ढ्ढ॥ हॉकी जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 के 9/12 क्लासिफिकेशन मैच में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 3-1 से हराया। भारत के लिए मनीषा ने (19वें) ने भारत के लिए गोल किया जिसके बाद जस्टिना अर्रेगुई ने (60वें) मिनट सिर्फ दो सेकंड बाकी रहते पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला, जिससे सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में मैच शूटआउट में चला गया।

भारत ने मैच की शुरुआत से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, जल्दी दबाव बनाया और कई बार सकर्ल में एंट्री की। हालांकि, उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे उसे भुना नहीं पाये। भारत ने 18वें मिनट में एक अच्छे पेनल्टी-कॉर्नर वेरिएशन के साथ जवाब दिया, लेकिन साक्षी राणा का शॉट ब्लॉक हो गया।



अगले ही मिनट में मनीषा ने दूर से एक जोरदार गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ में भारतीयों ने 11 सकर्ल पेनिट्रेशन किए, जबकि उरुग्वे ने डिफेंसिव शेल में गहरी पकड़ बना ली थी।

ब्रेक के बाद भी यही पैटर्न जारी रहा भारत ने हाई लाइन बनाए रखी और उरुग्वे को पीछे धकेल दिया, लेकिन तीसरे क्वार्टर के बीच में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद वे बढ़त नहीं बना पाए। आखिरी क्वार्टर के 49वें मिनट में उरुग्वे ने आगे बढ़ने का प्रयास किया लेकिन गोलकीपर निधि ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार बचाव करके भारत की बढ़त बनाए रखी। उरुग्वे ने आखिरी मिनटों में अपने गोलकीपर को हटाकर एक एक्स्ट्रा आउटफील्ड प्लेयर को शामिल किया, और यह कदम बहुत फायदेमंद रहा। दो सेकंड बाकी रहते, उन्हें एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे अरेर्गुई ने शांति से गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया।

शूटआउट में भारत ने हिम्मत नहीं हारी। पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे को तीन बार गोल करने से रोका, जिससे 3-1 से जीत पक्की हो गई और भारत 9वें/10वें स्थान के प्लेऑफ में पहुंच गया। भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को अपने आखिरी क्लासिफिकेशन मैच में स्पेन से होगा।

# लियोनेल मेस्सी को लगातार दूसरी बार चुने गए एमएलएस का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)। इंटर मियामी के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी को मेजर लीग सॉकर (MLS) में लगातार दूसरी बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अर्जेंटीना के इस 38 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से उनकी टीम इंटर मियामी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार हासिल करने में सफल रही। MLS कप चैंपियन टीम के कप्तान मेस्सी एमएलएस के इतिहास में लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी) का खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मंगलवार को उन्हें लीग के इस साल के सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान का विजेता घोषित किया गया। मेस्सी ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके बिना यह पुरस्कार जीतना संभव नहीं था। वह लीग के इतिहास में दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनसे पहले प्रेकी ने 1997 और 2003 में यह पुरस्कार जीता था।

# सभी प्रारुपों की कप्तानी शुभमन को दी जाये : गांगुली

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का कहना है कि बल्लेबाज शुभमन गिल को तीनों ही प्रारुपों में कप्तानी दी जानी चाहिये। गांगुली के अनुसार अभी शुभमन टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान हैं और भविष्य को देखते हुए उन्हें टी20 प्रारुप की भी कप्तानी दे देनी चाहिये। वहीं जहां कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने सभी प्रारुपों में अलग कप्तान बनाने को कहा है। वहीं गांगुली इससे सहमत नहीं हैं। गांगुली ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा 'मेरी नजर में शुभमन सभी प्रारुपों के लिए कप्तान होने चाहिए। वह पूरी तरह से कप्तानी संभालने में सक्षम है।' गांगुली ने इंग्लैंड दौरे का उदाहरण देते हुकहा, 'तीन महीने पहले इंग्लैंड में शुभमन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के नहीं होने के बाद भी एक युवा टीम की शानदार तरीके से कप्तानी कर सीरीज बराबरी पर समाप्त की थी। उस सीरीज में वह बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों में ही सफल रहे थे।' गांगुली ने कहा कि उस सीरीज में शुभमन ने 750 से ज्यादा रन बनाए और चार शतक लगाये। विदेशी जमीन पर दबाव के बाद भी ऐसा प्रदर्शन करना असान नहीं होता। साथ ही कहा कि किसी भी खिलाड़ी को केवल कुछ असफलताओं के कारण कम नहीं समझना चाहिए। इस पूर्व कप्तान का मानना है कि नये कप्तानों को अपनी को साबित करने के लिए समय देना जरुरी है। प्रशंसकों और समीक्षकों को जल्दबाजी में किसी भी प्रकार के फैसले पर नहीं पहुंचना चाहिये।卐 कप्तान के तौर पर उन्हें पर्याप्त समय और समर्थन देना चाहिए। उनपर भरोसा रखना होगा तभी वह एक बेहतर कप्तान के तौर पर निखर सकेंगे।' गांगुली की इस बयान से साफ है कि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 टीम भले ही अच्छा कर रही हो पर उनकी बढ़ती उम्र को देखते हुए भविश्य के लिए शुभमन को तैयार किये जाने की जरुरत है।

# पीसीबी ने हैदर अली पर लगा प्रतिबंध हटाया, लगे थे बलात्कार के आरोप



कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने बल्लेबाज हैदर अली पर लगा अस्थायी निलंबन हटा लिया है, जिन्होंने सितंबर में मैनचेस्टर में बलात्कार के आरोपों से बरी होने के बाद से किसी भी तरह का प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। PCB ने बुधवार को पुष्टि की कि अली उन नौ पाकिस्तानी खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिया गया है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, 'खिलाड़ियों को 23 जनवरी तक इस प्रतियोगिता में खेलने की अनुमति दे दी गई है।' पाकिस्तान के लिए 35 टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने वाले अली तब पाकिस्तान शाहीन टीम (पाकिस्तान ए) के साथ इंग्लैंड दौरे पर थे जब ब्रिटेन में जन्मी एक पाकिस्तानी महिला ने मैनचेस्टर शहर की पुलिस में उनके खिलाफ बलात्कार का आरोप लगाया। PCB ने जांच के नतीजे आने तक अली को निलंबित कर दिया था। मैनचेस्टर पुलिस ने 25 सितंबर को यह मामला बंद कर दिया था। पुलिस ने कहा था कि उन्हें इस मामले को अदालत में भेजने या क्रिकेटर को गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। PCB ने मोहम्मद नवाज, अबरार अहमद, साहबजादा फरहान, फहीम अशरफ, हुसैन तलत, ख्वाजा नफे और एहसानाउल्लाह को भी बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने के लिए NOC जारी की है। पाकिस्तान की टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज उमर अकमल को ह्लह्रष्ट देने से इनकार कर दिया गया है। अकमल ने इस पर बोर्ड से स्पष्टीकरण मांगा है।

# टी20आई : पावरप्ले में भारतीय गेंदबाजों का दबदबा, अर्शदीप सिंह बड़े खिलाड़ी की बराबरी कर नम्बर 1 पर आए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पावरप्ले ओवर्स (1-6 ओवर) हमेशा से बल्लेबाजों का पसंदीदा समय माना जाता है, लेकिन भारत के तेज़ और स्पिन गेंदबाजों ने इस अवधि में लगातार विकेट लेकर अपनी अलग पहचान बनाई है। हाल ही के आंकड़ों के मुताबिक, पावरप्ले में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज़ों की लिस्ट में अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार संयुक्त रूप से टॉप पर हैं। दोनों के नाम 47-47 विकेट दर्ज हैं। उनके पीछे जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे गेंदबाज़ शामिल हैं, जिन्होंने शुरुआती ओवरों में मैच का रुख पलटने में अहम भूमिका निभाई है। अर्शदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में भूवनेश्वर कुमार की बराबरी की है।

अर्शदीप सिंह ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड ~ 47 विकेट के साथ नंबर 1 पर

भारत के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी20आई में पावरप्ले ओवर्स में सबसे ज़्यादा 47 विकेट लेकर बड़ा मुकाम हासिल किया है। क्रिकेट जगत में अर्शदीप अपनी स्विंग, पेस वेरिएशन और शुरुआती ओवरों में घातक लाइन-लेंथ के लिए जाने जाते हैं। आईपीएल में अपनी पहचान बनाने वाले अर्शदीप ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी साबित कर दिया है कि वह भारत के लिए लंबे समय तक पावरप्ले स्पेशलिस्ट बन सकते हैं। उनके शुरुआती ओवरों में विकेट लेने की क्षमता भारत को मजबूत शुरुआत देती है और विपक्षी टीम पर दबाव डालती है।

**भुवनेश्वर कुमार की बराबरी की**

अर्शदीप ने भुवनेश्वर कुमार की बराबरी की है जिनके नाम भी पावरप्ले में 47 विकेट दर्ज हैं। भुवी अपनी शानदार स्विंग और सटीक लाइन-लेंथ के लिए शुरू से ही ञ्20ढ्ढ क्रिकेट में सफल रहे हैं। भुवनेश्वर ने कई बड़े टूर्नामेंटों में पावरप्ले में अहम विकेट लेकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। उनकी स्विंग गेंदबाज़ी खासकर नई गेंद से बेहद प्रभावशाली रही है, जिसकी वजह से उन्हें लंबे समय तक भारत का सबसे भरोसेमंद पावरप्ले गेंदबाज़ माना गया।

**जसप्रीत बुमराह - 33 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर**

दुनिया के सबसे घातक गेंदबाज़ों में गिने जाने वाले जसप्रीत बुमराह पावरप्ले में 33 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। बुमराह भले ही डेथ ओवर्स के राजा माने जाते हों, लेकिन शुरुआती ओवरों में भी वह उतने ही खतरनाक होते हैं। उनकी सटीक यॉर्कर, सीम मूवमेंट और अनोखी स्लोअर गेंदें बल्लेबाज़ों को भ्रमित करती हैं। बुमराह की मौजूदगी से भारत को हमेशा पावरप्ले में सफलता मिलने की उम्मीद रहती है।

**अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर - स्पिनर्स की अहम भूमिका**

पावरप्ले में स्पिनरों का इस्तेमाल जोखिम भरा माना जाता है, लेकिन अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर ने इसे गलत साबित किया है। दोनों के नाम 21-21 विकेट दर्ज हैं। अक्षर पटेल अपनी एक जैसी लाइन-लेंथ और तेज़ गति वाली गेंदों से बल्लेबाज़ों को टिकने नहीं देते। वाशिंगटन सुंदर शुरुआती ओवरों में स्पिन डालकर बल्लेबाज़ों को चौंकाते हैं और कई बार बड़े विकेट दिलाते हैं। इन दोनों स्पिनरों ने भारत की पावरप्ले रणनीति को और मजबूत किया है।

**टी20आई क्रिकेट में 1-6 ओवर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज**

47 - अर्शदीप सिंह, 47 - भुवनेश्वर कुमार, 33 - जसप्रीत बुमराह, 21 - अक्षर पटेल, 21 - वाशिंगटन सुंदर



## संक्षिप्त समाचार

### पवन ऊर्जा को लेकर ट्रंप के फैसले पर अदालत ने लगाई रोक

**न्यूयॉर्क , एजेंसी ।** अमेरिका के एक संघीय जज ने सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले कार्यकारी आदेश को खारिज कर दिया । मैसाचुसेट्स डिस्ट्रिक्ट के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज पैटी सारिस ने पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले ट्रंप के 20 जनवरी के कार्यकारी ऑर्डर को खारिज कर दिया और इसे गैर–कानूनी घोषित कर दिया । जज ने कहा कि संघीय जमीन और पानी पर पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट की लगभग सभी लीजिंग को रोकने का आदेश मनमाना है और यह अमेरिकी कानून का उल्लंघन है । सारिस ने न्यूयॉर्क अटॉर्नी जनरल लेटिसिया जेम्स के नेतृत्व में 17 राज्यों और वाशिंगटन, ष्ठष्ट के स्टेट अटॉर्नी जनरल के एक समूह की संयुक्त याचिका के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसने ट्रंप के उस ऑर्डर को चुनौती दी थी जिसमें पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स के लिए लीजिंग और परमिट देने पर रोक लगा दी थी । ट्रंप अक्षय ऊर्जा के खिलाफ रहे हैं और बिजली बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को प्राथमिकता देते हैं । मैसाचुसेट्स अटॉर्नी जनरल एंड्रिया जॉय कैंपबेल ने इस फ़ैसले को हरित नौकरियों और अक्षय ऊर्जा की जीत बताया ।

### फ्लोरिडा के गवर्नर ने मुस्लिम नागरिक अधिकार समूह को आतंकी संगठन घोषित किया

**फ्लोरिडा , एजेंसी ।** फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने सोमवार को अमेरिका के सबसे बड़े मुस्लिम नागरिक अधिकार समूह को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया । डेसेंटिस ने काउंसिल ऑन अमेरिकन–इस्लामिक रिलेशंस और मुस्लिम ब्रदरहुड के खिलाफ एक कार्यकारी आदेश दिया है । हालांकि अमेरिकी सरकार ने अभी तक काउंसिल ऑन अमेरिकन–इस्लामिक रिलेशंस और मुस्लिम ब्रदरहुड को आतंकी संगठन घोषित नहीं किया है । यह आदेश फ्लोरिडा की एजेंसियों को निर्देश देता है कि वे दोनों समूहों और उन्हें सामान देने वालों को किसी स्टेट एग्जीक्यूटिव या कैबिनेट एजेंसी से कॉन्ट्रैक्ट और फंड लेने से रोकें । वहीं ष्टद्गक्रने डेसेंटिस पर इसके लिए मुकदमा करने की बात कही है । मुस्लिम ब्रदरहुड की स्थापना लगभग एक सदी पहले मिस्र में हुई थी और इसकी दुनिया भर में ब्रांच हैं । इसके नेताओं का कहना है कि इसने दशकों पहले हिंसा छोड़ दी थी और अब यह चुनावों और दूसरे शांतिपूर्ण तरीकों से इस्लामी राज स्थापित करना चाहता है । आलोचक, जिनमें पश्चिम एशिया इलाके की तानाशाह सरकारें भी शामिल हैं, इसे एक खतरा मानते हैं ।

### अफगानों पर पाकिस्तान के हमलों की निंदा

**काबुल, एजेंसी ।** भारत ने पाकिस्तान की ओर से अफगान नागरिकों पर किए गए ताजा हमलों की कड़ी निंदा की है । विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक ब्रीफिंग में कहा, हम सीमा पर हुई झड़पों की खबरों से अवगत हैं, जिनमें कई अफगान नागरिक मारे गए हैं । उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत, अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और स्वतंत्रता का दृढ़ता से समर्थन करता है । यह हमला दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम समझौते के दो महीने से भी कम समय बाद हुआ है ।

### संसद पुनर्स्थापना की मांग पर नेपाली कांग्रेस पहुंची शीर्ष कोर्ट


**काठमांडू, एजेंसी ।** नेपाल में प्रतिनिधि सभा की पुनर्स्थापना की मांग पर नेपाली कांग्रेस ( नेकां ) भी सुप्रीम कोर्ट गई है । पार्टी के मुख्य सचेतक श्याम घिमिरे ने बताया कि कांग्रेस ने वकील के जरिये पूर्व महान्यायाधिवक्ता खम्म खाती को इसी मांग पर सुप्रीम कोर्ट भेजा है । खाती कांग्रेस के निर्वाचन समिति संयोजक भी हैं । घिमिरे ने कहा, संसद पुनर्स्थापना की मांग हमारे लिए बेहद जरूरी है । इससे पहले नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी ( एमाले ) भी इसके लिए रिट याचिका दायर कर चुकी है ।

### पाकिस्तान : सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में छह आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद, एजेंसी ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं । गोलीबारी में एक सुरक्षा अधिकारी भी मारा गया और तीन घायल हो गए । अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के खिलाफ यह ऑपरेशन अफगानिस्तान की सीमा से सटे मोहमंद कबायली जिले के सोरन दर्रा इलाके में शुरू किया गया था । गोलीबारी थमने के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया ।

# ट्रम्प बोले- भारत के कारण अमेरिकी किसानों को घाटा: सस्ता चावल भेज रहा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारत से आने वाले चावल और कनाडा से आने वाली खाद पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। उनका कहना है कि दूसरे देशों से आने वाला सस्ता सामान अमेरिकी किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है। ट्रम्प ने यह बात सोमवार को व्हाइट हाउस में उस समय कही, जब वे किसानों के लिए नई आर्थिक मदद की घोषणा कर रहे थे। ट्रम्प ने कहा कि भारत, वियतनाम और थाईलैंड जैसे देश अमेरिका में बहुत सस्ता चावल बेच रहे हैं, जिससे यहां के किसानों की कमाई कम हो रही है।



उन्होंने इसे 'डंपिंग' बताया और कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए। ट्रम्प ने अपने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से पूछा कि क्या भारत को चावल के मामले में किसी तरह की छूट मिली हुई है। मंत्री ने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर अभी बातचीत चल रही है।

**कनाडाई फर्टिलाइजर पर भी टैरिफ लग सकता है :** ट्रम्प ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका कनाडा से आने वाली खाद पर भी कड़े टैरिफ लगा सकता है। उन्होंने कहा कि बहुत सी खाद कनाडा से आती है। अगर यह बहुत सस्ती हो गई तो हम उस पर सख्त टैरिफ लगा देंगे। कनाडा ,अमेरिका को पोटाश खाद की सबसे ज्यादा सप्लाई करता है। अब तक इसे व्यापार समझौते की वजह से संरक्षण मिला हुआ है।

अमेरिका में महंगाई और बढ़ती कीमतों की वजह से ट्रम्प पर दबाव बढ़ रहा है। किसान भी बढ़ती लागत से परेशान हैं। अगर खाद पर नया टैरिफ लग गया तो उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। अमेरिका ने हाल ही में पोटाश और फॉस्फेट को क्रिटिकल मिनरल्स की लिस्ट में शामिल किया था, ताकि उनकी सप्लाई बनी रहे, लेकिन किसान अभी भी इसे लेकर परेशान हैं।

**आसान भाषा में डंपिंग का मतलब जानिए :** डंपिंग का मतलब है कि कोई देश अपनी चीजें दूसरे देश में बहुत ही कम दाम पर बेचता है। यह इतना कम होता है कि वहां की लोकल कंपनियां और किसान उस कीमत पर सामान बना ही नहीं पाते।

इससे उस देश का बाजार सस्ते विदेशी माल से भर जाता है और स्थानीय लोगों का कारोबार नुकसान में चला जाता है। इसके बाद धीरे-धीरे लोकल मार्केट पर विदेशी कंपनियों या प्रोडक्ट का कब्जा हो जाता है। अगर ट्रम्प भारतीय चावल पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगा देते हैं तो भारत से अमेरिका जाने वाला चावल काफी महंगा हो जाएगा। इससे वहां भारतीय चावल खरीदने वाले लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा, क्योंकि कीमतें बढ़ जाएंगी। साथ ही भारत के उन किसानों और निर्यातकों को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है, जो अपनी फसल का बड़ा हिस्सा अमेरिका भेजते हैं। महंगा होने की वजह से अमेरिकी बाजार में भारतीय चावल की मांग कम हो सकती है।

**भारत दुनिया का 40% चावल एक्सपोर्ट करता है :** भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक देश है। सस्ते घरेलू चावल और बड़े भंडार की वजह से भारत दुनिया भर में लगभग 40% चावल एक्सपोर्ट करता है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का कुल चावल निर्यात लगभग 15 मिलियन टन तक पहुंच गया था। भारत मुख्य तौर पर दो तरह के चावल एक्सपोर्ट करता है बासमती और गैर-बासमती। 2023 में पश्चिम अफ्रीकी देश गैर-बासमती चावल के सबसे बड़े खरीदार थे, जबकि बासमती चावल के सबसे बड़े खरीदार मिडिल ईस्ट के देश सऊदी अरब, ईरान और इराक थे। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, 2023 में भारत ने अमेरिका को लगभग 281,873 टन चावल एक्सपोर्ट किया था।

## पिछले पांच साल में बांग्लादेश पर विदेशी कर्ज का बोझ बढ़कर 42 फीसदी हुआ



**ढाका, एजेंसी।** नोबेल विजेता युनूस ने बड़े दमखम के साथ बांग्लादेश का नेतृत्व संभाला था। लेकिन फिलहाल उनके नेतृत्व में बांग्लादेश भी पाकिस्तान के कंगाली वाले रास्ते पर जाता दिखाई दे रहा है। पिछले पांच साल में बांग्लादेश पर विदेशी कर्ज का बोझ बढ़कर 42 फीसदी हो गया है। इसके साथ ही बांग्लादेश भी उन देशों की कतार में आ गया है, जो विदेशी कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। इस बात की जानकारी रविवार को अंतर्राष्ट्रीय कर्जों पर वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट में हुई है। इसके मुताबिक पिछले पांच साल में बांग्लादेश के ऊपर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के विदेशी कर्जों पर किस्त भुगतान, मूलधन और ब्याज दोनों पर दोगुना हो गया है।

गौरतलब है कि बांग्लादेश पिछले कई साल से बाहरी कर्ज के बढ़ते दबाव का सामना कर रहा है। सरकार ने विदेशी कर्ज की बदौलत बड़ी परियोजनाएं लागू की हैं। इनमें परमाणु ऊर्जा संयंत्र, मेट्रो रेल, पावर प्लांट, हवाई अड्डा टर्मिनल, अंडरवाटर टनल और ऊंची एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इन परियोजनाओं में से कई के ऋण की अदायगी पहले ही शुरू हो चुकी है, वहीं कई अन्य को जल्द ही भुगतान किया जाना है।

बढ़ते ऋण बोझ के बारे में पूछे जाने पर, वर्ल्ड बैंक के ढाका कार्यालय के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री जाहिद हुसैन ने प्रोथम आलो को बताया कि विदेशी उधार और ऋण चुकाने का दबाव कोविड-19 काल से बढ़ रहा है। उन्होंने कहाकि हमारे विकास में जो साझेदार हैं, अब वो कड़ी शर्तें लगा रहे हैं। इनमें कम ग्रेस पीरियड, घटा हुआ मैच्योरिटी टाइम और उच्च ब्याज दरें शामिल हैं, और इसके परिणामस्वरूप, मूलधन और ब्याज भुगतान का बोझ महत्वपूर्ण और लगातार बढ़ रहा है।

जाहिद हुसैन ने आगे बताया कि विदेशी कर्ज से बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पर काफी दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहाकि पहले विश्व बैंक और आईएमएफ की ऋण स्थिरता रिपोर्टों में बांग्लादेश लो रिस्क कैटेगरी में था। लेकिन अब यह मध्यम श्रेणी में आ गया है।

## लंदन: हीथ्रो हवाई अड्डे पर मिर्च स्प्रे हमले में ब्रिटेन पुलिस ने 2 और गिरफ्तारियां कीं

**लंदन , एजेंसी।** लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर हुई घटना की जांच कर रही ब्रिटेन की पुलिस ने सोमवार को दो और गिरफ्तारियां कीं। इस घटना में सप्ताहांत में मिर्च स्प्रे के हमले में 21 लोग मामूली रूप से घायल हो गए थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि डकैती और हमले के संदेह में गिरफ्तार 24 वर्षीय व्यक्ति और डकैती की साजिश के संदेह में गिरफ्तार 23 वर्षीय महिला अभी भी हिरासत में हैं।

रविवार को घटनास्थल के निकट डकैती और हमले के संदेह में गिरफ्तार किए गए 31 वर्षीय व्यक्ति को 'जांच के तहत' छोड़ दिया गया है, जबकि पुलिस जांच जारी है। मेट पुलिस ने एक बयान में कहा, 'जांच शुरू की गई, जिसमें पता चला कि हमले से पहले, कार पार्क की लिफ्ट से बाहर निकलने पर दो महिलाओं के सूटकेस लूट लिए गए थे।' पुलिस ने बताया, 'लूट के दौरान, बदमाशों ने महिलाओं पर मिर्च स्प्रे जैसा कोई पदार्थ छिड़का। इस पदार्थ का असर आसपास के लोगों पर पड़ा और उन्हें मामूली चोटें आईं।' ये गिरफ़्तारियां पश्चिम लंदन हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 बहुमंजिला पार्किंग में हुए हमले और डकैती के बाद हुईं। लंदन एम्बुलेंस सेवा ने 21 लोगों का इलाज किया, जिनमें से पांच को पास के अस्पताल ले जाया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## ऑस्ट्रेलिया में जंगल में लगी आग का कहर जारी 40 घर तबाह

**केनबरा, एजेंसी ।** ऑस्ट्रेलिया में वन आग के कारण रविवार को दो प्रांतों के लगभग 40 घर तबाह हो गए और इसे काबू करने की कोशिश में एक दमकलकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि न्यू साउथ वेल्स के बुलादेला शहर के पास रविवार की रात आग बुझाते समय 59 वर्षीय व्यक्ति के ऊपर पेड़ गिर गया और उन्हें बचाया नहीं जा सका। ग्रामीण अग्निशमन सेवा के प्रमुख कमिश्नर ट्रेंट कर्टिन ने बताया कि आग ने 3,500 हेक्टेयर जंगल को तबाह कर दिया है ।

## अमेरिकी राष्ट्रपति एआई पर जारी करेंगे 'वन रूल' वाला ऑर्डर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य अलग-अलग कानून बनाकर टेक कंपनियों के सामने मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा कर दी है कि इस सप्ताह वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( एआई ) के लिए एक ही नियम ( One Rule ) वाला एक महत्वपूर्ण कार्यकारी आदेश जारी करने जा रहे हैं। ट्रंप ने सोमवार को खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि मैं इस हफ्ते एआई के लिए एक नियम वाला कार्यकारी आदेश जारी करूंगा। अपनी पोस्ट में आगे उन्होंने कहा कि इस समय हम दुनिया के सभी देशों से काफी आगे हैं, लेकिन अगर हमारे 50 राज्य, जिनमें से कई में बहुत बुरे लोग बैठे हैं, अलग-अलग नियम बनाने और मंजूरी देने में लगे रहे, तो यह बढ़त ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि एआई अपनी शुरुआती अवस्था में ही नष्ट हो जाएगा। बताया जा रहा है कि यह कदम ट्रंप का एआई नीति पर अपनी मजबूत छाप छोड़ने का ताजा प्रयास है। उनका स्पष्ट मानना है कि 50 अलग-अलग राज्य स्तर के नियमों का जाल अमेरिकी कंपनियों के लिए अनुपालन को असंभव बना देगा और नवाचार को मार डालेगा। तकनीकी उद्योग के बड़े नेता लंबे समय से राज्य-दर-राज्य विनियमन के खिलाफ बोलते रहे हैं। इस लिहाज से यह आदेश उनके लिए बड़ी जीत होगी। बता दें कि ट्रंप और टेक दिग्गजों ने बार-बार चेतावनी दी है कि अलग-अलग राज्य कानून नवाचार रोक देंगे और अनुपालन को बेहद जटिल बना देंगे। हालांकि, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस और अर्कांसस की गवर्नर सारा हकाबी सैंडर्स सहित कई रिपब्लिकन गवर्नरों ने इस कदम की आलोचना की है। वे इसे राज्यों के अधिकारों पर हमला मानते हैं। माना जा रहा है कि किसी भी ऐसे कार्यकारी आदेश को तुरंत कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, वाइट हाउस की राष्ट्रीय आर्थिक परिषद के निदेशक केविन हैसेट ने सोमवार को सीएनबीसी को बताया कि उन्होंने इस आदेश का मसौदा देख लिया है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्य इन कंपनियों को अपने कंट्रोल में रखना चाहते हैं। आने वाला कार्यकारी आदेश यह साफ कर देगा कि अमेरिका में अमेरिकी कंपनियों के लिए सिर्फ एक ही नियम होगा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने देखे गए संभावित आदेश के मसौदे में न्याय विभाग को उन राज्यों के खिलाफ मुकदमा करने की शक्ति दी जाएगी जिनके एआई कानून संघीय सरकार असंवैधानिक मानती है। साथ ही, जिन राज्यों के नियम बहुत सख्त या बोझिल होंगे, उन्हें संघीय फंडिंग में कटौती भी की जा सकेगी।



# जापान में आए 7.5 तीव्रता के भूकंप से 30 लोग घायल, अधिकारियों ने बड़े झटकों की चेतावनी दी

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान में आए 7.5 तीव्रता वाले भूकंप की वजह से 30 लोगों के घायल होने की खबर है। इसकी जानकारी स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को दी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक भूकंप सोमवार को स्थानीय समय के मुताबिक रात 11:15 पर आओमोरी प्रीफेक्चर के पूर्वी तट पर आया। भूकंप का केंद्र 54 किलोमीटर नीचे था। क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, एजेंसी ने चेतावनी दी कि इस झटके के बाद आने वाले दिनों में उसी इलाके में इसी तरह या उससे भी ज्यादा तीव्रता वाला भूकंप आ सकता है। जापान के प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने प्रभावित इलाकों के लोगों से अगले एक-दो सप्ताह तक स्थानीय अधिकारियों और मौसम एजेंसी से अपडेट के लिए अलर्ट रहने और आने वाले भूकंप के लिए तैयार रहने को कहा है। स्थानीय लोगों को पर्याप्त मात्रा में घर के जरूरी सामान को रखने को कहा गया है। एजेंसी के मुताबिक, भूकंप होक्काइडो और उत्तर-पूर्वी जापान के तटों से लगी एक खाई के पास आया। यह एक ऐसा जोन है जहां पैसिफिक प्लेट के होंशू मुख्य द्वीप के नीचे खिसकने से बड़े भूकंप आ सकते हैं। मौसम विज्ञान एजेंसी ने बाद में भूकंप की तीव्रता को पहले के 7.6 के अनुमान से बदल दिया और झटके के बाद 3 मीटर तक ऊंची सुनामी लहरों की चेतावनी जारी की। इवाते प्रीफेक्चर में सबसे ऊंची सुनामी लहरें 70 सेंटीमीटर तक पहुंच गईं। भूकंप के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद, सुनामी की चेतावनी जारी की गई जिसे मंगलवार सुबह 6:20 में हटा लिया गया। आओमोरी के कुछ हिस्सों में भूकंप की तीव्रता जापान के भूकंपीय तीव्रता स्केल 7 पर 6 से ज्यादा दर्ज की गई। झटके के बाद, मौसम एजेंसी ने खाई के पास एक बड़े भूकंप के लिए एक खास अलर्ट जारी किया, जिसे 'ऑफ द कोस्ट ऑफ होक्काइडो एंड सैनरिकु सबसीक्वेंट अर्थक्वेक एडवाइजरी' के नाम से जाना जाता है, जो 7.0 या उससे ज्यादा की तीव्रता वाले भूकंप के बाद सक्रिय होता है।



## पुतिन के बाद अब जेलेंस्की भारत आ सकते हैं : अगले महीने का प्लान



**कीव/नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बाद अब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की अगले महीने भारत दौरे पर आ सकते हैं। हालांकि अभी तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। जेलेंस्की का यह पहला भारत दौरा होगा। यूक्रेन के राष्ट्रपतियों ने 1992, 2002 और 2012 में अब तक सिर्फ तीन बार भारत दौरा किया है। विक्टर यानुकोविच आखिरी यूक्रेनी राष्ट्रपति थे, जो 2012 में भारत आए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत, रूस और यूक्रेन बीच संतुलन बनाए रखना चाहता है। 2024 में भी भारत ने ऐसा ही किया था। पीएम मोदी पहले मॉस्को गए और पुतिन से मिले थे और कुछ ही हफ्तों बाद वे कीव जाकर जेलेंस्की से मिले थे। भारत और यूक्रेन के अधिकारियों के बीच पिछले कई हफ्तों से बातचीत चल रही है। यह बातचीत पुतिन की यात्रा से पहले ही शुरू हो गई थी।

**जेलेंस्की का भारत दौरा कई फैक्टर पर निर्भर करेगा :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेलेंस्की का दौरा कब और कैसे होगा यह कई बातों पर निर्भर करेगा, जैसे कि ट्रम्प की नई शांति योजना किस दिशा में जाती है, युद्ध की स्थिति कैसी रहती है और यूक्रेन की राजनीति कैसे आगे बढ़ती है, क्योंकि इस समय वहां जेलेंस्की सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों से दबाव में है। 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पीएम मोदी, पुतिन और जेलेंस्की दोनों से लगातार बात करते रहे हैं। फोन कॉल हों या अंतरराष्ट्रीय बैठकें दोनों नेताओं के साथ उनका संपर्क बना रहा है।

**पीएम मोदी ने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया था :** पीएम मोदी अगस्त 2024 में यूक्रेन दौरे पर पहुंचे थे। तब उन्होंने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया था। बैठक में मोदी ने कहा था कि भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। मोदी और जेलेंस्की के बीच यूक्रेन के मैरिंस्की पैलेस में करीब 3 घंटे बैठक हुई थी। बाद में यूक्रेनी राष्ट्रपति ने मीडिया से कहा था कि भारत एक बड़ा देश है, उसका प्रभाव अधिक है। भारत पुतिन को रोक सकता है। भारत अपनी भूमिक निभाएगा।

# चिंता जताने के बावजूद पाकिस्तान को पैसे देते जा रहा आईएमएफ, अब जारी किए 1.2 अरब डॉलर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान की आर्थिक अस्थिरता और सुधारों में कमी पर चिंता जताने के बावजूद देश को 1.2 अरब डॉलर की नई किस्त जारी कर दी है। यह राशि पाकिस्तान की विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने और महंगाई को नियंत्रित करने में सहायक होगी, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम दीर्घकालिक सुधारों के बिना जोखिम भरा हो सकता है।

आईएमएफ ने सोमवार को पाकिस्तान को 1.2 अरब डॉलर की तीसरी किस्त जारी करने की घोषणा की। यह धनराशि उन दो कार्यक्रमों के तहत दी गई है, जिनका उद्देश्य देश में आर्थिक सुधारों को समर्थन देना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। इस ताजा किस्त के साथ वाशिंगटन स्थित संस्था द्वारा इस्लामाबाद को अब तक कुल 3.3 अरब डॉलर जारी किए जा चुके हैं। आईएमएफ के उप प्रबंध निदेशक नाइजल क्लार्क ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान द्वारा लागू किए गए सुधारों ने हालिया झटकों के बावजूद मैक्रोइकॉनॉमिक स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विशेष रूप से इस वर्ष की मॉनसून बाढ़ों का उल्लेख किया, जिनमें सितंबर तक 1,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

क्लार्क ने कहा कि पाकिस्तान सरकार द्वारा प्राथमिक राजकोषीय संतुलन लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता, साथ ही बाढ़ प्रभावितों को जरूरी आपात सहायता प्रदान करना, उनकी वित्तीय विश्वसनीयता को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि, आईएमएफ अधिकारी ने सरकार से आर्थिक डेटा कलेक्शन में सुधार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण और निवेश को बढ़ावा देने जैसे प्रमुख सुधारों की गति तेज करने का आग्रह भी किया।



**गंभीर आर्थिक संकट में फंसा पाकिस्तान :** पाकिस्तान पिछले कई वर्षों से लंबे आर्थिक और राजनीतिक संकट से जूझ रहा है। विदेशी कर्ज पर भारी निर्भरता रखने वाला देश 2023 में डिफॉल्टर होने से बाल-बाल बचा। तब 2024 में आईएमएफ द्वारा 7 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज की मंजूरी मिली थी। दक्षिण एशियाई यह देश अर्जेंटीना और यूक्रेन के बाद आईएमएफ का तीसरा सबसे बड़ा देनदार है। वित्तीय मोर्चे पर राहत पाने के लिए पाकिस्तान ने जनवरी 2024 में विश्व बैंक से 10 वर्षों के लिए 20 अरब डॉलर के वित्तीय पैकेज पर भी समझौता किया था। आईएमएफ की ताजा किश्त से पाकिस्तान को विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर रखने और सुधार प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार वास्तविक आर्थिक सुधारों को तेज़ी से लागू किए बिना स्थिति में स्थायी सुधार की संभावना अभी सीमित है।

# बिना ट्रैफिक रोके पहली बार हो रहा है स्टेशन पुनर्विकास : रेल मंत्री




**नई दिल्ली।** रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं से जुड़े प्रश्नों पर लोकसभा में चर्चा के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि स्टेशन पुनर्विकास अत्यंत जटिल प्रक्रिया है, जिसमें ट्रैफिक रोके बिना बड़े स्तर पर निर्माण कार्य करना शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आजादी के बाद पहली बार इस तरह का व्यापक स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्य हाथ में लिया गया है।

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य धर्मेंद्र यादव द्वारा पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि देश में स्टेशन विकास एक नई तरह की चुनौती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि चंडीगढ़ जैसे स्टेशनों पर भारी निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन ट्रैफिक को बंद नहीं किया गया। जबकि कई देशों में स्टेशन पुनर्विकास के दौरान तीन-चार वर्षों तक ट्रैफिक रोक दिया जाता है, परंतु भारत में भारी यातायात के चलते ऐसा संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि हमारे यहां मैसिव ट्रैफिक और मूवमेंट के बीच सेफ्टी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रीडेवलपमेंट का काम किया जा रहा है। यह नया अनुभव है और पहली बार इतने बड़े पैमाने पर ऐसा कार्य हो रहा है, इसलिए सभी सुझावों का स्वागत है। सांसदों से किसी भी सुधार के सुझाव पर हम तुरंत कार्रवाई करेंगे।

इस दौरान केरल के एनार्कुलम से कांग्रेस सांसद हैबी ईडन के प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि स्टेशनों से जुड़े सभी परिवहन मोड–बस, मेट्रो और अन्य को स्टेशन डिजाइन में एकीकृत करना अमृत भारत स्टेशन योजना का मुख्य सिद्धांत है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि नई दिल्ली स्टेशन के पुनर्विकास में डीटीसी बसें, मेट्रो और सड़क परिवहन सभी को एक-दूसरे से समन्वित रूप में जोड़ा जा रहा है।

मंत्री ने आश्वासन दिया कि एनार्कुलम स्टेशन के मास्टर प्लान में उठाए गए बिंदु की वह स्वयं समीक्षा करेंगे और संबंधित सांसद को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

## मानव अधिकार मिशन ने 77वां वर्षगांठ मनाया



**तमाड़।** मानव अधिकार मिशन का 77वां वर्षगांठ बुधवार को रांगामाटी में उत्साहपूर्वक मनाया गया। साथ ही कार्यालय का उदघाटन किया गया। एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पीके लाला, प्रदेश उपाध्यक्ष सोहिनी बनर्जी, संगठन सचिव डॉ. पम्पा सेन, रीता लाला, सपना मुखर्जी, बुंडू महिला थाना प्रभारी खुशबू कुमारी सहित कई अतिथि शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत तिलक व जल छिड़क कर परंपरागत तरीके से किया गया। सभी अतिथियों ने जनहित, सामाजिक जागरूकता और अधिकारों पर अपनी बात रखी। मंच संचालन रांची जिला उपाध्यक्ष नन्दा नायक, प्रखंड अध्यक्ष अनिमा मल्लिक ने किया।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति को मिला द्वितीय स्थान 20 हजार रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित

बिभा संवाददाता

**हजारीबागः** हजारीबाग के प्रतिष्ठित बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने इस वर्ष एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। शहर के सबसे चर्चित पंडालों में शुमार यह महासमिति वर्ष 2025 में सनराइज मसाला द्वारा आयोजित विशेष प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान की विजेता बनी। प्रतियोगिता में पूजा पंडाल की आकर्षक रूपरेखा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति और डांडिया आयोजन को मानकों के आधार पर परखा गया था, जिनमें महासमिति ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेता घोषित होने पर समिति को 20,000 रु की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। अध्यक्ष प्रमोद यादव ने इस सम्मान को माता रानी का विशेष आशीर्वाद बताते हुए कहा कि पूजा-अर्चना की समाप्ति के बाद भी माता रानी का यह कृपा-प्रसाद महासमिति को निरंतर प्रेरित करता है। उन्होंने सनराइज मसाला, उसके डिस्ट्रीब्यूटर अरुण पाटनी, अश्विन जैन पाटनी और डांडिया संयोजक एवं महासचिव प्रमोद खंडेलवाल के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनकी उत्कृष्ट कार्यशैली के कारण यह उपलब्धि संभव हुई। सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि यह सम्मान वर्ष 2026 की पूजा तैयारियों के लिए समिति को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान करता है। उन्होंने पूरी सनराइज मसाला टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि महासमिति आने वाले वर्षों में भी इसी तरह उत्कृष्टता को बरकरार रखेगी। इस उपलब्धि से बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि वह शहर के सर्वश्रेष्ठ पंडालों में अपनी परंपरागत पहचान और गुणवत्ता को निरंतर मजबूत बनाए हुए है।

## संक्षिप्त खबरें

### खोरधा रोड मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**धनबादः** पूर्वी तटीय रेलवे में खोरधा रोड मंडल के राज आठगड़ स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के मद्देनजर निम्नलिखित ट्रेनों के परिचालन का मार्ग परिवर्तन किया जाएगा जिनका विवरण इस प्रकार है- 02831 धनबाद- भुवनेश्वर स्पेशल कोटशिला- मूरी- चाण्डिल- सीनी- राजखरसावां- जरोली- नयागढ़- जखपुरा- कटक- भुवनेश्वर 12.12.25 से 19.12.25 तक। 02832 भुवनेश्वर -धनबाद स्पेशल भुवनेश्वर- कटक- जखपुरा- नयागढ़- जरोली- राजखरसावां- सीनी- चाण्डिल- मूरी- कोटशिला 11.12.25 से 19.12.25 तक। 22805 भुवनेश्वर- आनंद विहार टर्मिनल भुवनेश्वर- बारंग- नराज माथार्पुर- कपिलास रोड़- जाजपुर केन्दुझर रोड़- भद्रक- हिजली- मिदनापुर- आद्रा- भोजूडीह- खानूडीह- गोमो 13 दिसंबर। 22806 आनंद विहार टर्मिनल- भुवनेश्वर गोमो- खानूडीह- भोजूडीह- आद्रा- मिदनापुर- हिजली- भद्रक- जाजपुर केन्दुझर रोड़- कपिलास रोड़- नराज माथार्पुर- बारंग- भुवनेश्वर 15फरवरी।

### स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मार्गदर्शन और परामर्श में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग विषय पर व्याख्यान माला का तीसरा दिन



**हजारीबागः** स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन हजारीबाग में तीसरे दिन की व्याख्यान माला का शुभारंभ मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ. तनवीर यूनुस प्रमुख शिक्षा विभाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, प्राचार्या डॉ. सारिका कुमारी एवं सभी सहायक प्राध्यापकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।आज के मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ. तनवीर यूनुस ने अकके संदर्भ में मार्गदर्शन- व्यक्ति/विद्यार्थी को सही दिशा दिखाना, निर्णय लेने में सहायता, समस्या की पहचान में मदद, क्षमताओं के विकास में मदद, भविष्य की योजना बनाने में मदद करना, परामर्श के संदर्भ में- सहानुभूति और विश्वास का वातावरण देना, भावनात्मक सहयोग प्रदान करना, व्यक्ति को आत्मसमझ अनुभव होना चाहिए, समस्या समाधान में मार्गदर्शन करना,समस्या समाधान में मार्गदर्शन करना, मानसिक सन्तुलन और व्यक्ति विकास में सहायक एवं शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रमुख उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. सारिका कुमारी ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसी शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों को वैश्विक शिक्षा प्रवृत्तियों से जोड़ती हैं।

### सीडलिंग्स प्ले स्कूल में निःशुल्क बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**हजारीबाग** : शहर में बुधवार को एचजेडबी आरोग्यम कुणाल वीमेन एंड चिल्ड्रन हॉस्पिटल एवं सीडलिंग्स प्ले स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल परिसर में निःशुल्क बाल स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर का अत्यंत सफल और सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी के साथ-साथ अभिभावकों को वैज्ञानिक एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करना रहा, ताकि बचपन से ही स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत आधार मिल सके। शहर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार, डॉ. प्रकाश चंद्रा और डॉ. सुरभि कुमारी अपनी पूर्ण टीम के साथ उपस्थित रहे और सभी बच्चों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टरों ने प्रत्येक बच्चे की विस्तृत हेल्थ प्रोफाइल तैयार की, सामान्य जांच के साथ विकास संबंधी महत्वपूर्ण पैरामीटरों की भी समीक्षा की तथा किसी भी संभावित समस्या को लेकर समय रहते आवश्यक परामर्श दिया। चिकित्सकों ने अभिभावकों से अवसर का लाभ उठाते हुए बच्चों में पोषण की कमी, नियमित टीकाकरण, मौसम बदलने पर होने वाली सामान्य बीमारियाँ, मानसिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के तरीके और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण केवल उपचार ही नहीं बल्कि भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। शिविर के दौरान अभिभावक बेहद सहज और संतुष्ट दिखे। उनका कहना था कि स्कूल परिसर में ही अपनी सुविधा के अनुसार बच्चों की जांच कराना आसान हुआ और डॉक्टरों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिलीं। कई अभिभावकों ने यह भी कहा कि ऐसी पहलें बच्चों के प्रति संस्थानों की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दशार्ती हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल पल्लवी कृष्णा ने शिविर की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सीडलिंग्स प्ले स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है और बाल स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना इसी दिशा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगीः उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**लातेहार/मनिकाः** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा मनिका प्रखंड अंतर्गत संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का भौतिक निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता तथा पारदर्शिता का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों, पंचायत भवनों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किए।

इस दौरान कस्तूरबा विद्यालय, मनिका, आर के +2 विद्यालय, मनिका, तथा राजकीयकृत +2 विद्यालय मनिका का निरीक्षण के क्रम में छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय का भ्रमण करते हुए परिसर में स्वच्छता, आवास, भोजन, विद्युत, जल आदि का जायजा लिया। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए स्कूल प्रबंधन से विद्यालय परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई, स्वच्छ शौचालय व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को मिले, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होने बच्चों को उपलब्ध करवाए जाने वाला मिड-डे मील की गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब एवं आईसीटी लैब का निरीक्षण करते हुए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों को शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

इसके अलावे उपायुक्त के द्वारा मनिका प्रखंड अंतर्गत भ्रमण कर आम बागवानी, अबुआ आवास योजना व अन्य संचालित योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी को लंबित योजनाओं में प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त द्वारा मानिक लैंप्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संस्थान में संचालित गतिविधियों, कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात पंचायत सचिवालय, बड़काडीह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय व्यवस्था, अभिलेख संधारण, आमजनों को दी जा रही सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पंचायत सचिवालय में साफ-सफाई, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## 14 को सुदेश महतो हजारीबाग में, कई लोगों को दिलाएंगे पार्टी की सदस्यता

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग** : झारखंड में आजसू पार्टी की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। जनहित के मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाने के साथ-साथ संगठनात्मक विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में 14 दिसंबर को नगर भवन, हजारीबाग में आजसू पार्टी द्वारा सदस्यता सह मिलन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक और युवा कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हजारीबाग परिसदन भवन में आजसू पार्टी की जिला समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता उपस्थित रहे। उन्होंने आगामी समारोह को ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हजारीबाग में संगठन के प्रति बढ़ती रुचि और विश्वास यह साबित करता है कि आजसू पार्टी झारखंड की नई राजनीतिक दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा रही है। संजय मेहता लगातार आयोजन की सफलता को लेकर बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। संजय मेहता ने बताया कि समारोह में आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो स्वयं उपस्थित रहेंगे और अपने हाथों से नवझसदस्यों को पार्टी की सदस्यता प्रदान करेंगे। जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, केंद्रीय सदस्य विजय वर्मा, सुहानी एक्का, प्रदीप मेहता, सिदार्थ शंकर राय, जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष तैयारी में लगे हैं।

## बाबा आम्रेश्वर माइनिंग प्रा लि के क्रेशर प्लांट में अपराधियों ने गोली चलाकर फैलाया दहशत

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जिले के तोरपा थाना क्षेत्र अन्तर्गत डोड़मा के निकट पत्थर चट्टान में संचालित क्रेशर प्लांट में गोली चलाया गया । डोड़मा में संचालित बाबा आम्रेश्वर माइनिंग प्रा. लि. मैं मंगलवार की देर रात 10 .45 बजे के करीब तीन गोली चलने की बात बतायी जा रही है ।जिसमें पुलिस ने दो खोखा बरामद किया है। घटना डोड़मा और तिरलपीढ़ी के बीच स्थित देवी गुड़ी के समीप क्रेशर प्लांट में बाइक सवार हथियार से लैस अपराधियों ने तीन से चार राउंड फायरिंग किया है। फायरिंग की घटना की जानकारी पर स्थानीय पुलिस प्रशासन घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। घटना की जानकारी लेने के लिए पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया और वस्तु स्थिति की जानकारी ली। आशंका जताया जा रहा है कि लेवी वसूली के उद्देश्य से फायरिंग कर दहशत का माहौल बनाने को लेकर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया होगा। पुलिस घटना की हर बिंदुओं पर गहनता से जांच में जुट गई है। पुलिस क्षेत्र में अपनी चौकसी बढ़ा दिया है। वहीं एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि क्रेशर प्लांट में विगत रात गोली चलाई गयी है जिसपर दो खोखा बरामद किया गया है। हालांकि कोई पर्चा बरामद नहीं हुआ है लेकिन दहशत फैलाने के लिए और लेवी वसूली करने के ख्याल से गोलीबारी किया गया होगा । जिसपर अनुसंधान किया जा रह है । जल्द ही खुलासा किया जाएगा। इस दौरान तोरपा के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रोम आदि पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पीड़िता को मिला न्याय हिंदू रीति रिवाज के अनुसार कराया गया शादी

बिभा संवाददाता

**लातेहार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे की अदालत ने काराधीन अभियुक्त आतिश उरांव की ओर से दायर जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान पीड़िता सविता कुमारी के साथ विवाह की इच्छा पर विवाह संपन्न कराने का आदेश पारित किया. न्यायालय के आदेश पर आतिश उरांव को कड़ी सुरक्षा के साथ प्राचीन देवी मंडप अंबा कोठी स्थित विवाह मंडप में उपस्थित कराया गया. पीड़िता, आवेदक एवं उनके माता-पिता एवं सगे संबंधियों की उपस्थिति में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक दोनों की शादी पंडित दिलीप शुक्ला के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया.अभियुक्त के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि काराधीन अभियुक्त के ऊपर शादी नहीं करने का मामला चंदवा थाना कांड संख्या 220/ 2025 बीएनएस की धारा 64 2एम के तहत दर्ज कराया गया था और वह पिछले 8 अक्टूबर 2025 से मॉडल कारा में बंद था. श्री कुमार ने बताया कि आतिश उरांव की ओर से दाखिल जमानत की याचिका पर विचार करते हुए श्री दुबे की अदालत ने पीड़िता को नोटिस जारी किया था. पीड़िता के अधिवक्ता राजा कुमार ने उसे अदालत में पेश करते हुए विवाह की सहमति प्रकट की तत्पश्चात पीड़िता एवं आवेदक के बालिग होने संबंधी प्रमाण पत्र अदालत में उनके माता-पिता के द्वारा पेश किया गया.सभी औपचारिकताओं को पूरी करने के उपरांत श्री दुबे की अदालत ने दोनों को विवाह के योग्य पाते हुए उनकी सहमति पर उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए विवाह स्थल पर भेजने का आदेश पारित किया. विवाह के उपरांत नवदंपति एवं उनके परिजन काफी खुश थे. पीड़िता ने बताया कि विवाह से मुकर जाने के कारण उसने मुकदमा दायर कराया था. विवाह संपन्न होने के उपरांत जमानत याचिका पर सुनवाई समाचार लिखे जाने तक लंबित है।

## जलाडीह टोला में मूलभूत सुविधा नही होने से ग्रामीणों का जीवन कष्टमय

बिभा संवाददाता





**खूँटी** । जिले की अड़की प्रखंड अंतर्गत बाड़ीनिजकेल पंचायत के कई गाँव के लोग आज भी ढिबरी युग में जीवन यापन कर रहे हैं। जिसमें से एक तुबिद के जलाडीहटोला गांव के लोगों का जीवन पगडंडी सड़क से होकर गुजरता है। जलाडीह टोला में न तो सड़क है और न ही बिजली और न ही पीने का शुद्ध पानी। जलाडीह टोला में लगभग 22 घर है। रात को जहाँ के लोग रौशनी न होने के कारण शाम होते ही सो जाते हैं। सुबह होते ही महिलाएँ पानी की व्यवस्था के लिए खेत में पहुँचती हैं और खेत के बीच बनाए गए डाड़ी से पानी? लाकर खाना पकाती है। वहीं ग्रामीण जीवन को सुलभ बनाने के लिए यहाँ न तो नल जल योजना का काम हुआ है और न ही सड़क गांव तक पहुंची है न ही बिजली व्यवस्था प्रदान किया गया है। इससे ग्रामीणों का विकास और सुविधा से लोग वंचित हैं। ग्रामीण महिला सुमित्रा देवी ने बताई की गाँव में सड़क बिजली और पानी की घोर असुविधा है। सड़क नहीं रहने के कारण पगडंडी में चलते हैं और रोशनी की सुविधा नहीं होने के कारण रात को जल्द ही सो जाते हैं। पीने के लिए जमीदार नहीं बनाया गया है जिसके कारण से खेत के बीच बने डाड़ी का पानी पीने को मजबूर हैं। अगर यह सुविधा मिल जाता तो बहुत अच्छा होता जबकि भगवान बिरसा मुण्डा का जन्मभूमि उलिहातु से यह गाँव काफी नजदीक है। बड़े-बड़े लोग उलिहातु गाँव तो आते हैं पर हमारे गाँव का विकास के लिए सुविधा नहीं देते हैं। अगर बिजली पानी और सड़क की सुविधा मिल जय तो बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलता। पंसुरी देवी ने बताई कि गांव में सड़क नहीं है जिस कारण से पैदल ही आवागमन करते हैं। यहाँ किसी तरह मोटरसाइकिल तो आ जाता है पर वाहन नहीं आ पाती है। पीने के लिए पानी का व्यवस्था डाड़ी से करते हैं, जो खेत में बनाए हैं।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन 12 को

बिभा संवाददाता

**लातेहारः** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत जिला नियोजन -सह- जिला कौशल कार्यालय, लातेहार के द्वारा रोजगार आपके द्वार के तहत 12.12.2025 को एक दिवसीय जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला - 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार मेला में झारखण्ड राज्य के एवं राज्य के बाहर के निजी कम्पनी/प्रतिष्ठान/स्थानीय स्तर के कम्पनियों को मिला कर कुल 27 कम्पनियाँ इस मेले में भाग ले रही है। जिनके द्वारा हेल्थ, इन्सुरेन्स, कन्सट्रक्सन, माईनिंग, सर्विस सेक्टर इत्यादियों में विभ्न्नि पदों हेतु रिक्तियों के साथ कम्पनियाँ उपस्थित होंगी। इन कम्पनियों के द्वारा वेतन रू0 8000 से लेकर रू0 29000 तक के वेतन मान वाले पदों के साथ कुल 4196 पदों पर जॉब आफर किया जायेगी। इस रोजगार मेला में एसीसेंट मैनेजर/ब्रांच मौनोजना/माकेटिंग एक्सक्युटिव/डिस्टिक कॉर्रिनेटर/एकाउंटेंट/मैकनिक इंजिनियरिंग/मांईस मौनेजर/नर्स/सिक्युरिटी गार्ड/इलेक्ट्रिसियन इत्यादि पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

इस रोजगार मेला में मुख्यमंत्री सारथी योजना अन्तर्गत संचालित आवासीय एवं गैर आवासीय कौशल प्रशिक्षण हेतु युवक/युवतियों का मोबलाईजेसन भी किया जायेगा, जो कौशल प्रशिक्षण पाकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :- 1.झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड। 2. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति। 3. दो कॉपी फोटो 4. आधार कार्ड की छाया प्रति 5. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र 6. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति 7. बायोडाटा की दो कॉपी। जिला नियोजन-सह- जिला कौशल पदाधिकारी श्री संतोष कुमार के द्वारा में बताया गया कि इस रोजगार मेले की सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गयी है एवं उनके द्वारा तमाम युवक/युवतियों से अपील की गयी है कि इस रोजगार मेला में सभी तरह के योग्यता वाले युवक/युवतियों को लिए रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान की जा रही है जिसमें युवक/युवतियाँ रोजगार पाकर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि. (एसएच प्रिंटर प्रा.लि.), काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक : कविता साहू**(*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)। **प्रबंध संपादक : बीरेन्द्र महली** ।
Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com